सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

रविवार, 16 मार्च, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 72, पेज 16, 3.50 रुपये www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## इंडसइंड बैंक के पास है पर्याप्त पूंजी

भारतीय रिजर्व बैंक ने ग्राहकों को आश्वस्त किया है कि इंडसइंड बैंक के पास पर्याप्त पूंजी है। } 14

## पीएम मोदी ने असम में बहाल की शांति : शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने असम में शांति कायम नही होने दी लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे बहाल किया, बुनियादी ढांचे का विकास किया और पूर्वोत्तर राज्य के युवाओं के लिए रोजगार सुनिश्चित किया। } 16

### संक्षेप

#### अमरीकी हमलों में मारा गया इस्लामिक स्टेट का प्रमुख

बगदाद। इराक के प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी ने शुक्रवार को बताया कि इस्लामिक स्टेट के प्रमुख अब्दल्लाह माकी मोसलेह अल-रिफाई को इराक में एक अभियान के दौरान ढेर कर दिया गया। उसे अबु खदीजा के नाम से भी जाना जाता था। यह अभियान इराकी राष्ट्रीय खुफिया सेवा और अमेरिकी बलों ने संचालित किया। इराक के प्रधानमंत्री अल-सुदानी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक बयान में कहा इराक के लोग आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अपनी प्रभावशाली जीत जारी रखे हुए हैं। बयान में कहा गया कि अबु खदीजा आतंकवादी संगठन का डिप्टी खलीफा था।

#### सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत

अयोध्या। अयोध्या जिले के हैदरगंज थाना क्षेत्र में पारारामपुर गांव के पास शुक्रवार शाम एक सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार चारों लोग होली खेलकर दो मोटरसाइकिलों पर लौट रहे थे तभी उनकी टक्कर एक तेज रफ्तार एसयूवी कार से हो गई। बीकापुर पुलिस क्षेत्राधिकारी ने बताया कि कार चालक ने मोटरसाइकिल सवारों को टक्कर मारने के बाद भागने की कोशिश की और इस दौरान कार मोटरसाइकिल सवारों को करीब सौ मीटर तक घसीटे हुए ले गई, जिससे सड़क पर घर्षण के कारण दोनों मोटरसाइकिलों में आग लग गई।

#### नदी में डूबी नाव, तीन की मौत, 12 लापता

सीतापुर। सीतापुर जिले के थाना तंबौर अंतर्गत रतनगंज गांव में एक युवक के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए लोगों से भरी नाव के शनिवार को शारदा नदी में पलटकर डूब जाने से तीन लोगों की मौत हो गयी जबकि 12 अन्य अभी लापता है। नाव में महिलाओं और बच्चों समेत 15 लोग सवार थे। नाव के पलटकर डूबने से हुई दुर्घटना में मारे गये तीन लोगों के शव बरामद कर लिए गये हैं जबकि 12 अभी लापता है। प्रशासन गोताखोरों की मदद से उनकी तलाश में जुटा है। पाल और राय को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

(विस्तृत खबर भीतर)

**रमजान मुबारक**



| शिया | | सुन्नी | |
|---|---|---|---|
| अफ्तार | सेहरी | अफ्तार | सेहरी |
| 6:27 | 4:48 | 6:17 | 4:58 |



**आज का मौसम**

अधिकतम : 31.06 डिसे.
न्यूनतम : 16.04 डिसे.

**भीतर पढ़ें**


- आज भाजपा जिलाध्यक्ष की सूची जारी होगी (पृष्ठ-02)
- कानून व्यवस्था पर सरकार का नियंत्रण नहीं (पृष्ठ-02)
- तमिलनाडु में दो इलेक्ट्रॉनिक्स क्लस्टर होंगे स्थापित (पृष्ठ-14)
- भारत, चीन के व्यापर में आयी मजबूत वृद्धि (पृष्ठ-14)
- भारत का विदेशी मुद्रा भंडार दो साल में सर्वाधिक (पृष्ठ-14)


## अमृतसर : मंदिर के बाहर विस्फोट विपक्ष दलों ने सरकार को घेरा

एजेंसी

अमृतसर। अमृतसर में एक मंदिर के बाहर हुए विस्फोट से इसकी दीवारें क्षतिग्रस्त हो गईं और खिड़कियों के शीशे टूट गए। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति ने मंदिर की ओर विस्फोटक उपकरण फेंका। पंजाब पुलिस ने कहा कि उसे ठाकुरद्वार मंदिर पर हमले में पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) की भूमिका पर संदेह है और उसने दोषियों को शीघ्र पकड़ने का संकल्प लिया। हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन इससे अमृतसर के खंडवाला क्षेत्र के निवासियों में दहशत फैल गई है। पिछले चार महीनों में अमृतसर और गुरदासपुर में पुलिस चौकियों को निशाना बनाकर विस्फोट की कई घटनाएं हुई हैं, लेकिन मंदिर पर इस तरह का यह पहला हमला है। विपक्षी दलों ने आरोप लगाया कि यह घटना आप सरकार के तहत 'बिगड़ती कानून व्यवस्था की स्थिति को दर्शाती है। विपक्षी दलों ने आरोप लगाया कि यह आप सरकार के तहत कानून और व्यवस्था के पतन का सबूत है। भाजपा ने घटना की सीबीआई जांच की मांग की, जबकि कांग्रेस नेता प्रताप बाजवा ने गृह विभाग संभाल रहे मुख्यमंत्री मान के इस्तीफे की मांग की। अमृतसर के पुलिस आयुक्त गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि शनिवार देर रात करीब दो ...शेष पृष्ठ 14 पर

## 41 देशों के लिए वीजा बैन करने पर विचार कर रहे हैं ट्रंप

एजेंसी

वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प 41 देशों के नागरिकों के लिए वर वीजा बैन करने पर विचार कर रहे हैं। ये जानकारी न्यूज एजेंसी रॉयटर्स ने दी है। इस लिस्ट में भारत के पड़ोसी भूटान, पाकिस्तान, अफगानिस्तान और म्यांमार का भी नाम शामिल है। एक अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि यह फाइनल लिस्ट नहीं है, क्योंकि अभी इसे अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियों की तरफ से ग्रीन सिग्नल मिलना बाकी है।

जिन 41 देशों पर वीजा बैन के बारे में विचार किया जा रहा है, उन सभी पर एक तरह का बैन नहीं लगाए जाएगा। इस बैन को तीन कैटेगरी में बंटा गया है। रेड लिस्टः पूरी तरह वीजा बैन, ऑरेंज लिस्टः आंशिक वीजा बैन, यलो लिस्टः अमेरिका की तरफ से बताए गए मुद्दों पर कार्रवाई नहीं करने पर आंशिक वीजा बैन। रेड लिस्ट में शामिल देशों के नागरिकों की अमेरिका में एंट्री पूरी तरह बंद कर दी जाएगी। ऑरेंज लिस्ट में शामिल देशों के नागरिकों के लिए वीजा प्रोसेस को आंशिक तौर पर बैन जाएगा। इन देशों को लोगों को अमेरिका वीजा पाने के लिए पर्सनल इंटरव्यू देना होगा। यलो लिस्ट में शामिल देशों को अमेरिका की तरफ से बताए गए मुद्दों को ठीक करने के लिए 60 दिन का समय दिया जाएगा। अगर ये देश उन मुद्दों को ठीक करने में नाकाम रहते हैं तो इन्हें ऑरेंज या फिर





अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प

रेड लिस्ट में ट्रांसफर कर दिया जाएगा। राष्ट्रपति बनने के बाद से ट्रम्प लगातार अप्रवासियों को अमेरिका से बाहर निकालने के लिए आक्रमक रुख दिखा रहे हैं। ट्रम्प ने 20 जनवरी को अपने शपथ ग्रहण के दिन एक एग्जीक्यूटिव ऑर्डर जारी किया था। इस ऑर्डर के तहत सभी कैबिनेट सदस्यों को 21 मार्च तक उन देशों की लिस्ट देने का आदेश दिया है, जहां से आने वाले लोगों के लिए वीजा आंशिक या पूरी तरह बैन करना चाहिए।

ट्रम्प का कहना था उनका इरादा अमेरिकी नागरिकों को ऐसे अवैध अप्रवासियों से बचाना है जो आतंकवादी हमले करने, हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा पैदा करने, नफरत भरी विचारधारा का समर्थन करने के लिए इमिग्रेशन कानूनों के दुरुपयोग करने का इरादा रखते हैं। ट्रम्प ने पहले कार्यकाल में 7 मुस्लिम देशों पर बैन लगाया था डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान भी सात इस्लामिक देशों सीरिया, सूडान, सोमालिया, ईरान, इराक, लीबिया और यमन पर बैन लगाया था, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने बरकरार रखा था। हालांकि इससे कई मुस्लिम देश नाराज हुए थे। मानवाधिकार संगठनों ने इसे बर्बर फैसला बताया था। बाद में जो बाइडेन ने राष्ट्रपति बनने के बाद इस आदेश को रद्द कर दिया था। बाइडेन ने इसे राष्ट्र की राजनीतिक अंतरात्मा पर कलंक बताया था। ट्रम्प ने अपने शपथ ग्रहण वाले दिन पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन के 78 से ज्यादा फैसलों को पलट दिया था।

# शत प्रतिशत लागू करें राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधान

### सीएम योगी ने महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की संस्थाओं की वार्षिक समीक्षा व आगामी शैक्षणिक सत्र की कार्ययोजना को लेकर की बैठक

विशेष संवाददाता

लखनऊ/गोरखपुर। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की शैक्षिक संस्थाओं का एक ध्येय होना चाहिए वे राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों को शत प्रतिशत लागू कर प्रदेश और देश में खुद को रोल मॉडल के रूप में स्थापित करें। एमपी शिक्षा परिषद की संस्थाओं ने हमेशा अपने-अपने कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए समाज और राष्ट्र के हित में अपनी उपयोगिता प्रमाणित की है। इस उत्कृष्टता को आगे बढ़ाते हुए, आपस में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा करते हुए सभी संस्थाएं परिसर संस्कृति को समृद्ध करने तथा निरंतर नवाचार पर ध्यान देने की तरफ अग्रसर हों। मुख्यमंत्री ने सभी संस्थाओं का आह्वान किया कि वे समयानुकूल तकनीकी अपनाते हुए सफलता के पथ पर आगे बढ़ें।

सीएम योगी शनिवार को गोरखनाथ मंदिर के बैठक कक्ष में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की सभी संस्थाओं की वार्षिक समीक्षा और आगामी शैक्षणिक सत्र की भावी कार्ययोजना को लेकर बुलाई गई बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस शिक्षा परिषद की संस्थाओं ने सामाजिक सहभाग को भी अपने ध्येय का हिस्सा बनाया है और भविष्य में इसका दायरा और विस्तृत करने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की संस्थाओं ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को अंगीकार करने में अग्रणी भूमिका निभाई है। अब जरूरत है कि हमारी संस्थाएं राष्ट्रीय



शिक्षा नीति के प्रावधानों को शत प्रतिशत अपनाकर अन्य संस्थाओं के लिए रोल मॉडल बनें। इस अवसर पर उन्होंने एक-एक कर सभी संस्थाओं के प्रमुखों से उनकी सालभर की गतिविधियों व उपलब्धियों की जानकारी ली तथा आगामी सत्र की कार्ययोजना को लेकर उनके लक्ष्यों पर अपने सुझाव दिए। बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की संस्थाओं की गतिविधियों की सराहना की और भावी लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद सिर्फ स्कूल, कॉलेज खोलने वाली संस्था नहीं है। बल्कि इसका ध्येय शिक्षा, स्वास्थ्य व अन्य सेवाओं के माध्यम से समाज तथा राष्ट्र के सामाजिक विकास में योगदान देना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की संस्थाओं ...शेष पृष्ठ 14 पर

## जमीन कब्जाने वालों को सिखायें सबक : मुख्यमंत्री

जिला संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया है कि गरीबों की जमीन पर यदि किसी ने कब्जा किया है तो तत्काल जमीन को कब्जा मुक्त कराने के साथ दबंगों को सबक सिखाया जाए। किसी जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कानून सम्मत कड़ा एक्शन लिया जाए। सरकार किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने देने और हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली लाने को संकल्पित है। गोरखपुर में होलिकोत्सव मनाने के बाद सीएम योगी शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे।

मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के बाहर कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक वह खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान करीब 200 लोगों से मुलाकात कर उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि उनके रहते किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और ...शेष पृष्ठ 14 पर

## अभिनेत्री रान्या राव ने डीआरआई पर लगाया मारपीट का आरोप

बेंगलुरु। सोना तस्करी मामले में मुख्य आरोपी कन्नड़ अभिनेत्री हर्षवर्धिनी रान्या ने आरोप लगाया कि राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) के अधिकारियों ने उससे मारपीट की और उसे खाली व पहले से लिखे कुछ कागजों पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर किया।

रान्या ने बेंगलुरु में डीआरआई के अतिरिक्त महानिदेशक को संबोधित छह मार्च को लिखे एक पत्र में दावा किया कि उन पर झूठा मामला थोपा गया है। उन्होंने पत्र में कहा कि दुबई से लौटने पर उनके खिलाफ 14 किलोग्राम से अधिक सोना ले जाने का गलत आरोप लगाया गया था। रान्या राव नाम से मशहूर हर्षवर्धिनी रान्या ने आरोप लगाया, आपके अधिकारियों ने मुझे यह बताने की अनुमति नहीं दी कि मैं इस मामले में निर्दोष हूं। अभिनेत्री ने दावा किया कि हिरासत में लिए जाने से लेकर अदालत में पेश किए जाने तक उसे 10 से 15 बार थप्पड़ मारे गए। उन्होंने आरोप लगाया बार-बार मारपीट और थप्पड़ मारे जाने के बावजूद मैंने उनके (डीआरआई अधिकारियों) द्वारा तैयार किए ...शेष पृष्ठ 14 पर

## आईएसआई के लिए जासूसी करने वाला गिरफ्तार

### एटीएस ने फिरोजाबाद ऑर्डनेंस फैक्ट्री के चार्जमैन को दबोचा

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश एटीएस ने ऑर्डनेंस फैक्ट्री में कार्यरत एक चार्जमैन रविंद्र कुमार को एटीएस लखनऊ मुख्यालय से गिरफ्तार किया है। इसकी गिरफ्तारी उस समय की गई जब यह पूछ ताछ के लिए बुलाया गया था, संतोष जनक जबाब न देने पर इसे पकड़ा गया। एटीएस के मुताबिक पकड़ा गया रविंद्र कुमार पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी कर रहा था। जांच में सामने आया कि रविंद्र हनी ट्रैप में फंसकर संवेदनशील और गोपनीय जानकारियां लीक कर रहा था। उसकी गिरफ्तारी के बाद एटीएस को उसके मोबाइल से कई अहम दस्तावेज मिले हैं। जिनमें ऑर्डिनेंस फैक्ट्री की डेली



प्रोडक्शन रिपोर्ट और ड्रोन तथा गगनयान प्रोजेक्ट से जुड़ी जानकारियां शामिल है। स्क्रीनिंग कमेटी का कॉन्फिडेंशियल लेटर और पेंडिंग रिक्विजिशन लिस्ट मिली हैं।

एटीएस सूत्रों की माने तो रविंद्र कुमार फिरोजाबाद स्थित हजरतपुर ऑर्डनेंस फैक्ट्री में चार्जमैन के पद पर कार्यरत था। वह फेसबुक के जरिए एक महिला से जुड़ा। जिसने खुद को नेहा शर्मा के नाम से पेश किया। बाद में उसने रविंद्र को बताया कि वह पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए काम करती है। पैसों के लालच में आकर रविंद्र ने उसे ऑर्डनेंस फैक्ट्री के संवेदनशील दस्तावेज भेजने शुरू कर दिए। बातचीत के दौरान रविंद्र ने महिला का नंबर चंदन स्टोर कीपर-2 के नाम से सेव कर रखा था ताकि किसी को शक न हो। जांच के दौरान एटीएस को रविंद्र के मोबाइल की गैलरी में ऑर्डनेंस फैक्ट्री के सीनियर अधिकारियों और 51 गोरखा राइफल्स के अफसरों से जुड़ी लॉजिस्टिक ड्रोन ट्रायल की जानकारी भी मिली। इसके अलावा व्हाट्सएप चैट्स से खुलासा हुआ कि वह लगातार ...शेष पृष्ठ 14 पर

## बिहार से बब्बर खालसा के तीन आतंकी गिरफ्तार

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस को एक बड़ी सफलता हासिल हुई है। पुलिस ने शनिवार को प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) से जुड़े नार्को-टेरर मॉड्यूल का भंडाफोड़ करने का दावा किया है। इसके साथ ही, बिहार से इसके तीन प्रमुख सदस्यों को गिरफ्तार किया है। ये बदमाश बिहार से नेपाल भागने की कोशिश कर रहे थे। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने कहा कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान करणदीप यादव (21), मुकेश कुमार (29) और साजन सिंह (24) के रूप में हुई है। ये सभी अमृतसर के खंडवाला छेहरटा के निवासी हैं। पंजाब डीजीपी ने कहा कि उनके पास से तीन मोबाइल फोन और नेपाली करेंसी नोट जब्त किए गए हैं। यह घटनाक्रम ...शेष पृष्ठ 14 पर

## धामी ने मां पूर्णागिरि मेले का किया शुभारंभ

### मेले को वर्ष भर चलाने के लिए संकल्पित है राज्य सरकार : सीएम

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने टनकपुर (चम्पावत) में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए उत्तर भारत के प्रसिद्ध मां पूर्णागिरि मेला-2025 का शुभारंभ किया। उन्होंने मां पूर्णागिरी को नमन करते हुए प्रदेश में समृद्धि, तरक्की और शांति की कामना की।

मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड की भूमि को देवी-देवताओं का भूमि बताते हुए कहा कि प्रदेश के कण-कण में दिव्यता समायी हुई है। उन्होंने कहा मां पूर्णागिरि धाम, उत्तराखंड का प्रमुख आध्यात्मिक स्थल है। उन्होंने कहा वो हमेशा अन्य लोगों को भी धार्मिक यात्रा, फिल्म शूटिंग के लिए मां पूर्णागिरि आने के लिए आग्रह करते



हैं। कुंभ और कांवड़ यात्रा के बाद सबसे अधिक श्रद्धालु मां पूर्णागिरि के धाम पर आते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मेले को वर्षभर संचालित करने के लिए संकल्पित है, जिसके लिए पूर्णागिरि धाम में स्थायी बुनियादी ढांचों का विकास किया जा रहा है। आगामी वर्षों में यह स्थान और भव्य एवं सुव्यवस्थित रूप लेगा, जिससे श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं से चम्पावत के अन्य धार्मिक स्थलों की यात्रा करने का आग्रह करते हुए कहा कि हमने भगवान के प्रति सच्ची श्रद्धा रखने के साथ यात्रा का आध्यात्मिक अनुभव भी लेना चाहिए। राज्य सरकार मां पूर्णागिरि धाम के विकास के लिए सतत प्रयासरत है और आने वाले समय में इसे एक विशाल आध्यात्मिक एवं पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करेगी। चम्पावत में 11 से बढ़ाकर 13 मल्टी-लेवल पार्किंग को स्वीकृति दी गयी है, जिससे यातायात प्रबंधन सुगम होगा। टनकपुर में 200 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से आईएसबीटी को विकसित किया ...शेष पृष्ठ 14 पर

**विशेष खबर** सिविल में 30 मरीज हुए भर्ती, दो आये थे मृत, बलरामपुर में पहुंचे 70 से अधिक घायल

# लखनऊ : होली के हुड़दंग में 160 घायल, पांच की मौत

विशेष संवाददाता

लखनऊ। होली के हुड़दंग ने 410 लोगों को अस्पताल पहुंचा दिया। यहां 160 से अधिक मरीजों को भर्ती किया गया और लगभग 5 लोगों की मौत हो गयी। आंखों में रंग जाने व सांस के मरीज गंभीर अवस्था में अस्पताल पहुंचे। सबसे अधिक मरीज केजीएमयू में पहुंचे। ये आंकड़े पिछले साल के मुकाबले थोड़ा कम है। बीते साल होली में करीब 480 लोग अस्पताल पहुंचे थे।

केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर में 135 घायल पहुंचे। इनमें 86 को इलाज के बाद घर भेज दिया गया। गंभीर रूप से घायल 49 लोगों को भर्ती किया गया है। पांच घायलों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। ट्रॉमा प्रभारी डॉ. प्रेमराज का कहना है कि रंग खेलने के दौरान बरती गई लापरवाही से 35 लोगों की आंखों में गंभीर चोटें आई हैं। सभी को नेत्र रोग विभाग में इलाज दिया गया। इनमें गुलाल व रंग



लगाने से 25 लोगों की आंखों में जख्म हुए हैं। 10 लोगों आंखों में मारपीट के दौरान चोटे आईं। वहीं लोहिया संस्थान में लोहिया संस्थान में 30 से ज्यादा घायलों को भर्ती किया गया। सिविल अस्पताल में होली के दिन हादसों में 100 से अधिक घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल के सीएमएस डॉ. राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि 30 मरीजों को भर्ती किया गया। 20 मरीजों को आंखों में चोट व रंग लगा। जबकि 70 मरीजों को प्राथमिक इलाज मुहैया कराने के बाद घर भेज दिया गया। तीन लोग आग से झुलस गए थे। दो जख्मी मृत अवस्था में अस्पताल लाए गए थे। बलरामपुर अस्पताल की इमरजेंसी में 70 से अधिक घायल पहुंचे। जिन्हें टांके या ऑपरेशन करने की जरूरत पड़ी। अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी ने बताया कि 31 मरीजों को भर्ती किया गया। हादसे में सात लोगों के हाथ पैर में फ्रैक्चर हो गए थे। बताया किभी भी जख्मी की मौत नहीं हुई है। होली के हुडदंग में आवारा कुत्ते भी खूब बौरा गए। कुत्तों ने लोगों को खूब नोंचा। होली के दिन आस पास इलाके से 38 लोगों को कुत्तों ने नोंच डाला। जो इंजेक्शन लगवाने बलरामपुर अस्पताल पहुंचे। डॉक्टर ने जांच पड़ताल के बाद ...शेष पृष्ठ 14 पर

## पीलीभीत : बोरे में मिले किशोर के शव के टुकड़े

जिला संवाददाता

पीलीभीत। उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले में खकरा नदी में तैरते मिले बोरे में 16 साल के एक किशोर का कई टुकड़ों में कटा हुआ शव बरामद किया गया। पुलिस ने इस मामले में मृतक के मोहल्ले के ही रहने वाले एक युवक समेत तीन लोगों को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया।

**पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार**

पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय ने बताया कि शुक्रवार को सूचना मिलने पर पुलिस ने खकरा नदी में एक बोरे से एक किशोर का कई टुकड़ों में कटा हुआ शव बरामद किया। उन्होंने बताया कि शव के कटे हुए हाथ-पैर बोरे से बाहर आ गए थे, जबकि सिर तथा शरीर के अन्य अंग बोरे में ही थे। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव के टुकड़ों को नदी से बाहर निकलवाया। पांडेय के मुताबिक, मृतक की शिनाख्त न्यूरिया थाना क्षेत्र के बिथरा गांव निवासी पूरन लाल उर्फ सागर के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि शव करीब चार दिन पुराना लग रहा है और परिजनों ने आरोप लगाया है कि उन्हीं के मोहल्ले में रहने वाले शुभम वाल्मीकि ने सागर की हत्या की है। पांडेय के अनुसार, पुलिस ने इस मामले में शिवम और उसके दो साथियों-बॉबी और प्रमोद को आज गिरफ्तार कर लिया। पांडेय ने बताया कि पूछताछ में ...शेष पृष्ठ 14 पर

# सभी का जीवन होली के रंगों की तरह उल्लासपूर्ण, ऊर्जा से भरपूर रहे : आनंदीबेन पटेल

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सभी को उत्साह, ऊर्जा और रंगों से भरपूर होली की बधाई देते हुए कहा कि फूलों की होली सबसे अच्छी होती है, सभी को फूलों एवं प्राकृतिक रंगों से ही होली खेलनी चाहिए। उन्होंने कामना की कि सभी का जीवन होली के रंगों की तरह उल्लासपूर्ण, ऊर्जा से भरपूर और सकारात्मकता से ओत-प्रोत रहे।

- **राज्यपाल से मिले उपमुख्यमंत्री, मंत्रीगण, कुलपतिगण सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति**

राज्यपाल से होली के पावन पर्व पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, महापौर लखनऊ सुषमा खर्कवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों, विश्वविद्यालय के कुलपतिगण एवं गणमान्य नागरिकों ने भेंट कर उन्हें होली पर्व की बधाई दी। राजभवन में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी राज्यपाल से मुलाकात कर उन्हें होली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह ऊर्जा और रंग केवल उत्सव तक सीमित न रहकर हमारे कार्यों में भी दिखाई देने चाहिए। उन्होंने होली के संदेश पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व बुरे विचारों को त्यागने और अच्छे विचारों को अपनाने का प्रतीक है। उन्होंने भक्त प्रह्लाद का उदाहरण करते हुए बताया कि अंततः अच्छे विचारों की ही जीत होती है। उन्होंने सभी को परोपकार और सद्भावना के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर राज्यपाल ने राजभवन परिवार के भीतर छिपी प्रतिभाओं को पहचानने और उन्हें प्रोत्साहित करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजभवन में आयोजित मूट कोर्ट प्रस्तुतीकरण कार्यक्रम में राजभवन के कर्मियों द्वारा उत्कृष्ट प्रस्तुतियां दी गई थीं, जो यह दर्शाता है कि राजभवन में अद्भुत प्रतिभाएं हैं। उन्होंने सभी से कहा कि वे अपने कार्यक्रमों को स्वयं योजनाबद्ध तरीके से संचालित करें और अपनी क्षमताओं को आगे बढ़ाएं। कार्यक्रम में राजभवन के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा होली के रंगों से सजे मधुर गीतों के साथ भगवान श्रीकृष्ण और श्रीराम के भक्ति गीतों की प्रस्तुति ने समारोह को भक्तिमय और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर कर दिया। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि राज्यपाल अपने पूरे राजभवन परिवार के साथ हर त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाती हैं, जिससे प्रदेशवासियों को एक सकारात्मक संदेश और प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम में लखनऊ की महापौर सुशमा खर्कवाल ने भी सभी को होली की शुभकामनाएं दीं और कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं है, बल्कि यह समाज में प्रेम, सौहार्द और एकता का संदेश देता है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे मिल-जुलकर इस पर्व को मनाएं और समाज में भाईचारे की भावना को प्रोत्साहित करें। अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ. सुधीर महादेव बोबडे ने कहा कि राज्यपाल के मार्गदर्शन में राजभवन परिवार को जो प्रेम और स्नेह मिलता है, वह अद्वितीय है। इस अवसर पर विशेष सचिव राज्यपाल श्रीप्रकाश गुप्ता, विशेष कार्याधिकारी राज्यपाल अशोक देसाई सहित सहित राजभवन के अधिकारी/कर्मचारी तथा अन्य महानुभाव उपस्थित रहे।

## भूल जाओ सारे गिले शिकवे और सब एक हो जाओ : केशव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने होली के बहाने शुक्रवार को व्रिपक्षी दलों पर फिर से हमला किया। अपने आवास पर आयोजित होली मिलन कार्यक्रम के दौरान केशव ने कहा कि होली और जुमे की नमाज को लेकर प्रदेश में कहीं किसी प्रकार का तनाव नहीं है।

तनाव और समस्या यदि है तो वह विपक्षी दलों के दिमाग में है। विशेषकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव के दिमाग में है। मैं उनसे कहना चाहता हूं कि समस्या को अपने दिमाग से निकालें और होली की गुझिया खाने की इच्छा हो तो मेरे यहां आएं उनका स्वागत है। केशव अपने आवास पर आयोजित होली मिलन कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज के त्यौहार का सबको इंतजार रहता है। होली के दिन गुल खिल जाते हैं रंगों में रंग मिल जाते हैं। जहां कोई विवाद नहीं होता, जहां कोई झगड़ा नहीं होता जहां कोई तनाव नहीं

- **होली के बहाने डिप्टी सीएम ने विपक्षी दलों पर फिर से बोला हमला**

होता ये तनाव राजनीति करने वाले उन तमाम लोगों के दिमाग में भरा होता है जो वोट बैंक की राजनीति करते हैं। मैं तो जो विरोधी राजनीति करने वाले भाजपा के विरोधी सपा वाले, बसपा वाले, कांग्रेस वाले सभी विरोधियों को होली की शुभकामनायें देता हूं। अपील करता हूं कि भूल जाओं सारे गिले शिकवे और सब एक हो जाओ। एक सवाल के जवाब में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि होली और जुमे की नमाज एक ही दिन एक साथ कोई पहली बार नहीं हो रहा है। यह अनेक बार हो चुका है और आज फिर हो रहा है। सभी शान्तपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो चुका है। इसलिए फिर से कहता हूं कि कहीं न कोई तनाव है और न कोई समस्या है। समस्या है तो अखिलेश यादव के दिमाग में है। उनसे कहता हूं कि समस्या को अपने दिमाग से निकालें। इससे पहले केशव प्रसाद मौर्य ने 7 कालीदास मार्ग स्थित अपने सरकारी आवास पर मंत्रियों, पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओ एवं पत्रकारों संग अबीर-गुलाल के साथ जमकर होली खेली।

## सीएम योगी ने मान्यवर कांशीराम को अर्पित की श्रद्धांजलि

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शनिवार को बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक दिवंगत कांशीराम को उनकी 91वीं जयंती पर सभी ने श्रद्धांजलि अर्पित की। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, सपा प्रमुख अखिलेश यादव, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी, यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या और अपनी जनता पार्टी नेता स्वामी प्रसाद मौर्या ने भी दलितों के मसीहा कहे जाने वाले कांशीराम को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी। सीएम योगी ने लिखा समाज के शोषित, पीड़ित और वंचित वर्ग के मुखर स्वर एवं बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक मान्यवर कांशीराम की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! अखिलेश यादव ने लिखा कि मान्यवर कांशीराम की जयंती पर सबकी समानता और सामाजिक न्याय के संकल्प को दोहराते हुए शत शत नमन! राहुल गांधी ने श्रद्धांजलि देते हुए लिखा कि महान समाज सुधारक, मान्यवर कांशीराम की जयंती पर उन्हें सादर नमन। दलितों, वंचितों और शोषितों के अधिकारों के लिए उनका संघर्ष, सामाजिक न्याय की इस लड़ाई में हमारा हर कदम पर मार्गदर्शन करता रहेगा। केशव प्रसाद मौर्या ने लिखा सामाजिक न्याय के प्रहरी, वंचितों एवं शोषितों की आवाज बुलंद करने वाले राजनेता तथा बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक मान्यवर कांशीराम की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन। मान्यवर कांशीराम ने समाज के उपेक्षित वर्गों को संगठित कर आत्मसम्मान तथा अधिकारों की लड़ाई को नया स्वरूप दिया।



## 26 ट्रेनें निरस्त, अनेकों के मार्ग बदले, यात्रियों की परेशानी बढ़ी

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन ने उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के ब्रिज संख्या 110 का कार्यके लिए मेगा ट्रैफिक एवं पावर ब्लाक के कारण गाड़ियोंका िनरस्तीकरण एवं माग परिवर्तित करने का िनर्णय लिया गयाहै।

निरस्तीकरण के तहत ट्रेन संख्या 14123 प्रतापगढ़-कानपुर सेंट,ल इंटरसिटी 20 मार्च से 1 अप्रैल तक निरस्त रहेगी। 14124कानपुर सेंट्रल-प्रतापगढ़ इंटरसिटी19 मार्च से 30 मार्च तक रद रहेगी। 11109 झांसी-लखनऊ इंटरसिटी 19 मार्च से 30 मार्च तक रद रहेगी।11110 लखनऊ-झांसी इंटरसिटी 20 मार्च से 1 अप्रैल तक निरस्त रहेगी। 51813 झांसी-लखनऊ पैसेंजर 20 मार्च से 30 मार्च तक निरस्त रहेगी।51814 लखनऊ-झांसी पैसेंजर 20 मार्च से 30 मार्च तक निरस्त रहेगी।54101 प्रयागरा संगम-कानपुर अनवरगंज पैसेंजर पैसेंजर 20 मार्च से 30 मार्च तक निरस्त रहेगी। 54102 कानपुर अनवरगंज-प्रयागराज संगम पैसेंजर 20 मार्च से 30 मार्च तक निरस्त रहेगी। 54153 रायबरेली-कानपुर सेंट्रल पैसेंजर 20 मार्च से 30 मार्च तक निरस्त रहेगी।




54154 कानपुर सेंट्रल-रायबरेली पैसेंजर 19 मार्च से 30 मार्च तक रद रहेगी।

54325 सीतापुर सिटी-कानपुर सेंट्रल 20 मार्च से 30 मार्च तक निरस्त रहेगी।54326 कानपुर सेंट्रल-सीतापुर सिटी पैसेंजर 21 मार्च से 1 अप्रैल तक निरस्त रहेगी। 54335 बालामऊ-कानपुर सेंट्रल पैसेंजर 20 मार्च से 30 मार्च तक निरस्त रहेगी। 54336 कानिपुर सेंट्रल -बालामऊ पैसेंजर 20 मार्च से 30 मार्च तक निरस्त रहेगी।55345 लखनऊ-कासगंज पैसेंजर 20 मार्च से 30 मार्च तक निरस्त रहेगी। तो 55346 कासगंज-लखनऊ पैसेंजर 19 मार्च से 30 मार्च तक निरस्त रहेगी।64203 लखनऊ-कानपुर सेंट्रल मेमू 20 मार्च से 1 अप्रैल तक निरस्त रहेगी। कानपुर सेंट्रल-लखनऊ मेमू 19 मार्च से 30 मार्च तक रद रहेगी। 00919 सूरत-नकहा एक्सप्रेस 17, 24 व 31 मार्च और 7, 14 व 21 अप्रैल को रद रहेगी। 00920 नकहा-ख्लधान पार्सल एक्सप्रेस 19 व 26 मार्च 2, 9, 16 एवं 23 अप्रैल को निरस्त रहीं।09451 गांधीधाम-भागलपुर एक्सपेस 21 व 28 मार्च और 4,11, 18 व 25 अप्रैल को निरस्त रहेगी।09452 भागलपुर-गांधीधाम एक्सप्रेस 24 व 31 मार्च तथा 7, 14, 21 व 28 अप्रैल को रद रहेगी। 09465 अहमउबाद-दरभंगा एक्सप्रेस 21 व 28 मार्च और 4, 11, 17 व 25 अप्रैल को रद रहेगी।09466 दरभंगा-अहमदाबाद ण्क्सप्रेस 24 व 31 मार्च और 7, 14, 21 व 28 अप्रैल को निरस्त रहेगी। 05305 छपरा-आनंद विहार एक्सप्रेस 20,24, 27 व 31 मार्च तथा 3, 7, 10, 14, 17, 21, 24 व 28 अप्रैल को रद रहेगी। जबकि 05306 आनंइ विहार5छपरा एक्सप्रेस 22, 26 व 29 मार्च तथा 2, 5, 9, 12, 16, 19, 23, 26 व 30 अप्रैल को निरस्त रहेगी।

मार्ग परिवर्तन के तहत 12571 गोरखपुर-छपराएक्सप्रेस 21, 22, 23, 26, 28 29, 30 मार्च और 2, 4, 5, 6, 9, 11, 12, 13, 16, 18, 19, 20, 23, 25, 26 और 27 अप्रैल को लखनऊ, आलमनगर, मुरादाबाद व गाजियाबाद होकर चलेगी। 12595 गोरखपुर-आनंद विहार एक्सप्रेस 20, 24, 25, 27 व 31 मार्च और 1, 3, 7, 8, 10, 14, 15, 17, 21, 22, 24, 28 व 29 अप्रैल को लखनऊ, आलमनगर, मुरादाबाद व गाजियाबाद होकर चलेगी। 22539 मऊ-आनंद विहार एक्सप्रेस 21, 25 व 28 मार्च और 1, 4, 8, 11, 15, 18, 22, 25 व 29 अप्रैल को लखनऊ, आलमनगर, मुरादाबाद व गाजियाबाद होकर चलेगी।

## राज्यपाल से मिले निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय निषाद



**लखनऊ।** निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल (निषाद पार्टी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री डॉ संजय कुमार निषाद ने राजधानी लखनऊ में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से राजभवन में भेंट की। उन्होंने बताया कि होली के शुभ अवसर पर राज्यपाल को मछुआ समाज और निषाद पार्टी की ओर से बधाई संदेश प्रेषित करने पहुंचे थे। साथ ही उन्होंने प्रदेश में उनके नेतृत्व में निकाली जा रही मछुआ समाज के आर्थिक राजनीतिक एवं सामाजिक आरक्षण के किए निकाली जा रही संवैधानिक अधिकार यात्रा का विषय में भी जानकारी दी गयी। डॉ. निषाद ने बताया कि उन्होंने राज्यपाल को अवगत कराया कि मछुआ समाज का आरक्षण के विषय पर पूर्ववर्ती सरकारों ने केवल छलावा करने का काम किया था और प्रदेश में बन रहे मछुआ समाज की सभी उपजातियों के पिछड़ी के प्रमाण पत्र बनना असंवैधानिक है। इस पर तत्काल प्रभाव से रोक लगनी चाहिए। साथ ही प्रदेश के मछुआ समाज को एससी का प्रमाण पत्र निर्गत किया जाना आवश्यक हैं। इसके समबन्ध में राज्यपाल को ज्ञापन भी सौंपा गया है।

## कांशीराम राजनेता और समाज सुधारक थे : अखिलेश

### सपा ने लखनऊ सहित प्रदेश के सभी जिलों में सादगी से मनायी कांशीराम की जयंती

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सपा के राज्य मुख्यालय, लखनऊ सहित प्रदेश के सभी जिलों में शनिवार को कांशीराम की जयंती सादगी से मनायी गयी। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की ओर से शनिवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय, लखनऊ में कांशीराम के चित्र पर राजेन्द्र चौधरी ने माल्यार्पण कर नमन किया।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कांशीराम की स्मृति को नमन करते हुए एक वक्तव्य में कहा है कि वे एक सुलझे हुए राजनेता तथा समाज सुधारक थे। उन्होंने बहुजनों के राजनीतिक सशक्तिकरण तथा उनके उत्थान के लिए निरन्तर संघर्ष किया। दलितों, वंचितों की आवाज उठाने में वे कभी पीछे नहीं रहे।

उन्होंने कहा कि कांशीराम ने सामाजिक समानता तथा सामाजिक न्याय के लिए प्रतिबद्ध थे। वे दलितों, शोषितों के मसीहा थे। राजनीति में दलितों की राजनीतिक भागीदारी सुरक्षित करने में उनके प्रयासों को हमेशा याद किया जाएगा। कांशीराम को रविदास मेहरोत्रा एवं राजेन्द्र कुमार विधायकगण, आरएस कुशवाहा राष्ट्रीय सचिव, कृष्ण कन्हैया पाल राष्ट्रीय अध्यक्ष अधिवक्ता सभा ने भी उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में महफूज खां पूर्व एमएलसी, संदीप यादव, अंकित मौर्य, सभी एडवोकेट, प्रदीप सिंह पन्नू, एसके राय, अरविन्द गुड्डू, ताराचन्द्र, राजेश यादव, अनिल यादव, राज शाहनी, लालजीत क्रान्तिकारी, सचिन यादव, शिवकुमार, नकी हैदर नदीम, शिव शंकर लोधी, दिलशाद हुसैन, सुमित राजभर राधे, कमलेश यादव, शिवम आर्या, ऐश मोहम्मद उर्फ गुल्ले, जावेद अली, रिंकू यादव, राज यादव, राज किशोर यादव, धर्मेन्द्र यादव, कुलदीप यादव, डा. विकास मौर्य, जावेद अली खान, लवकुश मौर्य, रोहित साहू आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय है।

## नाथूराम गोडसे से बेहतर था औरंगजेब : स्वामी प्रसाद

**लखनऊ।** यूपी के पूर्व मंत्री और अपनी जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य ने एक बार फिर विवादित बयान दिया है। उन्होंने समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आजमी के औरंगजेब वाले बयान का समर्थन किया है। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि औरंगजेब नाथूराम गोडसे से बेहतर था। क्योंकि नाथूराम गोडसे ने महात्मा गांधी की हत्या की थी।

- **फिर विवादित बयान दिया**

कांशीराम की जयंती पर स्वामी प्रसाद मौर्य ने शनिवार को रायबरेली में संविधान सम्मान व जनहित हुंकार यात्रा निकाली। इस दौरान उन्होंने बीजेपी पर हमला बोलते हुए कहा कि 2027 में जनता उन्हें सत्ता से बाहर करेगी। साथ ही कहा कि भाजपा के नेता देश में नफरत का बीज बो रहे हैं। पूर्व मंत्री ने कहा, कि 'मैं ये कहना चाहता हूं कि आज भाजपा के नेता इस देश में नफरत के बीच बोज रहे हैं। जिसके कारण नफरत की घटनाएं बढ़ रही हैं। जो लोग ये कहते हैं कि औरंगजेब बहुत ही हिंसक थे और उनको सबसे खराब बादशाह माना गया। हो सकता है वह खराब रहे हो लेकिन नाथूराम गोड़से से बेहतर थे। क्योंकि नाथूराम गोडसे ने इस देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की हत्या कर दी। हम समझते हैं जो लोग दूसरों पर उंगली उठाते हैं उन्हें सबसे पहले अपना दामन झांककर देखना चाहिए फिर दूसरों पर उंगली उठानी चाहिए।

बसपा संस्थापक कांशीराम की 90वीं जयंती पर बरेली के हरचंदपुर विकासखंड के गंगागंज पहुंचे स्वामी प्रसाद मौर्य जिला उपाध्यक्ष राजेश यदुवंशी ने जमकर स्वागत किया। कार्यकर्ताओ ने 21 किलो के फूलों की माला और चांदी का मुकुट पहनाया।

## बसपा बातों से ज्यादा काम करने में विश्वास करती है : मायावती

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी प्रमुख व उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने पार्टी संस्थापक कांशीराम की 91वीं जयंती पर शनिवार को उन्हें श्रद्धांजलि दी और कहा कि पार्टी उनके सपनों को पूरा करने के लिए दिन-रात जुटी हुई है।

- **बसपा नेता ने कांशीराम की जयंती पर उन्हें दी श्रद्धांजलि**

सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर मायावती ने सिलसिलेवार पोस्ट में कहा, कि आज बसपा के संस्थापक कांशीराम की जयंती पर पूरे देश में पार्टी ने उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा सामाजिक परिवर्तन व आर्थिक मुक्ति के उनके आंदोलन को मजबूत करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा, कि बहुजन समाज को घोर गरीबी, बेरोजगारी, शोषण, उत्पीड़न, पिछड़ेपन, जातिवाद, सांप्रदायिक हिंसा और तनाव की कष्टदायक जिंदगी से मुक्ति दिलाने के लिए अपने बहुमूल्य वोट की ताकत को समझना और सत्ता की मास्टर चाबी हासिल करना जरूरी है। यही आज का संदेश है। खुद को लौह महिला बताते हुए बसपा प्रमुख ने कहा, कि उत्तर प्रदेश की विशाल आबादी ने देखा है कि कैसे लौह महिला के नेतृत्व में बसपा बातों से ज्यादा काम करने में विश्वास करती है। इसने सत्ता में रहने के दौरान बहुजनों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित किया, जबकि अन्य दलों द्वारा किए गए अधिकांश दावे निराधार और भ्रामक साबित हुए। कांशीराम का जन्म 15 मार्च 1934 को पंजाब के रूपनगर में हुआ था और उन्होंने पिछड़े वर्गों के लोगों के उत्थान और राजनीतिक लामबंदी के लिए काम किया।

# आज जारी हो सकती है भाजपा जिलाध्यक्ष की सूची

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश के सत्तारूढ़ दल भाजपा में इन दिनों संगठन चुनाव की प्रक्रिया चल रही है। इस चुनाव के जरिये जिलाध्यक्षों के साथ ही प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति भी होनी है लेकिन इस चुनाव को सकुशल निपटाना भाजपा के लिए किसी चुनौती से कम

- **प्रदेश स्तर पर नहीं जिला स्तर जारी की जायेगी सूची**
- **जातीय व क्षेत्रीय समीकरणों को ध्यान रखकर होगी घोषणा**

नहीं है क्योंकि जो बहुप्रतीक्षित सूची महिनों पूर्व घोषित हो जानी चाहिए थी, वो अभी तक प्रतीक्षारत चल रही है। जानकारों के अनुसार भाजपा 16 मार्च को जिलाध्यक्षों की घोषणा कर सकती है। पहले चरण में करीब 80 जिलों की सूची जारी की जायेगी, जिसे संगठन प्रदेश स्तर पर जारी न करके जिले स्तर पर ही जारी किया सकता है। माना जा रहा है कि जिलाध्यक्षों की घोषणा होने के बाद जल्द ही प्रदेश को नया भाजपा अध्यक्ष मिल सकता है।




दरअसल मार्च का महीना त्योहार और राजनीति के नजरिये से बेहद अहम है। 14 मार्च को होली और जुमा की नमाज अदा शांतिपूर्ण संपन्न होने के बाद अब सबकी नजरें सत्ताधारी दल भाजपा पर टिकी हुई है क्योंकि इस महीने जिलाध्यक्षों के साथ ही नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्ति हो सकती है। भाजपा सूत्रों के अनुसार 16 मार्च को प्रदेश के 80 से 85 जिलाध्यक्षों की घोषणा कर सकती है। हालांकि इस बार भाजपा जिलाध्यक्षों के नाम घोषित करने में नया प्रयोग करने जा रही है। भाजपा जिलाध्यक्षों की सूची प्रदेश स्तर से नहीं जारी करेगी, बल्कि पार्टी के जिला चुनाव अधिकारी जिलों में जाकर जिलाध्यक्ष के नाम की घोषणा कर सकते हैं। वहीं इस बार भाजपा जातीय व क्षेत्रीय समीकरणों और वर्गों की भागीदारी को ध्यान में रखने के साथ ही उम्र को लेकर भी खासा ध्यान रख रही है। बताया यह भी जा रहा है कि इस बार 60 साल से अधिक उम्र वाले भाजपा के पदाधिकारियों को जिलाध्यक्ष बनने का मौका नहीं मिलेगा। साथ ही लगातार दो बार जिलाध्यक्ष का कार्यकाल पूरा करने वाले नेताओं को भी तीसरे बार की पारी खेलने को नहीं मिलेगी। भाजपा इस बार 2027 विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए जातीय समीकरण और पार्टी के प्रति दिन-रात समर्पित रहने वाले कार्यकर्ताओं को मौका दे सकती है।

राजनीतिक जानकारों का यह भी कहना है कि पिछली बार की अपेक्षा आगामी सूची में एक दर्जन से अधिक जिलों में सवर्ण जिलाध्यक्ष नहीं होंगे। पिछड़े और दलित नेताओं पर भाजपा का पूरा फोकस रहने वाला है। भाजपा के 45 से 60 साल के बीच वाले सक्रिय नेताओं को जिलाध्यक्ष की कमान सौंप सकती है। प्रदेश में 75 जिले हैं लेकिन भाजपा ने उसे 98 संगठनात्मक जिलों में बांट रखा है। इन सभी जिलों में जिलाध्यक्ष की नियुक्ति होनी है। वैसे भाजपा को 30 दिसंबर तक जिलाध्यक्षों की घोषणा करनी थी लेकिन ढाई महिने बीते जाने के बाद भी भाजपा जिलाध्यक्ष की सूची नहीं जारी कर पायी है। इसको लेकर चर्चा है कि आपसी खींचतान और सामाजिक समीकरणों का सामंजस्य फिट न बैठने के कारण कई जिलों में अध्यक्ष के नाम पर आम सहमति नहीं बन पायी है। कई जिलों में जिलाध्यक्ष चुनाव को लेकर मचे संग्राम का मामला दिल्ली हाई कमान तक पहुंच गया था लेकिन अब लंबे इंतजार के बाद बहुप्रतीक्षित जिलाध्यक्षों की सूची रविवार को जारी होने की प्रबल संभावना जतायी जा रही है। जिला स्तर से जिलाध्यक्षों के नामों की घोषणा होने के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के नाम की घोषणा करते हुए संगठन चुनाव को संपन्न करायेगी।

## प्रदेश में कानून व्यवस्था पर भाजपा सरकार का कोई नियंत्रण नहीं : अखिलेश यादव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने शनिवार को बयान जारी कर कहा है कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था पर भाजपा सरकार का कोई नियंत्रण नहीं रह गया है। जब राज्य में प्रशासन ही सुरक्षित नही तो जनता की सुरक्षा की बात क्या की जा सकती है। लूट, हत्या, बलात्कार तो रोजमर्रा की बातें हो गई है। आश्चर्य यह है कि मुख्यमंत्री जी इस पर भी प्रदेश में कानून के राज का खयाली पुलाव पकाने में जरा भी संकोच नही करते है और जनता को गुमराह करना ही अपनी बड़ी उपलब्धि मान रहे है। लेकिन वे भूलते हैं कि जनता की नजरों से कुछ छुपा नहीं रहता है।

बरेली में दबंगो ने होली के दिन कानून को ठेंगा दिखाते हुए एक डिप्टी एसपी का बंगला ही पेट्रोल डालकर फूंक दिया। पुलिस प्रशासन देखता रह गया। लखनऊ में तैनात महिला कांस्टेबल छुट्टी लेकर अपने गांव भाई के साथ जा रही थी। मुंडेरा बस स्टेशन के पास शराबियों ने अभद्रता की, सोने की चेन लूट ली। पुलिस जब आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए गयी



तो वहां महिलाओं के विरोध के आगे पुलिस बेबस दिखी। ये तो दो ताजा घटनाएं हैं जिनसे पता चलता है कि प्रदेश में अराजक तत्वों के हौसले कितने बुलंद है। मुख्यमंत्री की घोषणाएं बेदम है। अपराधी जेल से भी कारनामे कर रहे हैं। दूसरे प्रदेशों के अपराधी भी अब उत्तर प्रदेश को अपने लिए सुरक्षित प्रदेश मानने लगे है। उन्हे यहां कोई डर नहीं। आतंकी गतिविधियों का भी यह केंद्र बनता जा रहा है। सच तो यह है कि मुख्यमंत्री जी को प्रदेश में कामकाज देखने की फुर्सत ही नही है। वे प्रशासक कम स्टार प्रचारक ज्यादा हो गये है। प्रदेश प्रगति के तमाम पायदानों में पिछड़ता जा रहा है। विकास ठप्प है। पूंजी निवेश के नाम पर बस एमओयू की फाइले हैं जो जमीन पर उतरने वाली नहीं है। कोई निवेशक यहां आना ही नहीं चाहता है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के संरक्षण में ही अराजकतत्व पनप रहे हैं। सरकार को बस लोकतंत्र से परेशानी है। वह नफरत की दीवाल खड़ी करने की मंशा से समाज को बांटना, एक वर्ग को दूसरे से लड़ाना तथा आपस में वैमनस्य फैलाना भाजपा अपनी उपलब्धि मानती है।

# यूपी के गांवों में आंगनबाड़ी केंद्रों का तेजी से हो रहा निर्माण

## 19 हजार से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण, भवनों की गुणवत्ता और सुरक्षा का विशेष ध्यान दे रही योगी सरकार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में ग्रामीण विकास और सामाजिक कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। मनरेगा योजना के तहत बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग और पंचायती राज विभाग के अभिषरण से प्रदेश के गांवों में आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण तेजी से हो रहा है। यह पहल राज्य में कुपोषण को दूर करने, महिला एवं बाल विकास को सशक्त बनाने और ग्रामीण स्तर पर मूलभूत सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक बड़ा कदम है। प्रदेश सरकार के 8 वर्षों के कार्यकाल में प्रदेश के बुनियादी ढांचे के विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है।

ग्रामीण क्षेत्रों में मजबूत आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण से न केवल बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा और पोषण की व्यवस्था सुनिश्चित हो रही है, बल्कि यह महिला सशक्तीकरण को भी बढ़ावा दे रहा है। गांवों में गुणवत्तापूर्ण आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कर बच्चों के लिए सुरक्षित और अनुकूल वातावरण तैयार किया जा रहा है। ग्राम्य विकास विभाग के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2018-19 से अब तक मनरेगा योजना के तहत 19,000 से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण पूरा हो चुका है। सरकार की प्रतिबद्धता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक 3,020 आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण पूरा हो चुका है, जबकि 9,448 केंद्र निमार्णाधीन हैं। योगी सरकार के इस पहल से न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों के पोषण और शिक्षा को बढ़ावा मिला है, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़े हैं। निर्माण कार्यों में श्रमिकों को मनरेगा के तहत रोजगार दिया जा रहा है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी गति मिल रही है।




आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण में सरकार ने गुणवत्ता और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। यह सुनिश्चित किया गया है कि कोई भी आंगनबाड़ी केंद्र नेशनल हाईवे के किनारे न बने, जिससे बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी रहे। केंद्रों के निर्माण में पर्यावरणीय और संरचनात्मक मानकों का पालन किया जा रहा है, जिससे ये सुविधाएं लंबे समय तक उपयोगी बनी रहें। इसके अलावा, केंद्रों में बच्चों के खेलने की सुविधाएं, शौचालय और स्वच्छ पेयजल जैसी बुनियादी जरूरतों का भी समुचित ध्यान रखा जा रहा है। इस प्रकार, आंगनबाड़ी केंद्रों को केवल भवन के रूप में नहीं, बल्कि एक समग्र विकास केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है।

सरकार ने इस योजना के तहत अब तक 12,865.58 लाख रुपये खर्च किए हैं, जिससे निर्माण कार्यों को गति मिली है। यह निवेश भविष्य में प्रदेश के लाखों बच्चों और माताओं के जीवन को बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध होगा। बता दें कि मनरेगा कन्वर्जेंस के तहत बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग और पंचायती राज विभाग के सहयोग से ग्राम पंचायतों में आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण पूरी पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ किया जा रहा है। योगी सरकार की की मंशानुरूप प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र स्थापित किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण स्तर पर कुपोषण और अशिक्षा को दूर किया जा सके। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पिछले 8 वर्षों में उत्तर प्रदेश में ग्रामीण विकास को अभूतपूर्व गति मिली है। गांवों में सड़क, बिजली, पेयजल, स्वच्छता और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के साथ-साथ आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण सरकार की दूरदर्शिता और सामाजिक कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। योगी सरकार की योजनाओं से गांवों में कुपोषण और शिशु मृत्यु दर में कमी आई है। महिलाओं और बच्चों को स्वास्थ्य एवं पोषण की बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं। स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़े हैं। इसके साथ-साथ ग्रामीण बुनियादी ढांचे को मजबूती मिली है। आंगनबाड़ी केंद्रों का विस्तार केवल एक निर्माण परियोजना नहीं, बल्कि ग्रामीण सशक्तीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। ये केंद्र न केवल बच्चों की पोषण और शिक्षा आवश्यकताओं को पूरा कर रहे हैं, बल्कि गांवों की महिलाओं को भी स्वरोजगार और स्वास्थ्य सुविधाओं से जोड़ने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ग्रामीण विकास के इस मॉडल को आगे बढ़ाने के लिए कृतसंकल्प है। आने वाले वर्षों में, प्रत्येक ग्राम पंचायत में आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थापना कर एक सशक्त और समृद्ध ग्रामीण उत्तर प्रदेश के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। मछुआ समाज को एससी का प्रमाण पत्र निर्गत करने की उठायी मांग।

# कांग्रेस विभाजनकारी राजनीति को प्रश्रय देती है : राजेश्वर सिंह

**लखनऊ।** कर्नाटक सरकार द्वारा सरकारी ठेकों में मुस्लिम समुदाय के लिए 4% आरक्षण के प्रावधान पर पर सरोजनीनगर से भाजपा विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने इस निर्णय को असंवैधानिक और घोर निंदनीय करार देते हुए कहा कि यह तुष्टिकरण की राजनीति की पराकाष्ठा है। डॉ. सिंह ने जोर देकर कहा कि यह निर्णय संविधान की आत्मा को ठेस पहुंचाने वाला और न्याय के मूल सिद्धांतों को ध्वस्त करने वाला है।

> • कांग्रेस सरकार का मुस्लिम आरक्षण फामूर्ला, डॉ. राजेश्वर सिंह ने उठाया सवाल क्या अब सरकारी ठेके अब योग्यता से नहीं, धर्म से तय होंगे?

उन्होंने सवाल उठाया कि क्या कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में अब सरकारी ठेके अनुभव और योग्यता के बजाय धर्म के आधार पर दिए जाएंगे। यह संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) का स्पष्ट उल्लंघन है।

विधायक ने कांग्रेस पर 1947 से सबक न लेने का आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी अब 'जिन्ना मॉडल' को फिर से लागू करने पर तुली है। उन्होंने कहा कि वोट बैंक की अंधी लालसा में कांग्रेस ने न केवल तुष्टिकरण की सीमा लांघी है, बल्कि विभाजनकारी राजनीति को प्रत्येक स्तर पर प्रश्रय दिया है। डॉ. सिंह ने इस कदम को बहुसंख्यक समाज के आर्थिक बहिष्कार का षड्यंत्र बताते हुए कहा कि यह भारत की संवैधानिक संरचना को तोड़ने का एक सुनियोजित प्रयास है। उन्होंने कांग्रेस के इस कृत्य को 'लोकतंत्र के पवित्र मंदिर' में धर्म के नाम पर विष घोलने जैसा बताया। उन्होंने चेतावनी दी कि यह निर्णय 'राजनीतिक इस्लामीकरण' की दिशा में बढ़ाया गया एक खतरनाक कदम है। 1947 में इसी मानसिकता ने देश को खंडित किया था, और यदि अब भी हम नहीं चेते तो कांग्रेस की यह 'नव-खिलजी नीति' भारत की सामाजिक एवं आर्थिक संरचना को दीमक की तरह चट कर जाएगी।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये70 प्रकरण, सात का निस्तारण

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। जिलाधिकारी विशाख जी ने बताया कि जनपद की पांचों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किये गये। जिलाधिकारी ने कहा कि जनसामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की प्राथमिकता है जिसके क्रम में तहसील व थानों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी जनता की इन शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से एक सप्ताह में करना सुनिश्चित करें।

> • त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण के सख्त निर्देश : डीएम

विशाख जी ने बताया कि तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 12 प्रकरण प्राप्त हुये, जिसमें से 04 प्रकरणों का निस्तारण विभिन्न टीमो के माध्यम से कर दिया गया। शेष प्रकरणों को निस्तारण के लिए सम्बन्धित विभागों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध करा दिये गये कि उनका निस्तारण एक सप्ताह में सुनिश्चित करा दिया जायें। उन्होंने बताया कि आज के सम्पूर्ण समाधान दिवसो में तहसील सदर में 12 में से 04 प्रकरण का निस्तारण प्रकरण, तहसील मलिहाबाद में 11 में से 00 प्रकरण का निस्तारण, तहसील बीकेटी में 13 में से 00 प्रकरण का निस्तारण, तहसील मोहनलालगंज में 19 में से 03 प्रकरण का निस्तारण तथा तहसील सरोजनीनगर में 15 में से 00 प्रकरण का निस्तारण मौके पर किया गया। शेष प्रकरणों को समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागों को उपलब्ध करा दिये गये।




जनपद में पुलिस 15, राजस्व एवम पुलिस संयुक्त 00, राजस्व 33, विकास 07, शिक्षा 01, स्वास्थ्य 00, समाज कल्याण 01, नगर निगम 02 तथा अन्य 11 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए हैं। समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए की आज जो भी प्रकरण प्राप्त हुए हैं उनके निस्तारण के लिए समय सीमा निर्धारित की गई है। सभी प्रकरणों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा में करते हुए, फोटो व वीडियो सहित आख्या उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। उक्त के साथ ही जिलाधिकारी ने निर्देश दिए की समाधान दिवस के जो भी प्रकरण निस्तारण करने के लिए अधिकारियों को दिए गए हैं उन सभी प्रकरणों में निस्तारण के बाद अधिकारीगण शिकायतकताओं से कॉल करके फीडबैक लेना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन, मुख्य चिकित्साधिकारी एन बी सिंह, उप जिलाधिकारी तहसील सदर सौरभ सिंह, तहसीलदार सदर वंदना कुशवाहा, पुलिस, समाज कल्याण सहित विभिन्न स्तरों के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# यात्रियों की वापसी के लिए एनई रेलवे चला रहा 46 विशेष ट्रेनें

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे के विभिन्न स्टेशनों से देश के महानगरों एवं अन्य प्रमुख नगरों के लिये यात्रा करने वाले आरम्भिक यात्रियों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है। होली त्यौहार के अवसर पर यात्रियों की माँग को ध्यान में रखते हुये, रिकॉर्ड संख्या में त्यौहार विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं।

होली त्यौहार के उपरान्त यात्रियों को उनके गंतव्य तक वापसी हेतु बढ़ती माँग को देखते हुये पूर्वोत्तर रेलवे के विभिन्न स्टेशनों से देश के महानगरों एवं अन्य प्रमुख नगरों के लिये 46 त्यौहार विशेष ट्रेनें 198 फेरों में चलाई जा रही हैं। इसके अतिरिक्त पूर्वोत्तर रेलवे के विभिन्न स्टेशनों से होकर देश के प्रमुख नगरों के लिये 40 त्यौहार विशेष ट्रेनें 184 फेरों में चलाई जा रही हैं अर्थात पूर्वोत्तर रेलवे के स्टेशनों से/होकर कुल 86 त्यौहार विशेष ट्रेनें 382 फेरों में चलाई जा रही हैं। इन विशेष ट्रेनों से यात्रा का विकल्प चुनकर रेल यात्री अपनी यात्रा को सुगम एवं आनन्ददायक बना सकते है।




स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा के लिये व्यापक प्रबन्ध किये गये हैं। रेलवे सुरक्षा बल (आर.पी.एफ.) द्वारा यात्रियों को कतारबद्ध तरीके से ट्रेन में प्रवेश कराया जा रहा है। फुट ओवर ब्रिज (एफ.ओ.बी.) एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर आर.पी.एफ. के जवान एवं वाणिज्य विभाग के कर्मचारी तैनात किये गये हैं। होली पर्व पर यात्रियों के अतिरिक्त आवागमन को देखते हुये भीड़ प्रबन्धन के लिये प्रमुख स्टेशनों पर यात्री होल्डिंग एरिया बनाये गये हैं। गोरखपुर जं. रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा हेतु दो होल्डिंग एरिया बनाये गये है। पैसेन्जर होल्डिंग एरिया में पीने के पानी एवं साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित कराई गई है तथा यात्रियों को टिकट लेने की सुविधा को सुगम बनाने हेतु स्टेशन के प्रत्येक प्रवेश द्वार पर ए.टी.वी.एम. मशीन लगाया गया है। भीड़ को नियंत्रित करने हेतु प्रवेश द्वार पर टिकट चेकिंग स्टाफ की ड्यूटी लगाई गई है तथा उद्घोषित किया जा रहा है कि प्लेटफार्म पर टिकट लेकर ही प्रवेश करें। इसी प्रकार छपरा एवं बलिया रेलवे स्टेशनों पर भी यात्रियों के लिए पैसेन्जर होल्डिंग एरिया बनाये गये हैं। यात्रियों से अपील है कि यात्रा कार्यक्रम बनाते समय विशेष ट्रेनों में नियमित ट्रेनों के अतिरिक्त भी बर्थों की उपलब्धता की अवश्य जाँच कर लें। यात्रीगण ट्रेनों की टाइमिंग, डायवर्जन इत्यादि की जानकारी एन.टी.ई.एस. मोबाइल ऐप अथवा वेब पोर्टल पर प्राप्त कर सकते हैं।

# प्रेम और सौहार्द का त्यौहार है होली : संजय गुप्ता

**लखनऊ।** होली के त्यौहार के अवसर पर उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के अयोध्या रोड स्थित प्रदेश कार्यालय में संगठन की ओर से ₹होली कार्यक्रम₹ का आयोजन किया गया जिसमें राजधानी के व्यापारियों एवं आदर्श व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों ने फूलों की होली खेली तथा एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाया तथा उत्साह के साथ जम कर अबीर गुलाल उड़ाया एवं एक-दूसरे को गुझिया खिलाकर एक दूसरे का मुंह मीठा कराया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा होली का त्यौहार प्रेम एवं सौहार्द का त्यौहार है इस दिन हम सबको अपने पुराने गिले शिकवे भूल कर एक दूसरे को गले लगाना चाहिए। संजय गुप्ता ने कहा होली का त्यौहार हमें घमंड की सत्ता के विरोध में सत्य की विजय का भी संदेश देता है। होली कार्यक्रम में संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष अविनाश त्रिपाठी, प्रदेश उपाध्यक्ष शेखर कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष जी एस चड्ढा, प्रदेश मंत्री संदीप सिंह गौड, लखनऊ नगर अध्यक्ष हरजिंदर सिंह, नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमिताभ श्रीवास्तव, नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल, नगर महामंत्री राजीव शुक्ला, नगर महामंत्री आशीष गुप्ता, नगर महामंत्री मोहित कपूर, नगर उपाध्यक्ष डॉ॰ साकेत चतुर्वेदी, संतोष त्रिपाठी, उमेश सनवाल, राजा राम रावत ,आशीष शर्मा, दीपक सिंह चौहान ,अंशु श्रीवास्तव, धर्मेन्द्र साहू, राज गोमती प्रभारी मनीष पांडे, ट्रांस गोमती महामंत्री नरेन्द्र शर्मा, गुरप्रीत सिंह, ट्रांस गोमती वरिष्ठ उपाध्यक्ष उदय कान्त श्रीवास्तव, महिला इकाई की ट्रांस गोमती अध्यक्ष श्रीमती अंजलि मौर्य, महामंत्री श्रीमती रितु ठाकुर श्रीमतीकादम्बनी द्विवेदी, श्रीमती रेणु सिंह, नारायण मौर्य ,सुरेश आहूजा ,नरेश अग्रवाल, संजय कुमार गुप्ता ,पवन वर्मा ,आदित्य वर्मा , अमित दीक्षित, मयंक टंडन, भारतीय आदर्श योग संस्थान के अध्यक्ष कृष्ण दत्त मिश्रा मौजूद थे।

# नगर निगम के जोनल कार्यालय आज भी खुले रहेंगे, जमा होंगे हाउस टैक्स

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नगर निगम लखनऊ ने नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रविवार को अपने सभी जोनल कार्यालय खोलने का निर्णय लिया है। इस दौरान नागरिक अपने टैक्स संबंधी समस्याओं का निस्तारण करा सकेंगे और हाउस टैक्स का भुगतान भी कर सकेंगे।

> • टैक्स निस्तारण के लिए विभिन्न वार्डों में लगेंगे विशेष कैंप

चीफ टैक्सेशन ऑफिसर अशोक सिंह ने बताया कि सभी जोन में हाउस टैक्स से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए विशेष कैंप आयोजित किए जाएंगे। इन कैंपों में नागरिक अपनी संपत्ति कर से संबंधित शिकायतों का निस्तारण करवा सकते हैं और बकाया टैक्स का भुगतान कर सकते हैं। नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस सुविधा का लाभ उठाएं और बिना किसी अंतिम समय की भीड़भाड़ के अपने टैक्स का भुगतान समय से करें। अशोक सिंह ने बताया कि जिन नागरिकों को हाउस टैक्स जमा करने में किसी भी प्रकार की समस्या आ रही है, वे अपने नजदीकी जोनल कार्यालय में जाकर टैक्स जमा कर सकते हैं। विशेष रूप से रविवार को जोनल कार्यालय खोले जाने का उद्देश्य नागरिकों को अतिरिक्त सुविधा प्रदान करना है ताकि वे अपने कार्यदिवस की व्यस्तता से प्रभावित हुए बिना टैक्स का भुगतान कर सकें।

**नियमित टैक्स भुगतान पर छूट का लाभ :** नगर निगम प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि जो नागरिक समय पर हाउस टैक्स का भुगतान करते हैं, उन्हें विभिन्न प्रकार की छूट और लाभ दिए जाएंगे। नगर निगम ने यह भी चेतावनी दी है कि समय पर टैक्स न भरने वाले संपत्ति धारकों पर सख्त कार्रवाई की जा सकती है। इसके साथ ही 31 मार्च के बाद टैक्स जमा करने पर उनपर 12 प्रतिशत की दर से ब्याज भी लगाया जाएगा। नगर निगम ने शहरवासियों से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और अपने टैक्स से संबंधित कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करें। इससे न केवल उन्हें अतिरिक्त सुविधाएं मिलेंगी, बल्कि नगर निगम को शहर के विकास कार्यों के लिए अधिक संसाधन उपलब्ध होंगे।




**इन जोन में लगाये जायेंगे कैंप :** जोन-1 में नजरबाग-यदुनाथ सान्याल मॉडल हाउस, मशकगंज-वजीरगंज हाता दुर्गा प्रसाद, महात्मा गांधी-विक्रमादित्य बरफखाना, रानी लक्ष्मी बाई मुमताज मार्केट है। जबकि जोन-2 में राजाजीपुरम पार्षद कार्यालय, अंडरपास के पास, मालवीय नगर जलकल कार्यालय, संकट मोचन मंदिर, मोतीझील है। इसी क्रम में जोन-3 में कदम रसूल मिलन पैलेस सीतापुर रोड मदेहगंज थाने के बगल में, मन कामेश्वर मंदिर सामुदायिक केन्द्र मुकारिम नगर, अयोध्यादास प्रथम मानसू मार्केट बड़ी पकरिया, अयोध्यादास द्वितीय मानसू मार्केट बड़ी पकरिया तथा फैजुल्लागंज चतुर्थ भार्गव ऑफिस शामिल हैं। जोन-4 में खरगपुर सरसवां सेंट्रल पार्क सेक्टर-4 गोमती नगर विस्तार, खरगपुर सरसवां सेक्टर-4, होटल चेयर इन पार्क के सामने गोमती नगर विस्तार, खरगपुर सरसवां सामर्थ्य अपार्टमेंट, गोमती नगर विस्तार, खरगपुर सरसवां एलेसे कार्यालय गोमती नगर विस्तार, भरवारा मल्हौर पारसग्रीन अपार्टमेंट एवं भरवारा मल्हौर न्यू नंदी विहार कालोनी में कैंप लगेगा।

इसी तरह जोन-5 में सरोजनी नगर प्रथम विष्णुलोक कालोनी, सरोजनी नगर द्वितीय विष्णुलोक कालोनी, गुरूनानक नगर विष्णुलोक कालोनी, चित्रगुप्त नगर पार्षद कार्यालय चित्रगुप्त नगर, गीतापल्ली पार्षद कार्यालय चित्रगुप्त नगर, रामजीलाल सरदार पटेल नगर पार्षद कार्यालय चित्रगुप्त नगर में कैंप लगाया जायेगा। जोन-6 में लालजी टण्डन महिपतमऊ गैस गोदाम, दौलतगंज अहमदगंज चौराहा, भवानीगंज डॉ. अल्वी क्लीनिक, बालागंज झण्डेवाला चौराहा, आलमनगर जलालपुर फाटक सिंह टेण्ट हाउस, कल्याण सिंह सदरौना, हैदरगंज द्वितीय इण्डिया हास्पिटल भपटामऊ शामिल है। जबकि जोन-7 में इन्दिरा नगर अरविन्दो पार्क, इस्माईलगंज प्रथम अरविन्दो पार्क, शहीद भगत सिंह द्वितीय ए.डी.आर. होम्स, इस्माईलगंज द्वितीय दयाल फार्म हनुमान मन्दिर देवा रोड, लाल बहादुर शास्त्री प्रथम पंचायत भवन नियर पार्षद कार्यालय में कैंप लगेगा। तो जोन-8 में अटल बिहारी वाजपेई मंदाकिनी इन्क्लेव, अटल बिहारी वाजपेई गोवर्धन इन्क्लेव (गेट), राजा बिजली पासी द्वितीय सैनिक हाउसिंग सोसाइटी तथा इब्राहिमपुर द्वितीय सेक्टर-1 में कैंप का आयोजन किया गया है।

# टनकपुर, दौराई, दरभंगा व सहरसा के लिए चलेंगी होली स्पेशल ट्रेनें

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु 15092/15091 टनकपुर-दौराई-टनकपुर एक्सप्रेस का नियमित संचलन 30 मार्च से प्रत्येक सोमवार, बुधवार, शुक्रवार एवं रविवार को (सप्ताह में चार दिन) तथा दौराई से 31 मार्च से प्रत्येक सोमवार, मंगलवार, बृहस्पतिवार एवं शनिवार को (सप्ताह में चार दिन) किया जायेगा।

15092 टनकपुर-दौराई एक्सप्रेस नियमित रूप से 30 मार्च से प्रत्येक सोमवार, बुधवार, शुक्रवार एवं रविवार को (सप्ताह में चार दिन) टनकपुर से 18.20 बजे प्रस्थान कर खटीमा से 18.45 बजे, पीलीभीत जं0 से 19.27 बजे, भोजीपुरा जं0 से 20.05 बजे, इज्जतनगर से 20.45 बजे, बरेली सिटी से 21.10 बजे, बरेली जं0 से 21.20 बजे, चन्दौसी से 23.30 बजे, दूसरे दिन मुरादाबाद से 00.45 बजे, गाजियाबाद से 03.20 बजे, दिल्ली जं0 से 04.40 बजे, दिल्ली कैण्ट से 05.17 बजे, गुड़गांव से 05.35 बजे, रेवाड़ी जं0 से 06.47 बजे, नारनौल से 07.58 बजे, नीम का थाना से 08.56 बजे, श्री माधोपुर से 09.25 बजे, रिंगस जं0 से 09.40 बजे, फुलेरा से 11.35 बजे, किशनगढ़ से 12.22 बजे तथा अजमेर जं0 से 13.20 बजे छूटकर दौराई 13.55 बजे पहुंचेगी।

वापसी यात्रा में 15091 दौराई-टनकपुर एक्सप्रेस नियमित रूप से 31 मार्च से प्रत्येक सोमवार, मंगलवार, बृहस्पतिवार एवं शनिवार को (सप्ताह में चार दिन) दौराई से 16.05 बजे प्रस्थान कर अजमेर जं0 से 16.35 बजे, किशनगढ़ से 17.07 बजे, फुलेरा से 18.00 बजे, रिंगस जं0 से 18.55 बजे, श्री माधोपुर से 19.07 बजे, नीम का थाना से 19.47 बजे, नारनौल से 20.37 बजे, रेवाड़ी जं0 से 22.05 बजे, गुड़गांव से 22.32 बजे, दिल्ली कैण्ट से 22.52 बजे, दूसरे दिन दिल्ली जं0 से 00.35 बजे, गाजियाबाद से 01.27 बजे, मुरादाबाद से 04.10 बजे, चन्दौसी से 05.15 बजे, बरेली जं0 से 06.35 बजे, बरेली सिटी से 06.50 बजे, इज्जतनगर से 07.06 बजे, भोजीपुरा जं0 से 07.21 बजे, पीलीभीत जं0 से 07.58 बजे तथा खटीमा से 08.45 बजे छूटकर टनकपुर 09.35 बजे पहुंचेगी। 05273/05274 दरभंगा-दौराई-दरभंगा वाया गोरखपुर होली विशेष गाड़ी का संचलन दरभंगा से 22 एवं 29 मार्च दिन शनिवार को तथा दौराई से 23 एवं 30 मार्च दिन रविवार को 02 फेरों के लिये किया जायेगा। 05073 दरभंगा-दौराई होली विशेष गाड़ी 22 एवं 29 मार्च दिन शनिवार को दरभंगा से 13.15 बजे प्रस्थान कर सीतामढ़ी से 14.25 बजे, बैरगनियां से 14.53 बजे, रक्सौल से 15.55 बजे, नरकटियागंज से 18.10 बजे, कप्तानगंज से 21.02 बजे, गोरखपुर से 22.40 बजे, खलीलाबाद से 23.25 बजे, बस्ती से 23.54 बजे दूसरे दिन गोण्डा 01.50 बजे, सीतापुर से 04.58 बजे, शाजहाँपुर से 07.14 बजे, बदायूँ से 09.45 बजे, कासगंज से 11.40 बजे, हाथरस सिटी से 13.04 बजे, मथुरा जं. से 14.15 बजे, भरतपुर जं0 से 15.15 बजे, बाँदीकुई से 17.57 बजे, जयपुर से 19.30 बजे, किशनगढ़ से 20.52 बजे, मदार से 21.40 बजे तथा अजमेर से 22.10 बजे छूटकर दौराई 22.30 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 05274 दौराई-दरभंगा विशेष गाड़ी 23 एवं 30 मार्च दिन रविवार को दौराई से 23.45 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन अजमेर जं0 से 00.25 बजे, मदार से 00.40 बजे, किशनगढ़ से 00.55 बजे, जयपुर से 02.40 बजे, बाँदीकुई से 04.07 बजे, भरतपुर से 05.12 बजे, मथुरा जं. 06.55 बजे, हाथरस सिटी से 07.42 बजे, कासगंज से 09.10 बजे, बदायूँ से 10.53 बजे, शाहजहाँपुर से 13.17 बजे, सीतापुर से 16.20 बजे, गोण्डा से 19.30 बजे, बस्ती से 20.40 बजे, खलीलाबाद से 21.12 बजे, गोरखपुर से 22.30 बजे, कप्तानगंज से 23.20 बजे, नरकटियागंज से 02.05 बजे, रक्सौल से 02.50 बजे, बैरगनियां से 03.39 बजे तथा सीतामढ़ी से 04.30 बजे छूटकर दरभंगा 06.50 बजे पहुँचेगी। 05565/05566 सहरसा-सरहिंद-सहरसा विशेष गाड़ी वाया गोरखपुर का संचलन सहरसा से 16 से 30 मार्च तक प्रत्येक रविवार को तथा सरहिंद से 18 मार्च से 01 अप्रैल तक प्रत्येक मंगलवार को 03 फेरों के लिये निम्नवत किया जायेगा। 05565 सहरसा-सरहिंद विशेष गाड़ी 16 से 30 मार्च तक प्रत्येक रविवार को सहरसा से 19.30 बजे प्रस्थान कर सिमरी बख्तियारपुर से 19.50 बजे, मानसी जं. से 20.37 बजे, खगड़िया से 20.49 बजे, हसनपुर रोड से 21.37 बजे, समस्तीपुर से 22.25 बजे, दरभंगा से 23.25 बजे, कमतौल से 23.47 बजे, दूसरे दिन जनकपुर रोड से 00.12 बजे, सीतामढ़ी से 00.55 बजे, बैरगनियां से 01.42 बजे, रक्सौल से 02.35 बजे, नरकटियागंज से 03.35 बजे, बगहा से 04.17 बजे, गोरखपुर से 07.45 बजे, सीतापुर जं. से 13.40 बजे, मुरादाबाद से 18.55 बजे, सहारनपुर से 22.30 बजे, यमुनानगर-जगाधरी से 23.00 बजे, अम्बाला कैंट से 23.50 बजे तथा तीसरे दिन राजपुरा से 00.14 बजे छूटकर सरहिंद 00.45 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में, 05566 सरहिंद-सहरसा विशेष गाड़ी 18 मार्च से 01 अप्रैल तक प्रत्येक मंगलवार को सरहिंद से 02.00 बजे प्रस्थान कर राजपुरा से 02.23 बजे, अम्बाला कैंट से 03.05 बजे, यमुनानगर-जगाधरी से 04.30 बजे, सहारनपुर से 05.10 बजे, मुरादाबाद से 08.25 बजे, सीतापुर जं. से 14.15 बजे, गोरखपुर से 21.00 बजे, बगहा से 23.22 बजे, दूसरे दिन नरकटियागंज से 00.15 बजे, रक्सौल से 01.40 बजे, बैरगनियां से 02.45 बजे, सीतामढ़ी से 03.25 बजे, जनकपुर रोड से 03.47 बजे, कमतौल से 04.12 बजे, दरभंगा से 04.50 बजे, समस्तीपुर से 06.00 बजे, हसनपुर रोड से 06.55 बजे, खगड़िया से 08.00 बजे, मानसी जं. से 08.12 बजे तथा सिमरी बख्तियारपुर से 08.44 बजे छूटकर सहरसा 09.45 बजे पहुँचेगी।

# प्रदेश में मौसम में फिर से बदलाव के संकेत

**लखनऊ।** प्रदेश के मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो दिनों में प्रदेश के कई जिलों में बारिश, आंधी और ओलावृष्टि की संभावना है। राजधानी लखनऊ में अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2.8 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। न्यूनतम तापमान 19.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो सामान्य से 4.0 डिग्री सेल्सियस अधिक है। यहां नमी का स्तर अधिकतम 73% और न्यूनतम 35 प्रतिशत दर्ज किया गया। अगले 24 घंटे में लखनऊ और आसपास के इलाकों में आंशिक रूप से बादल छाए रहने की संभावना है। अधिकतम तापमान 34 डिग्री और न्यूनतम तापमान 20 डिग्री के आसपास रहने की उम्मीद है। मौसम विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में मेघगर्जन और बिजली गिरने की संभावना है। 15 और 16 मार्च को निम्नलिखित जिलों में मौसम बिगड़ सकता है। रविवार को बिजली गिरने और आंधी की संभावनाः बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, फरुर्खाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, मेरठ, गाजियाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर और आसपास के इलाके।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

# मंदिर में वृद्धा की सिर कूंच कर हत्या, हाथ-पैर की हड्डी भी तोड़ी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गोसाईंगंज के कासिमपुर स्थित झारखंडेश्वर मंदिर में वृद्धा की सिर कूच कर हत्या की गई। वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर कमरे पर बाहर से कुण्डी लगा कर भाग निकला। शुक्रवार सुबह वृद्धा का शव कमरे में पड़ा देख पोते ने पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। वृद्धा के सिर और आंख पर गहरी चोट थी। हाथ और पैर की हड्डियां भी टूटी मिली। पुलिस ने कुछ संदिग्धों से पूछताछ की है। कबीरपुर गांव निवासी महाराजा (85) करीब बीस साल से कासिमपुर स्थित झारखंडेश्वर मंदिर की देखरेख करती थी। वह मंदिर परिसर में बने एक कमरे में अकेले ही रहती भी थी। शुक्रवार को महाराजा कमरे से बाहर नहीं आई। पोता उमाशंकर दादी को बुलाने के लिए मंदिर पहुंचा। दरवाजे पर बाहर से कुण्डी लगी मिली। काफी देर तक आस-पास पूछताछ करने पर भी महाराजा का पता नहीं चला। वहीं, दरवाजे की कुण्डी खोलने पर वृद्धा का शव कमरे में पड़ा मिला। उमाशंकर ने वारदात की सूचना पिता राम कैलाश को फोन कर सूचना दी। महाराजा के सिर को कूचा गया था। आंख के पास भी गहरी चोट थी। वहीं, हाथ और पैर की हड्डियां भी टूटी मिली। राम कैलाश के मुताबिक परिवार की किसी से रंजिश नहीं है। ऐसे में समझ नहीं आ रहा कि महाराजा की हत्या किस वजह से की गई। बेटे राम कैलाश ने गोसाईंगंज कोतवाली में हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है।

**होली के कार्यक्रम में हुई थी शामिल:** पोते उमाशंकर ने बताया कि गुरुवार रात कासिमपुर बिरुहा इलाके में झारखंडेश्वर मंदिर परिसर में होली का कार्यक्रम था। रात 11:00 तक लोगों ने महाराजा को देखा था। शुक्रवार सुबह होली के दिन पोता उमाशंकर उन्हें लेने के लिए झारखंडेश्वर लेने के लिए पहुंचा था। उसने दरवाजा खटखटाया था। पर, अंदर से कोई आवाज नहीं आई थी।

**कमरे में रखा बक्सा टूटा मिला:** कमरे के अंदर बक्से का ताला टूटा पड़ा था। मच्छरदानी व अन्य सामान अस्त-व्यस्त था। जिसे देखने से यही लग रहा था कि महाराजा ने हत्यारों से बचने के लिए काफी संघर्ष किया था। सिर पर व शरीर के अन्य हिस्सों पर काफी चोटें भी मौजूद थीं।

**सीसी फुटेज की मदद से पुलिस कर रही तलाश :** मंदिर परिसर में बने कमरे में वृद्धा का शव मिलने की सूचना पर पुलिस टीम पहुंची। एसीपी ने बताया कि हत्या की वजह साफ नहीं है। महाराजा करीब बीस साल से मंदिर में अकेले ही रहती थी। बड़ा बेटा राम कैलाश एक मंदिर में पुजारी है। एसीपी ने कहा कि मंदिर के आस-पास लगे सीसी कैमरों की फुटेज निकलवाई गई है। जिसकी मदद से पुलिस संदिग्धों की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

## आठ साल की बच्ची से रेप, ट्रामा में भर्ती

**लखनऊ।** विभूति खंड इलाके में कंस्ट्रक्शन साइट के मुंशी ने 8 साल की बच्ची से रेप किया। मां शोर सुनकर मौके पर पहुंची तो बच्ची बेसुध हालात में पड़ी थी। बच्ची को इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया गया। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। इटावा की रहने वाली 7 साल की मासूम दूसरी कक्षा की छात्रा है। लखनऊ में अपने माता-पिता के साथ विभूति खंड इलाके में रहती है। पिता रेलवे स्टेशन की कंस्ट्रक्शन साइट में साफ-सफाई का काम करते हैं। शनिवार करीब ढाई बजे बच्ची किसी काम से घर से निकली थी। तभी साइट का मुंशी मालदा पश्चिम बंगाल निवासी मोहम्मद सरजू पुत्र अकरम ने उसको पकड़ लिया। खींच कर लेबर के कमरे में लेकर चला गया। जहां बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। बच्ची का शोर सुनकर उसकी मां पहुंची। तब तक आरोपी भाग चुका था। बच्ची को लहूलुहान हालत में देखकर उन्होंने पिता को सूचना दी। घटना के बाद परिवार बच्चे को लेकर अस्पताल भटक रहा था। तभी रास्ते में बच्ची ने एक मुंशी के बारे में बताया। हालांकि नाम नहीं बता सकी। इस पर परिवार साइट पर मौजूद सभी मुंशियों की फोटो मांगी। बच्ची को चार फोटो दिखाई गईं, जिसमें से उसने मोहम्मद सरजू को पहचान लिया। पुलिस मुकदमा दर्ज करके आरोपी सरजू की तलाश में जुटी है।

## मंदबुद्धि युवती के साथ गैंगरेप, मुकदमा दर्ज

- सीमा विवादमे उलझी रही पुलिस

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गोसाईंगंज क्षेत्र के एक गांव में मंदबुद्धि युवती के साथ गैंगरेप का आरोप लगाते हुये परिजनों ने गोसाईंगंज पुलिस को तहरीर दी। लेकिन घटना स्थल मोहनलालगंज सीमा में होने के कारण उसे मोहकनलालगंज भेज दिया। ।मोहनलालगंज पुलिस ने दर्ज करने के बजाए गोसाईंगंज की ओर टरका दिया। पीड़ित ने दोनो थानों पर मुकदमा न लिखे जाने के बाद शनिवार को मोहनलालगंज में आयोजित तहसील दिवस में शिकायत की। जिसके बाद गोसाईंगंज पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। पीड़ित पिता का आरोप चौकीदार की शह पर दबंग ने साथी संग मिलकर बेटी से गैंगरप किया। मोहनलालगंज व गोसाईंगंज पुलिस से की शिकायत तो एक दूसरे का बार्डर होने की बात कहकर टरकाया गया।

पीड़ित पिता ने शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस में लगायी जिसके बाद गोसाईंगंज पुलिस को मामला दर्ज करने का आदेश दिया गया। बता दे कि बीते गुरूवार की है। जहाँ चौकीदार रामफेर की सह पर संदीप यादव व एक अन्य ने उसका मुख दबाकर सूनसान स्थान पर ले गए। जहाँ दोनो ने मिलकर उसके साथ सेप किया। पीड़ित पिता का आरोप है कि रामकैलाश के आरोपितों को अपनी कार में बिठाकर दूसरी जगह छोड़ दिया। पीड़ित ने बताया कि जब घटना की जानकारी हुई तो पहले गोसाईंगंज फिर मोहनलालगंज पुलिस को तहरीर दी लेकिन दोनो जगहों पर मुकदमा दर्ज नही किया गया। इंस्पेक्टर गोसाईंगंज ब्रिजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि पीड़ित रहता गोसाईंगंज क्षेत्र में है। लेकिन घटना मोहनलालगंज क्षेत्र में हुई थी। बात करने के बाद पीड़ित को मोहनलालगंज भेजा गया। उन्होंने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मुकदमा मोहनलालगंज को ट्रांसफर कर दिया जाएगा। क्योकि घटना मोहनलालगंज क्षेत्र की है।

### रंग खेल रही किशोरी से रेप

लखनऊ। होली के दिन रहीमाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव में रंग खेलते समय एक नाबालिग किशोरी को दो युवकों ने खींचकर सुनसान जगह पर ले जाकर दुष्कर्म कर फरार हो गये। पीड़ित के परिजनों ने रिंकू और उसके साथी पर आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है। पूरा मामला होली के दिन शुक्रवार दोपहर करीब एक बजे का है। पीड़िता गांव में होली खेल रही थी। आरोपियो ने उसे गांव के एक खंडहर मकान में ले गए। उन्होंने किशोरी के मुंह पर कपड़ा बांधकर उसे भूसे की कोठरी में ले जाकर दुष्कर्म किया। आरोपियों ने पीड़िता को धमकी दी कि अगर किसी को बताया तो उसे और उसके परिवार को जान से मार देंगे। घटना के बाद से डरी-सहमी किशोरी ने पूरी घटना परिजनों को बताई। पीड़िता के पिता ने थाने में आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की तहरीर दी। इस संबंध में रहीमाबाद एसओ अनुभव सिंह ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। टीम गठित कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई की जा रही है।

# दो लाख रुपये लेकर हत्या को आत्महत्या साबित करने के आरोप में अतिरिक्त इंस्पेक्टर गोसाईंगंज सस्पेंड

- बीती 7 मार्च की रात भदुवा गांव के पास रेलवे ट्रैक पर मिला था चालक का शव
- 2 लाख रुपये लेकर आत्महत्या दर्शाने की जा रही थी कोशिश परिजनों ने लगाया था हत्या का आरोप

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बीते 7 मार्च की रात को गोसाईंगंज के भदुवा गाँव के पास रेलवे ट्रैक पर मिले चालक के शव की जांच के दौरान गोसाईंगंज कोतवाली पर तैनात अतिरिक्त इंस्पेक्टर महेंद्र कुमार शुक्ला पर 2 लाख रुपये की रिश्वत लेकर आत्महत्या दर्शाने की कोशिश की गई,जबकि परिजनों ने 2 लोगो पर नामजद करते हुए हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी।

इंस्पेक्टर ब्रिजेश कुमार त्रिपाठी ने जांच के दौरान पीड़ित की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया था। बता दें कि इंदिरानगर क्षेत्र के चाँदन गाँव निवासी पिता नवाब ने बताया कि उनका बेटा शहनवाज (20 वर्ष) कार चालक था। बीती 7 मार्च की शाम पड़ोस से ही बारात लेकर गोसाईंगंज के भदुवा गया था, रात करीब 2 बजे उसका शव गांव के बाहर रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला था। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था।

वहीं इंदिरानगर क्षेत्र के रहने वाले प्रदीप व प्रभात पर मृतक के पिता ने हत्या का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था जिन्हें हत्या के आरोप से बचाने के लिए गोसाईंगंज में तैनात अतिरिक्त इंस्पेक्टर(विवेचक) महेंद्र कुमार शुक्ला ने 2 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी जिसकीं जानकारी उच्चाधिकारियों को हुई तो एसीपी गोसाईंगंज को इस मामले की जांच सौंपी गई। एसीपी ऋषभ रुणवाल ने जांच के बाद अपनी रिपोर्ट डीसीपी साउथ को सौंपी जिसमे दोषी पाए जाने के बाद 13 मार्च को उन्हें सस्पेंड कर दिया गया।

**जमीन कब्जाने का भी आरोप :** गोसाईंगंज कोतवाली पर तैनात अतिरिक्त इंस्पेक्टर महेंद्र कुमार शुक्ला पर पूर्व में जमीन पर कब्जा करने का भी आरोप लग चुका है। आरोपी ने जमीन पर कब्जा करने के लिए अपने मकान में पीछे साइड दरवाजा खोलकर हाईटेंशन लाइन के नीचे बैरिकेटिंग करके कब्जा कर रखा है। जिस जमीन कब्जा किया वहीं नीचे जमीन के अंदर से भी हाईटेंशन लाइन गुजरी है। बीते 13 अगस्त 2024 को कॉलोनी के लोगो ने इस बात की शिकायत डीजीपी से की थी जिसकीं जांच तत्कालीन एसीपी गोसाईंगंज किरण यादव को सौंपी गई थी लेकिन पुलिस विभाग में पहुँच के कारण वह जांच का सही निष्कर्ष नहीं निकला। आज भी उनका कब्जा बरकरार है आरोपी इंस्पेक्टर सुशान्त गोल्फ सिटी के खुर्दही के चंद्रलोक कॉलोनी में मकान निर्माण करवा रहते भी है यह दोनो थाने साउथ जोन में भी आते हैं। नियमतः जिस जिले में आपने मकान का निर्माण करा लिया है उस जिले में आपकी तैनाती नही होगी।

**पहले भी लग चुका है भ्रष्टाचार का आरोप:** आजमगढ़ जनपद में पोस्टिंग के दौरान इंस्पेक्टर महेंद्र कुमार शुक्ला पर भी भ्रष्टाचार का आरोप लग चुका है। सूत्र बताते है कि उच्चाधिकारियों से ऊंची पहुँच के कारण बचे थे। नहीं तो वह आजमगढ़ में भी सस्पेंड हो जाते।

**विवेचनाएं शक के घेरे में :** दो लाख रुपये रिश्वत मांगने के आरोप में सस्पेंड हुए महेंद्र शुक्ला द्वारा की गई विवेचनाओं पर भी अब संदेह हो रहा है। कही पैसों को लेकर आरोपियों के नाम विवेचना से तो नही हटाये गए। इस प्रकरण के बाद लोगो ने पुनः विवेचना जो इनके पास थी कराने की मांग की है।

# विभूतिखंड थाने में वकीलों और पुलिस के बीच टकराव

- सड़कों पर फूटा अधिवक्ताओं का गुस्सा, नौ पुलिस कर्मियों सहित दस लोगो पर मुकदमा दर्ज
- वहीं पुलिस कर्मियों की तरफ से अधिवक्ताओं के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज किया गया है

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। शुक्रवार शाम को अचानक माहौल उस समय गर्म हो गया। जब विभूतिखंड थाने में वकीलों और पुलिस के बीच टकराव की खबर आग की तरह फैली। अधिवक्ता सौरव वर्मा और उनके सहयोगियों के साथ हुई कथित मारपीट और अभद्रता के बाद राजधानी में कानूनी बिरादरी में भी जमकर उबाल आ गया। देखते ही देखते सैकड़ों वकील सड़कों पर उतर आए और विभूतिखंड के आईजीपी चौराहे को जाम कर दिया।

अधिवक्ता सौरव वर्मा के मुताबिक वह अपने कुछ साथी वकीलों के साथ पैरवी के लिए विभूतिखंड थाने पहुंचे थे। जहां उन्होंने देखा कि कुछ अधिवक्ताओं को लॉकअप में बंद कर उनके साथ मारपीट की जा रही थी। जब उन्होंने इस पर आपत्ति जताई तो कथित तौर पर पुलिसकर्मियों ने उनके साथ भी अभद्रता की गाली-गलौज की और मारपीट की। इतना ही नहीं, सौरव वर्मा ने आरोप लगाया कि पुलिस ने उनकी सोने की चेन और अन्य कीमती सामान भी छीन लिया। इस घटना के विरोध में जब उन्होंने और उनके सहयोगियों ने पुलिस से जवाब मांगा तो माहौल और बिगड़ गया। वकीलों का आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी और अमानवीय व्यवहार किया। यह जानकारी सोशल मीडिया पर फैलते ही मामला तूल पकड़ गया और बड़ी संख्या में वकील विरोध प्रदर्शन के लिए एकजुट हो गए। थाने में हुई इस घटना से नाराज लखनऊ बार एसोसिएशन और सेंट्रल बार एसोसिएशन के सैकड़ों अधिवक्ता तुरंत सड़कों पर उतर आए। आईजीपी चौराहे को जाम कर पुलिस प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी शुरू कर दी। धरना-प्रदर्शन की सूचना मिलते ही पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और किसी तरह स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश की। अधिवक्ताओं की मांग थी कि दोषी पुलिसकर्मियों पर तत्काल कार्रवाई हो। अधिवक्ता सौरव वर्मा ने जो तहरीर दी, उसमें पुलिसकर्मियों पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि कुछ पुलिसकर्मी वकीलों के साथ इस कदर बर्बरता पर उतर आए कि उनको लॉकअप में डाल दिया गया और उन पर पेशाब किया गया। इस तरह उनकी मानवीय गरिमा तक को ठेस पहुंची। यहां तक कि कुछ अधिवक्ताओं के साथ अमानवीय व्यवहार करते हुए उनकी जेब से पैसे निकलवाने की धमकी तक दी गई। इस घटना के बाद लखनऊ का अधिवक्ता समुदाय पूरी तरह आक्रोशित है। बार एसोसिएशन ने स्पष्ट कर दिया है कि अगर दोषी पुलिसकर्मियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं हुई, तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन छेड़ देंगे। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने तत्काल कदम उठाए और विभूतिखंड थाने के 9 पुलिसकर्मियों समेत दस अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। जिन लोगो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज हुआ है उसमे निरीक्षक पंकज कुमार सिहं,जैदी, इरफान, योगेन्द्र सिंह सेंगर, शुभम त्यागी, अनुज कुमार सुहैल खाँ, संदीप कुमार मौर्य, अमित यादव सिपाही व अन्य पुलिस वाले शामिल है। हालांकि, वकील समुदाय इससे संतुष्ट नहीं है। उनका कहना है कि जब तक दोषियों को सस्पेंड नहीं किया जाता और निष्पक्ष जांच नहीं होती, तब तक उनका प्रदर्शन जारी रहेगा। फिलहाल यह मामला अब प्रशासन के लिए चुनौती बन गया है। इस घटना को लेकर पुलिस की हर ओर किरकिरी हो रही है।

## उपनिरीक्षक से फोन पर गाली-गलौज

लखनऊ। थाना बंथरा इलाके में उपनिरीक्षक को एक व्यक्ति द्वारा गाली गलौज किया है जिस पर उपनिरीक्षक उस व्यक्ति के खिलाफ गाली गलौज करने जा मुकदमा दर्ज करवाया है पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है। थाना बंथरा में उपनिरीक्षक ब्रजभान की तैनाती है उपनिरीक्षक ने बताया कि 14 मार्च को होली त्यौहार की शांति व्यवस्था के लिए ड्यूटी लगाई गई थी उपनिरीक्षक के मुताबिक उनका कहना है कि कटी बगिया चौराहे पर शांति व्यवस्था पर ड्यूटी पर तैनात था तभी इसी दौरान एक अज्ञात मोबाइल फोन से काल आई जिस पर बताया कि मुझे पूर्व के उपनिरीक्षक द्वारा विशाल रावत पुत्र गिरीश निवासी नीवा बरौली के अंतर्गत धारा 170/145/126 बी एन एस एस सहित कई धाराओं में कार्य वाई की गई थी जिस वजह से उक्त व्यक्ति द्वारा फोन पर गाली गलौज कर धमकी दी गई है।

# अपार्टमेंट में बिना एग्रीमेंट के ठहरीं दस विदेशी महिलाओं पर कार्रवाई

- चिनहट पुलिस ने मकान मालिक पर दर्ज किया गंभीर धाराओं में मुकदमा

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मल्हौर एक अपार्टमेंटों में बिना एग्रीमेंट के विदेशी महिलाएं रह रही हैं। महिला पुलिस ने दबिश देकर 6 फ्लैटों से 10 महिलाओं के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने जब मकान मालिकों को बुलाकर पूछताछ की तो उनको इनके काम के बारे में कुछ जानकारी नहीं थी।

पुलिस का कहना है कि विदेशी महिलाएं संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त हैं। शिकायत पर जब चिनहट स्थित शक्ति हाईट अपार्टमेंट के फ्लैट नं 304-अ में चेकिंग की तो यहां थाईलैंड की महिला मिली। उसने अपना नाम कमोनवन बताया। पूछताछ में अपने ब्वॉयफ्रेंड के साथ रुकने की बात कही। जांच की गई तो अन्य फ्लैटों में भी विदेशी महिलाएं मिली। जिनसे रेंट एग्रीमेंट मांगा गया तो नहीं दिखा सकी।

6 फ्लैट में मिलीं 10 विदेशी महिलाएं

ये महिलाएं अर्चित नाम के व्यक्ति को रेंट देती हैं। पुलिस ने अपार्टमेंट मालिक शक्ति सिंह को कॉल किया। उसे रेंट एग्रीमेंट दिखाने की बात कहकर बुलाया। विदेशी महिलाओं को रुकने की बात पूछी तो वह सही जवाब नहीं दे सका। शक्ति ने विदेशी महिलाओं के फ्लैट मे रेंट पर रुकने के कारण और काम की कोई जानकारी नहीं दे सका। जिसके बाद अपार्टमेंट के मालिक शक्ति सिंह, अर्चित और अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी कर पैसा कमाने की शिकायत दर्ज की गई है। लखनऊ के विभूति खंड स्थित होटल में 3 दिन पहले एक विदेशी महिला का शव मिला था। महिला उज्बेकिस्तान की रहने वाली थी। वह 2 मार्च को एक युवक के साथ होटल में रुकने आई थी। 3 दिन बाद युवक उसे होटल छोड़कर चला गया। इसके बाद वह कमरे में अकेले थी। फिलहाल पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# चावल की बोरी लेकर निकला चालक संदिग्ध परिस्थिति में लापता

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बिजनौर थाना क्षेत्र से एक कंपनी के ब्रोकर के माध्यम से ट्रक में चावल की बोरी लेकर निकला चालक माल सहित संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया था। कंपनी मालिक ने चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। वही बिजनौर पुलिस ने चोरों को माल सहित पड़कर एक बड़ा खुलासा कर दिया है।

बिजनौर थाना क्षेत्र के कासिमखेड़ा स्थित कुडौनी गांव के पास अडानी लिमिटेड नाम की कंपनी है। जिसमें फॉर्चून सहित कई अन्य नाम के बासमती चावल की सप्लाई की जाती है। कंपनी मैनेजर आशीष कुमार द्विवेदी ने बिजनौर पुलिस को तहरीर देते हुए बताया था कि 26 तारीख को फॉर्चून चावल की 20-20 किलो की 1399.65 बोरी के कट्टो की 2588964 कीमत का माल है। जो हसनपुर नौबस्ता कानपुर निवासी ब्रोकर अंकित यादव के आर्डर पर चालक जनपद मुरादाबाद हनुमान मूर्ति निवासी बिलाल वाहन संख्या यूपी 21 बी एन 35 66 से लेकर करनाल भेजा गया था। आशीष के मुताबिक 28 फरवरी को दोपहर 12:00 बजे तक संपर्क में रहा था। उसके बाद अचानक उसका मोबाइल बंद हो गया था। मैनेजर आशीष कुमार ने चालक बिलाल के खिलाफ वाहन व बासमती चावल की बोरी लेकर फरार होने का मुकदमा दर्ज कराया था। तभी बिजनौर पुलिस क्राइम टीम इस घटना का खुलासा करने के लिए पुरजोर से लगी थी। आखिर शुक्रवार की सुबह घटना को अंजाम देने वाले पश्चिम बंगाल के जनपद चाकोलिया बेलवाड़ी थाना निवासी जमालुर रहमान जो चालक है। यही का निवासी परिचालक बिलाल हुसैन जबकि मुरादाबाद जनपद थाना कटघर करुला निवासी सोहेल खान, वही शाहाबाद जिला रामपुर निवासी अफजल खान, मुरादाबाद निवासी चालक फैसल, यही के निवासी नबी अहमद राजा चालक को किसान पथ रोड से गिरफ्तार कर लिया। जबकि मुरादाबाद जनपद निवासी अरबाज व फहीम फरार हो गए। पकड़े गए लोगों ने बताया कि ट्रक की फर्जी आरसी व नंबर प्लेट के साथ-साथ कंटेनर के कलर को चेंज कर चावल की बोरी को इधर-उधर बेचने के फिराक में कई जगह लगे थे। तभी बिजनौर पुलिस क्राइम टीम द्वारा कंटेनर में लोड चावल की बोरियों के साथ सभी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## दो नामजद व दो अन्य अज्ञात समेत चार पर चचेरी बहनों के अपहरण का मुकदमा दर्ज

लखनऊ। ससुराल से मायके होली त्योहार पर आई दो चचेरी बहनें संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई लापता के पिता द्वारा दो युवकों व अन्य अज्ञात के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया गया है एस ओ नगराम के अनुसार आरोपी युवकों की तलाश की जा रही है। नगराम के नेवाज खेड़ा गांव निवासी रामदेव की लड़की लक्ष्मी का विवाह बीते 16 फरवरी को सुशांत गोल्फ सिटी थाना अन्तर्गत सेवई बरौना गांव के ओमप्रकाश के लड़के प्रियांशु के साथ हुआ था वहीं उसके भाई सतगुरु की लड़की पूजा का विवाह गोसाईगंज गंज के जल्ला बाद गांव से इसी सात मार्च को हुआ था। दोनों के परिजन होली त्योहार पर अपनी अपनी लड़कियों को विदा कराकर 11 मार्च को मायके नेवाज खेड़ा लाये थे, होली की रात दोनो चचेरी बहनें उस समय घर से जेवर बटोरकर लापता हो गई जब परिजन होली मिलने गये थे। लक्ष्मी के पिता रामदेव ने बताया कि गांव के बाहर चार पहिया वाहन आया था दोनों लड़कियों का अपहरण कर अज्ञात युवक भगा ले गए। जानकारी में आया है कि गांव के राजेश व उसका बहनोई फकीर खेड़ा निवासी कमल द्वारा अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर अपहरण किया गया। थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी ने बताया कि अपहरण के मामले में दीं गई तहरीर पर दो नामजद व दो अज्ञात सहित चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर तलाश की जा रही है।

## इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के इलेक्ट्रिक पैनल में लगी आग

लखनऊ। थाना बंथरा इलाके में स्थित अनाड़ी फिलिंग स्टेशन हनुमान मंदिर के पास अचानक इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के इलेक्ट्रिक पैनल में आग लग गई। आग लगने से फिलिंग स्टेशन परिसर ने हड़कंप मच गया और आनन फानन में मामले की सूचना फायर स्टेशन सरोजनी नगर कंट्रोल रूम को अस्तित्व यादव द्वारा इसकी सूचना तत्काल मुख्य अग्निशमन अधिकारी लखनऊ को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची एफ एस सरोजनी नगर के यूनिट इंचार्ज की गाली संख्या 5725 मय मौके पर पहुंची और देखा कि आग पेट्रोल पंप के मेन इलेक्ट्रिक पैनल में लगी हुई थी। जिसे वहां पर मौजूद कर्मचारियों द्वारा एक्सटिंगशर द्वारा बुझाया जा रहा है। आग लगभग बुझ चुकी थी। बावजूद इसके भी एफ एस यूनिट ने थोड़ी बहुत बची हुई आग को बुझाया। फिलहाल इस आग से कोई जनहानि नहीं हुई।

## बाइक चोरी

लखनऊ। सरोजनी नगर इलाके के बेहसा निवासी अमित कुमार ने पुलिस को बताया कि वह किसी काम से अपनी बाइक करिज्मा जेड एम आर यू पी 32 एफ पी 8470 से ट्रांसपोर्ट नगर गया था। जो कानपुर लखनऊ हाइवे से चोरी हो गई।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पुत्र मो. कैफ ने अपनी मर्जी से एक विवाहित महिला से शादी कर ली है। परिवार के प्रति उसका व्यवहार, चाल चलन ठीक न होने के कारण मैंने अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से उसको बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। **हसीब खॉ पुत्र वहाब खान नि.- पलका पोस्ट बेहटा पलका जनपद लखनऊ।**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि संस्था मदरसा मदीनतुल उलूम रसौली बाराबंकी मे जो हजरात नए सदस्य बनने के इच्छुक हैं वो संस्था के मैनेजर/सचिव से संपर्क कर अपनी सदस्यता शुल्क जमा कर के रसीद प्राप्त कर लें। साधारण सभा हेतु सदस्यता शुल्क रु.1000 व आजीवन सदस्य हेतु रु.10000 है। सदस्य बनने की अंतिम तिथि-25.03.2025 है।

**मैनेजर/सचिव**
**मदरसा मदीनतुल उलूम**
**रसौली बाराबंकी**
**संपर्क नम्बर- 9935088044**

# डीजीपी ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन, वरिष्ठ आईपीएस रहे मौजूद

- पुलिस लाइन में भी सीपी अमरेंद्र कुमार सेंगर के साथ खेली होली

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी के डीजीपी प्रशान्त कुमार के निर्देश पर कैम्प कार्यालय तिलक मार्ग में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें पुलिस मुख्यालय, लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट व अन्य इकाईयों में नियुक्त पुलिस अधिकारी एवं सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों के साथ फूलों की होली खेली गयी तथा उत्तर प्रदेश पुलिस के सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को सपरिवार होली की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुये उनके अथक योगदान की सराहना की गयी।



इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक विजलेन्स, पुलिस महानिदेशक पुलिस आवास निगम, पुलिस महानिदेशक सीबीसीआईडी, अपर पुलिस महानिदेशक कानून-व्यवस्था, अपर पुलिस महानिदेशक पीएसी, अपर पुलिस महानिदेशक अपराध, अपर पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिदेशक के जी०एस०ओ०, अपर पुलिस महानिदेशक टेक्निकल, अपर पुलिस महानिदेशक एटीएस, विशेष सचिव गृह पुलिस महानिरीक्षक कानून-व्यवस्था सहित अन्य सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे। यूपी की राजधानी लखनऊ में होली के दूसरे दिन शनिवार को पुलिस लाइन में होली खेली गई। इस दौरान अफसर से लेकर सिपाहियों तक जमकर झूमे। एक दूसरे को रंग लगाकर होली की बधाई दी। इस मौके पर पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र सिंह सेंगर सहित सभी डीसीपी और एसीपी मौजूद थे। सभी नें एक दूसरे को रंग लगाकर बधाई दी।

## युवती की नहाते समय अर्धनग्न फोटो खींचकर किया ब्लैकमेल

**लखनऊ।** थाना क्षेत्र के एक गांव में मनचले युवक ने नहाते समय एक युवती की अर्धनग्न फोटो खींचकर कर सोशल मीडिया पर वायरल करनी की धमकी देते हुए शादी करने का दबाव मनाया। युवती द्वारा मना करने पर मारपीट कर मोबाइल छीन लिया परेशान होकर युवती ने परिजनों को आपबीती बताते हुए थाने में कार्यवाही हेतु तहरीर दी।

शुक्रवार को मलिहाबाद क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित युवती ने पुलिस को तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि बीते एक माह पूर्व घर मे नहाते समय घर का दरवाजा खुला रह गया तभी नेजाभरी मजरा महमूदनगर निवासी रोशन लाल पुत्र राधेलाल घर आ धमका और नहाते समय उसकी अर्धनग्न फोटो खींच कर भाग गया। अगले ही दिन रोशनलाल ने फोनकर पीड़ित को अपने साथ भाग कार शादी करने का दबाव बनाने लगा। बीते 7 मार्च को पीड़ित मुड़ियारा रिस्तेदारी शादी समारोह में शामिल होने गई थी वापस आने पर कनार गांव के पहले रस्ते में रोशन ने युवती को रोककर पिटाई करते हुए मोबाइल फोन छीन लिया था। बीते गुरुवार को पीड़ित के मोबाइल पर रोशनलाल ने फोन अगले दिन फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देते हुए बदल बदलकर तीन नम्बरो ने काल करना शुरू कर दिया। परेशान होकर युवती ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। 14 मार्च शुक्रवार को परिजनों के साथ पहुंची पीड़ित युवती ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पीड़ित युवती का कहना है कि रौशनलाल पहले से शादी शुदा है और उसकी दो बेटियां भी हैं। इस संबंध में इंस्पेक्टर बैजनाथ सिंह ने बताया कि अभी तक थाने में तहरीर नहीं दी गई है, तहरीर मिलने पर जांच कर आवश्यक कारवाई की जाएगी। वहीं पीड़ित युवती के पिता का कहना है कि शुक्रवार को वह थाने शिकायत देने पहुंचा था लेकिन हल्के के दरोगा गौरीशंकर ने उससे तहरीर लेकर कारवाई का आश्वासन देकर घर भेज दिया था।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक/ इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/ लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु, आनलाईन 'खुली' ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण नीचे निम्नवत् है :- **ई-निविदा संख्या: NER-LJN-2025-16, कार्य का नाम :** पूउरे-लखनऊ मंडलः-लखनऊ मंडल के अधिकार क्षेत्र के अन्तर्गत पीवे ट्रैक कार्यों हेतु वेल्डिंग पोर्शन की आपूर्ति।, **अनुमानित लागत (रू) :** 3,68,30,499.84, **अग्रिम धन (रू) :** 3,34,200.00, **समापन अवधि** - 12 माह। **1.** उपरोक्त ई-निविदा संख्या **NER-LJN-2025-16** के लिये ई-निविदा दिनांक 04.04.2025 को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी। **2.** उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम् अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकार ई निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाईट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग,**
**मुजाघि/डब्ल्यू - 445 पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ**

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

# होली पर खूब दिखा उल्लास, जमकर उड़ाया रंग और गुलाल







वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी में खूब होली का उल्लास और रौनक दिखाई दी। बच्चे, बड़े और बुजुर्ग सभी रंगो के त्योहार की खुशियों में डूबते उतराते नजर आए। लखनऊ में होली के हुड़दंग का अलग ही रंग दिखाई दिया। कालोनियों, मुहल्लों से लेकर गोमती घाट तक लोग रंगों में सराबोर होकर नाचते गाते नजर आए। नवाबी शहर में हर रंग देखने को मिला। बलम पिचकारी जो तूने मुझे मारी..., होलिया में उड़े रे गुलाल और होली के दिन दिल खिल जाते हैं जैसे गीतों की मस्ती के बीच बच्चे, युवा, महिलाएं व बुजुर्ग एक साथ शामिल होकर एक दूसरे को ऐसा रंग लगाया कि पहचानना मुश्किल हो गया। नीला, पीला, हरा, गुलाबी, बैगनी रंगों में लिपटे लोगों ने खूब मस्ती की। गुलाल लगाकर गले मिलकर लोगों ने एक दूसरे को बधाई दी। पुराने लखनऊ, आशियाना, कानपुर रोड एलडीए कॉलोनी, अलीगंज व इंदिरानगर समेत कई इलाकों में होलिका दहन के साथ रंगोत्सव शुरू हुआ।

**मैं कैसै होरी खेलूंगी सांवरिया:** कई स्थानों पर प्राकृतिक रंगों और फूलों से लोगों ने होली खेलकर रंगोत्सव मनाया। एक दूसरे पर फूलों से बने गुलाल और गुलाब की पंखुड़ियों को फेंककर होली की बधाई दी। आशियाना के सेक्टर.के स्थित द्विवेदी पार्क में आशियाना परिवार की ओर से फूलों की होली के साथ ही फगुआ का आयोजन किया गया। आशियाना परिवार के अध्यक्ष आरडी द्विवेदी के संयोजन में आयोजित उत्सव में निवासियों के साथ ही कई गणमान्य लोग शामिल हुए। आलमबाग के समर विहार कॉलोनी, कृष्णानगर के मानसनगर सहित कई इलाकों में प्राकृतिक रंगों के संग होली मनाई गई।

**अबीर, गुलाल व रेन डांस के साथ मनी होली:** प्रेम का त्यौहार होली को रंग, गुलाल और रेन डान्स के साथ सरस्वती पार्क विराट खन्ड गोमती नगर के लोगो ने खुब धूमधाम से मनाया। आस्था, श्रद्धा, विश्वास के पावन पर्व मे बड़े, बच्चे, बुढे और महिलाओ ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। अन्य जगहो से भी लोग रंग और गुलाल लेकर और टोली बनाकर सरस्वती पार्क मे आते गये और होली का त्यौहार बड़े ही मस्ती से मनाते गये। होली के पर्व की खुशी बच्चे अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर दोगुना कर रहे थें वही महिलायें, बड़े बुजुर्गो ने भी एक दुसरे को रंग, अबीर और गुलाल लगाकर माहौल को खुशनुमा बनाया। इस उमंग के पर्व होली को भव्य रूप से मनाने के लिये कालोनीवाशियो ने कई दिन से खूब मेहनत की थी। विराट खन्ड गोमती नगर सरस्वती पार्क के लोग इस पर्व मे खूब बढचढ कर हिस्सा लिये और सभी गिले शिकवे भूलकर अबीर संग होली खेली इस मौके पर महिलाये और बच्चो ने पानी के बौझारो पर रेन डान्स कर खूब धमाल मचाया। इस दौरान लोगो ने गुझिया से एक दुसरे का मुह भी मीठा कराया।

**यहां भी दिखा होली का उल्लास:** आलमबाग के समर विहार कॉलोनी के बड़े पार्क में मेघना अठवानी की ओर से एकता और सद्भाव की होली खेली गई। मानसरोवर मार्केट में उमेश श्रीवास्तव और रवि कुमार के संयोजन में आयोजित होलिकोत्सव में सभी लोगों ने हिस्सा लिया। आशियाना में अवध व्यापार मंडल की ओर से आयोजित होली में अध्यक्ष ओपी आहूजा ने सभी को रंगोत्सव की बधाई दी। मानसनगर में भी होली का उल्लास देखते ही बना। गणेश चंद्र जोशी के संयोजन में आयोजित रंगारंग कार्यक्रम में समाज के कई लोगों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई दी। महानगर में महेंद्र पंत की ओर से होलिकोत्सव का आयोजन हुआ।

**श्रीमहाकाल मंदिर परिसर में फूलों की होली:** राजेंद्र नगर स्थित श्रीमहाकाल मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं ने एक कुंटल फूलों और गुलाल से होली खेली। मंदिर के संयोजक अतुल मिश्रा ने बताया कि रंगों की शाम मेरे महाकाल के नाम से हुए आयोजन में महिलाओं, बच्चों व बुजुर्गों ने फूलों व गुलाल की होली खेली। मंदिर में महाकाल बाबा का विशेष श्रृंगार किया गया। रूद्राभिषेक और आरती कर लोगों के स्वास्थ्य की कामना की गई।

## होली के गीतों में सराबोर हुए श्री श्याम भक्त



- पांच सौ किलो फूल, एक हजार किलो गुलाल से श्याम भक्तों ने खेली होली

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** न्यू हैदराबाद स्थित गोमती तट के किनारे बने खाटू श्याम मंदिर में फूलों की होली का आयोजन किया गया था। मंदिर में होली सुबह नौ बजे और यह दोपहर 12 बजे तक हुई खेली गई। इसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। श्री श्याम भक्तों का उत्साह उमंग और भक्ति भाव देखते ही बन रहा था श्री श्याम भक्त बाबा संग फूलों अर्पित की होली खेल रहे वहीं मन्दिर प्रांगण के बाहर की ओर भक्ति इत्र, हर्बल गुलाल, स्प्रे रंग उड़कर होली की उत्साह में सराबोर दिख रहे थे। महिलाओं ने भी खूब मस्ती के साथ वहां होली त्योहार सेलिब्रेट किया। भक्तों ने एक दूसरे पर फूलों से बने गुलाल से एक दूसरे को रंगों से सराबोर किया और एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी।

श्री श्याम परिवार के महामंत्री रुपेश अग्रवाल ने बताया कि इस बार पांच सौ किलो से अधिक पुष्प एवं एक हजार किलो हर्बल गुलाल से श्याम भक्तों ने होली खेली। मंदिर आने वाले सभी भक्तों को प्रसाद में गुझिया एवं ठंडाई का प्रसाद वितरित किया गया। कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल ने बताया कि बड़ी संख्या में श्री श्याम भक्तों ने मंदिर पहुंच कर बाबा के संग होली खेली। होली को देखते हुए मंदिर की भव्य सजावट की गई।

कार्यक्रम में कार्यवाहक अध्यक्ष संजीव अग्रवाल, महामंत्री रुपेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, अनिल गुप्ता हींग, अनिल अग्रवाल, सुधीश गर्ग, वीरेंद अग्रवाल, सुधीर गर्ग, अतुल अग्रवाल, अवधेश अग्रवाल, रत्नेश गोयल, लोकेश अग्रवाल, विकास अग्रवाल, विवेक मित्तल, आदित्य अग्रवाल, विजय अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, करिश्मा, बब्लू सिंघानिया, पंकज मिश्रा उपस्थित रहें।

## गंगा-जमुनी तहजीब से सराबोर रहा चौपटिया होली का जुलूस





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। 51 वर्ष पूरे कर रहा चौपटिया होली का रंगारंग जुलूस का स्वागत विभिन्न स्थानों पर मुस्लिम भाइयों ने जमकर किया। जुलूस अध्यक्ष लक्ष्मीकांत पांडे के नेतृत्व में सुबह 10:00 बजे चौपटिया बजे प्रारंभ हुआ। भोलेनाथ कुआ पर अबू बकर भाई ने पूरे परिवार के साथ सभी को लड्डू खिलाकर एवं माला पहनकर स्वागत किया। अकबरी गेट पर महामंत्री रिद्धि किशोर गौड़ ने राज्यसभा सांसद डॉ दिनेश शर्मा का स्वागत किया और उन्होंने जुलूस में पैदल चलकर सबको होली की शुभकामनाएं दी। अकबरी गेट पर मोहम्मद रिजवान, विक्टोरिया स्ट्रीट पर शामिल समसी, जमील शमशी, सलमान भाई, नवीन पांडे ने फूलों की होली खेल कर स्वागत किया। चौक चौराहे पर पहुंचने पर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने सभी को होली की शुभकामनाएं दी। रंग की बारात हरदोई रोड होते हुए चौपटिया पर समाप्त हुई। जुलूस में दो डीजे, ऊंट, तांगे, शहनाई के कारण रौनक बनी रही, लोग जमकर नाचे। जुलूस में प्रमुख रूप से उपाध्यक्ष आशीष अग्रवाल, श्यामू मिश्रा, संकेत मिश्रा, चौक न्यूजपेपर हॉकर के अध्यक्ष प्रदीप कुमार, मोहित शर्मा, श्यामू यादव, दिलीप मिश्रा, दिनेश टंडन, अनिल द्विवेदी शाहिद सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

**चौक में उड़ा गुलाल, 112 साल पुरानी ऐतिहासिक होली:** चौक सराफा बाजार में गुरुवार को होली की धूम रही। मार्केट की 112 साल पुरानी पारम्परिक ऐतिहासिक होली इस बार भी खुशियों के रंग लेकर आई। चौराहे से लेकर गली तक हवा में गुलाबी, पीला, नारंगी गुलाल रह रह कर उड़ रहा था। ढोलक की गूंज और ताल के बीच कारोबारियों की टोली आगे बढ़ते रंग बिखेरते चली। यह आयोजन चौक सराफा एसोसिएशन की ओर से किया गया। इसमें सभी सराफा कारोबारी शामिल रहे। साथ ही बच्चे भी इस होली का हिस्सा बने। सराफा कारोबारी विनोद माहेश्वरी, आदिश जैन, अतुल गुप्ता, पंकज अग्रवाल, राजकुमार वर्मा, आनन्द रस्तोगी, दीपू खत्री, देवेन्द्र रस्तोगी, अंकित मेहरोत्रा, संजय रस्तोगी रजत और यश आदि होली में शामिल रहे। इस दौरान सराफा गली से गुजरने वालों को भी गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी गईं।





# राजधानी में तीन हजार से अधिक स्थानों पर विधि-विधान से हुआ होलिका दहन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** शहर के अधिकतर गली चौराहों पर गुरुवार को होलिका दहन किया गया। विधि विधान से होलिका दहन पूजा पाठ के साथ किया गया। जिमसें गोबर के उपले, गेंहू की बालिया और गन्ने भी डाले गए। होलिका दहन के बाद युवाओ ने पूरी रात डांस और मस्ती की।

गुरुवार को भद्रा समाप्त होने के बाद रात 11:28 पर होलिका दहन शुरू हुआ। चौक, अमीनाबाद, गणेश गंज, इंदिरा नगर, महानगर, निशातगंज, राजाजीपुरम, आलमबाग, कृष्णा नगर, आशियाना समेत 3000 से अधिक स्थानों पर होलिका दहन किया गया। शहर को पांच जोन मध्य, दक्षिण, उत्तरी, पूर्वी एव पश्चिम जोन में बांट कर होलिका दहन की व्यवस्था की गई थी। जिसके अंतर्गत मध्य जोन में 1170 स्थान, दक्षिण जोन में 985, उत्तरी जोन में 704, पूर्वी जोन में 418, पश्चिम जोन में 397 स्थानों पर होलिका दहन हुआ। इस दौरान पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था रही। होलिका दहन से पूर्व ही चौराहों पर होलियारों का उत्साह देखा जा सकता था। होली गीतों से सड़के गूंजती रही और एक दूसरे पर रंग डाल होली की बधाई दी गई। बाजार में रौनक रही। गुझिया, पापड़ व होली के लिए अन्य पिचकारी, गुलाल, रंग की बिक्री होती रही।

**ढोल-नगाड़ों की धुन पर झूमते रहे लोग :** होली का उल्लास गुरुवार शाम से इस कदर बढ़ा कि होलिका दहन से पूर्व लोग होली गीतों पर झूमते-गाते रात का इंतजार करने लगे। इस वक्त गंगा-जमुनी संस्कृति की प्रतीक लखनऊ की सरजमीं पर हर तरफ होली गीत गूंज रहे और उड़ रहा रंग गुलाल। होलिका दहन से पूर्व मारवाड़ी समाज ने ठंडी होली का पूजन किया। चौक में विनोद माहेश्वरी, चौपटिया में आशीष अग्रवाल, अशोक कुमार गौड़ समेत समाज के अन्य लोगों ने परिवार समेत विधिवत होलिका का पूजन किया। इसके बाद सामूहिक होली जलाई गई।

# होलिकोत्सव : आज बिरज में होरी रे रसिया...

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** श्री अग्रवाल सभा की ओर से होली मिलन समारोह अग्रवाल शिक्षा संस्थान परिसर मोतीनगर लखनऊ में धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। होलिकोत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों में लोकनृत्यों, फूलों की होली एवं हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।

श्री अग्रवाल सभा के वरिष्ठद सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने महाराजा अग्रसेन के चित्र पर मार्ल्यापण एवं पूजन करके कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया तत्पश्चात समिति के सदस्यों एवं परिवारी जनों ने एक-दूसरे को गले मिलकर, हर्बल अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। नए रंग और नई उमंग है लाई, होली मिलन की बेला पर शिव बिहारी ने हास्य कविताओं से सभी उपस्थित जनों को गुदगुदा कर ठहाके लगाने पर विवश कर दिया। अगले क्रम में नन्ही बालिका शिक्षा अग्रवाल की विभिन्न प्रदेशों में होली नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुति ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कानपुर के शिव शनि समूह ने आज बिरज में होरी रे रसिया, आज बिरज में होरी रे..., उतसे आये कुंवर कन्हैया, इतसे राधा गोरी रे..., होरी खेले रघुवीरा अवध में होली खेले रघुवीरा... जैसे फाल्गुन के मस्ती भरे लोकगीतों पर मनमोहक रंगारंग लोकनृत्यों की प्रस्तुति दी। दो कुंतल रंग बिरंगे फूलों की होली खेली गई। समिति के सभी सदस्यों ने शिव शनि समूह के कलाकार के साथ फूलों व हर्बल रंग गुलाल की होली खेल फाल्गुन के मस्ती पर झूमने लगे। फूलों की होली में वृन्दावन बिहारी जी का स्वरुप, राधा-कृष्ण और श्रीकृष्ण के विविध स्वरूपों के दर्शन के कराए। कार्यक्रम का शुभारंभ से पूर्व प्रथम पूज्य गणेश की वंदना एवं दीप प्रज्जवलन किया गया। होली की मस्ती बढ़ाने के लिए ठंडाई, चाट एवं प्रीतभोज का भी व्यवस्था समिति की ओर से की गई। इस मौके पर समति के अध्यक्ष- डा0 जगदीश चन्द्र अग्रवाल ने समिति बंधुओं का स्वागत पटका और महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा से सम्मानित कर अभिनंदन किया, देश की तरक्की में अग्र समाज का सबसे बड़ा योगदान एवं संगठन की उपलब्धियां गिनाई।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद नगीना जिला बिजनौर उत्तर प्रदेश

पत्राकः-22/न.पा.परि.नगीना/अ.का.नि./निमार्ण/2024-25 दिनांकः-10-03-2024

### अल्पकालीन निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद नगीना के समस्त पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि 02 प्रतिशत अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क से प्राप्त धनराशि से निम्नलिखित निर्माण कार्य कराये जाने हेतु अल्पकालीन निविदाऐं आमंत्रित करती है, जो पंजीकृत ठेकेदार कार्य लेना चाहते है वह निविदा हेतु निर्धारित फार्म, निर्धारित मूल्य कार्यालय नगर पालिका परिषद नगीना में जमाकर प्राप्त कर सकते है, जो ठेकेदार अनुमान देखना चाहते है वह कार्यालय समय मे नगर पालिका परिषद नगीना मे देख सकते है। निविदा दिनांक 12-03-2025 को सायं 04:00 बजे तक नगर पालिका परिषद नगीना से खरीद की जा सकती है। सीलबंद निविदा दिनांक 19-03-2025 को 04:00 बजे सायं तक कार्यालय नगर पालिका परिषद नगीना में प्राप्त की जायेगी तथा प्राप्त निविदाये अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष महोदय द्वारा ठेकेदारो की उपस्थिति मे दिनांक 19-03-2025 को सायं 4.30 बजे खोली जायेगी। अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष नगर पालिका परिषद नगीना को यह अधिकार होगा कि वह बिना कोई कारण बताये किसी भी निविदा को निरस्त कर सकते है।

2- निविदा डालने के समय आंकलन की धनराशि का 02 प्रतिशत धरोहर राशि एन.एस.सी. या नकद के रूप मे टेण्डर डालते समय अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद नगीना के नाम बन्धक कर जमा करनी अनिवार्य होगी।

3- प्रत्येक निविदा के साथ आयकर का पैन नम्बर, व्यापार कर का रजिस्ट्रेशन, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी अध्यावधिक निविदा के सम्बन्ध में अनापत्ति प्रमाण पत्र, चालू वर्ष का चरित्र प्रमाण पत्र एवं चालू वर्ष की हैसियत प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। श्रम विभाग में पंजीयन का प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा। किसी भी ठेके को तब तक स्वीकृत नही किया जायेगा जब तक सम्बन्धित ठेकेदार द्वारा जिला मजिस्ट्रेट द्वारा प्रदत्त प्रस्तावित संविदागत कार्य करने की क्षमता एवं सन्तोषजनक गतिविधियों सम्बन्धित प्रमाण पत्र निर्धारित प्रारूप मे प्रस्ततु नही किया जायेगा।

4- प्रत्यके निविदा के साथ 100 रुपए के स्टाम्प पर नोटरी द्वारा सत्यापित एवं घोषणा पत्र देना अनिवार्य होगा जिसका प्रारूप कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है ।

5- यदि निविदा बिक्री एवं प्राप्ती दिनांक को आकस्मिक अवकाश पड़ता है तो उस से आने वाले अगले दिन कार्यालय दिवस में की जायेगी। अन्य शर्तें कार्यालय में देखी जा सकती है। सशर्त किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि | टेण्डर डालते समय धरोहर राशि 2 प्रतिशत | निविदा फार्म मूल्य | कार्य/ पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सी.सी. सड़क व नाली का निर्माण कार्य वार्ड संख्या 24 मौहल्ला विश्नोई सराय द्वितीय में जोशीवाले मन्दिर से अनिल के मकान तक (लम्बाई 110मी.) | 578978 | 11580 | 579 | 15 दिन |
| 2. | सी.सी. सड़क व नाली का निर्माण कार्य वार्ड संख्या 03 मौहल्ला चौधराना में रोशन बेकरी से रिजवान के मकान से होकरताहिर के मकान तक (लम्बाई 127 मी.) | 937124 | 18742 | 937 | 15 दिन |
| 3. | सी.सी. सड़क व नाली का निर्माण कार्य वार्ड संख्या 07 मौहल्ला आजाद कॉलोनी नगीना में मनोज के मकान से राजपाल के मकान तक (लम्बाई 70.50मी.) | 372317 | 7446 | 372 | 15 दिन |

**(संदीप कुमार सक्सैना)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद नगीना**

**(ताहिरा बेगम)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद नगीना**

# शहर के गुरुद्वारों में श्रद्धा-सत्कार से मना होला-महल्ला पर्व





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शहर के विभिन्न गुरुद्वारों में होला महल्ला श्रद्धा.सत्कार से मनाया गया। ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी यहियागंज में शाम 7 बजे से 11 बजे तक होला महल्ला बड़ी श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। गुरुद्वारा सचिव मनमोहन सिंह हैप्पी ने बताया कि डॉ गुरमीत सिंह के संयोजन मे विशेष रूप से भाई नवनीत सिंह श्री दरबार साहिब अमृतसर एवं भाई गगनदीप सिंह लखनऊ एवं ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने कथा एवं कीर्तन द्वारा संगतो को निहाल किया। गुरु गोबिंद सिंह जी ने सिखों में वीरता का रस भरने के लिए शुरू किया होला-महल्ला। वैसे तो पूरे भारत वर्ष में होली का त्यौहार पूरी धूमधाम तथा श्रद्धा से मनाया जाता है, परंतु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी ने होली की जगह पर होला-महल्ला शुरू किया। यह त्यौहार सिखों में वीरता का रस भरने के लिए शुरू किया गया। श्री आनंदपुर साहिब के निकट गांव अगंमपुर के स्थान पर एक खुले मैदान में गुरु गोबिंद सिंह जी ने 22 फरवरी, 1701 ई. को सारी संगत को बड़ी संख्या में इकट्ठे होकर श्री आनंदपुर साहिब से वहां पर पहुंचने के लिए कहा। यह होली के दूसरे दिन की बात है।

**होला महल्ला गुरमति समागम के रुप में मनाया गया:** होली पर दशमेश पिता साहिब श्री गुरू गोबिन्द सिंह जी महाराज द्वारा आरम्भ की गयी परम्परानुसार खालसे की चढ़दी कला एवं न्यारेपन का प्रतीक होला महल्ला गुरमति समागम के रुप में श्री गुरु सिंह सभा ऐतिहासिक गुरूद्वारा श्री गुरू नानक देव जी श्री गुरू सिंह सभा नाका हिण्डोला, लखनऊ में बड़ी श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर प्रातः 6 बजे श्री सुखमनी साहिब के पाठ से दीवान आरम्भ हुआ जो दोपहर 1.30 बजे तक चला जिसमें रागी जत्था भाई राजिन्दर सिंह जी ने अपनी मधुरवाणी में होली कीनी संत सेवा। रंग लागा अति लाल देव।। लाल रंग जिस कउ लगा जिस के वडभागा, मैला कदे न होवइ न लागे दागा। शबद कीर्तन गायन कर आई साध संगत को भाव विभोर करते हुए गुरबाणी के रंगों में भिगोया तत्पश्चात ज्ञानी सुखदेव सिंह जी ने होली की महत्ता और सत्य की विजय के सम्बन्ध गुरमत विचारों से अवगत कराते हुए कहा कि आज ही के दिन सरबंस दानी साहिब श्री गुरू गोबिन्द सिंह जी महाराज ने आनन्दपुर साहिब में होला महल्ला मनाने की विधि सिखाई। अकाल पुरख की बन्दगी एवं रसमयी कीर्तन से इस दिन नगर कीर्तन निकालते एवं सिंहों के दो दल बनाकर मुकाबले करवाते और शेर दिलों को पुरस्कार देते और इत्र एवं स्वच्छ गुलाल से होला महल्ला मनाते थे सांसारिक रंगों से दूर रहकर गुरबाणी के रंगों में रंग प्रभु भक्ति में लीन रहने का उपदेश देते थे। इस अवसर पर दशमेश सेवा सोसाइटी द्वारा खेलों का आयोजन किया गया जिसे सोसाइटी संचालक मंडल के ताजेंद्र सिंह, इंद्रजीत सिंह, राजेंद्र सिंह बग्गा और कुलदीप सिंह सलूजा ने संपन्न करवाया, और विजेताओं को पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम का संचालन सतपाल सिंह मीत ने किया। दीवान की समाप्ति के पश्चात लखनऊ गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी एवं ऐतिहासिक गुरूद्वारा श्री गुरू नानक देव जी नाका हिंडोला के अध्यक्ष स. राजेन्द्र सिंह बग्गा ने आई समूह संगत को होले महल्ले की बधाई दी। उसके उपरांत दशमेश सेवा सोसाइटी के सदस्यों द्वारा गुजिया एवं गुरु का लंगर वितरित किया गया और संगत के ऊपर पुष्प वर्षा और गुलाब जल का छिड़काव किया गया।

## होली पर निकाली गई भगवान नरसिंह की यात्रा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ- लखनऊ द्वारा श्री नरसिंह भगवान होलिकोत्सव यात्रा समिति के तत्वावधान में होली वाले दिन,रंगोत्सव पर्व का आयोजन ऐशबाग रामलीला मैदान में किया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख स्वांत रंजन जी ने उपस्थित समाज को संबोधित करते कहा कि हिंदुओं का प्रत्येक उत्सव आनंद का उत्सव रहता है , समस्त हिन्दू जनमानस देश में ही नही अपितु पूरे विश्व में सामाजिक समरसता का यह पर्व होली बड़े उल्लास एवं धूमधाम से मनाया जाता है।

होलिकोत्सव असत्य पर सत्य का , अधर्म पर धर्म की विजय का पर्व है । यह सामाजिक समरसता का अद्भुत परिचायक है इसे समस्त जाति धर्म पन्थ सम्प्रदाय के लोग बड़ी धूम धाम से मानते है । स्वान्त जी द्वारा पुनः स्मरण कराया गया की अभी हाल में ही प्रयागराज में आयोजित सामाजिक समरसता के महाकुंभ पर्व में करोड़ों की संख्या में नर नारी बाल ब्रंद एक साथ एक घाट पर स्नान कर रहे थे ,पूर्व काल में कुछ भ्रम फैलाया गया, परन्तु अब हिन्दू समाज जाग्रत है ।संघ की प्रार्थना और श्री नरसिंह भगवान की आरती के पश्चात रामलीला मैदान से रंगोत्सव यात्रा प्रारम्भ होकर पीली कालोनी ,मुख्य मार्ग से होते हुए पुनः रामलीला मैदान में समाप्त हुई । यात्रा में सैकड़ों की संख्या में लोगों ने भाग लिया ।

पूरी यात्रा में सभी लोग भांगड़ा डी.जे की धुन पर थिरकते रहे ।यात्रा की एक विशेषता थी कि केवल भगवा रंग का गुलाल ही प्रयोग हुआ। कई कुन्तल भगवा गुलाल,गुलाब के फूल से वातावरण भगवा मय हो गया । यात्रा में पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के प्रचारक अनिल एवं अवध प्रांत के प्रचारक कौशल, विभाग प्रचारक अनिल, संजय,हरिश्चंद्र अग्रवाल प्रशान्त भाटिया, तारा, सुरेंद्र बक्शी, अनुज भाग कार्यवाह, हरि कुमार, अभय उपाध्याय निखिल स्थानीय, प्रतिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे ।यात्रा में लगभग 600 लोगों ने भाग लिया । यात्रा का प्रमुख उद्देश्य होली के सम्बंध समाज में फैली कुरीति ऊँच नीच तथा भेद भाव को समाप्त कर समरस स्वस्थ समाज की स्थापना करना है । होली का त्योहार आपसी भाई चारा प्रेम तथा सौहार्द पूर्ण वातावरण निर्माण कर ,होली के सम्बंध में व्याप्त नकारात्मक की छवि को समाप्त करना ,एवम स्वच्छ वातावरण निर्माण करना है ।

# झूलेलाल घाट पर खेली गयी फूलों की होली

## महिलाओं को मिला सनातन शिरोमणि व गौरव सम्मान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सनातन महासभा की ओर से झूलेलाल घाट पर पूर्णिमा पर माँ गोमती आरती का आयोजन गुरुवार को किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ प्रवीण ने बताया कि नवांशिका फाउंडेशन द्वारा निर्देशित श्रीराधा कृष्णा व गोपियों संग भव्य फूलों की होली नृत्य नाटिका का विशेष प्रस्तुति ने श्रद्धालुओ का मन मोह लिया और बाद भक्तों को होली में श्रीराधा कृष्ण रूप ने सम्मिलित किया। समाजसेवियो में डॉ. राजेश मिश्र'आचार्य' सहित महिलाओं को सनातन शिरोमणि व गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। महासभा के महासचिव देवेंद्र शुक्ल ने बताया महाआरती के बाद 501 दीपो से घाट दीवाली की तरह जगमगा उठा, साथ ही इस बार नशा व अपराध मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नशा मुक्त प्रदेश बनाने का संकल्प लिया गया। संचालन प्रवक्ता विकास मिश्र ने किया। बाद में ब्रह्मलीन संत राम इकबाल तिवारी की तीसरी पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस मौके पर सी पी अवस्थी, रमेश चन्द्र बेरी, आशा सिंह, रामकिशोर शुक्ल, रवि कचरू, एड. शैलेन्द्र श्रीवास्तव, संजीव पांडेय, विजय मिश्र, डॉ. शशि मिश्रा, रेनू सिंह, मधुबाला, अर्जुन द्विवेदी, शोभित सिंह, गीता पाल, रेनू शर्मा, मुकेश आनंद, पूनम तिवारी, आरती पांडेय, विश्वनाथ शुक्ल, अतुल तिवारी, रजनी पाल, शोभित सिंह आदि मौजूद रहे।

## होली के भजन और गीतों का आनंद लिया

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** नव अंशिका फाउंडेशन की ओर से नव अंशिका महिला माह के अंतर्गत आयोजित द ग्रेट शक्तिस्वरूपा उत्सव के चौथे चरण की तीसरी कड़ी के रूप में शनिवार 15 मार्च को लाजवाब रंग-रंगीली सहेली कार्यक्रम का आयोजन गोमती नगर स्थित रेल विहार कॉलोनी परिसर में किया गया। इसमें फूलों की होली के साथ-साथ होली के भजन और गीतों का भी आनंद आगंतुकों ने भरपूर उठाया।

रंग-रंगीली सहेली कार्यक्रम में होली खेले रघुवीरा, होलिया में उड़े गुलाल, आज बिरज में होरी रे रसिया और रंग बरसे जैसे लोकप्रिय होली गीतों ने कार्यक्रम को परवान चढ़ाया। इसमें लोगों ने सेफ होली और हेल्दी होली का संदेश देते हुए फूलों की होली, खेल कर धमाल मचाया। इस अवसर पर महिलाएं एक से बढ़कर एक साज-सज्जा करके आयीं थी जिन्हें इस कार्यक्रम में सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर संस्था की उपाध्यक्ष नीरा लोहानी, अंतरराष्ट्रीय महिला हॉकी खिलाड़ी मंजू बिष्ट, रेखा शर्मा, चन्द्रप्रभा मायर, सावित्री देवी, रचना सिंह, मीना श्रीवास्तव, पूनम पाण्डेय, ललिता सरीन, आभा सिंह, गरिमा श्रीवास्तव, शाहिन खान, रेनू जोशी, डॉ.शालिनी दत्त, आनंदिता कौशिक, पम्मी मायर, प्रीति शर्मा सहित कई अन्य विशिष्ट जन उपस्थित रहे। लोगों ने होली के गुझिया नमकपारे, दही बड़े, कांजी जैसे होली के खास पकवानों का भी लुत्फ उठाया। नव अंशिका फाउंडेशन संस्था की अध्यक्षा नीशू त्यागी ने बताया कि नव अंशिका महिला माह की शुरूआत शनिवार 1 मार्च से हुई है। इस साल चूंकि महिला दिवस शनिवार को मनाया गया इसलिए मार्च माह के सभी पांचों शनिवारों को, मिशन शक्ति को समर्पित प्रेरक कार्यक्रम शक्तिस्वरूपा उत्सव के अंतर्गत आयोजित किये जा रहे हैं। इसमें विभिन्न वर्गों से सम्बंध रखने वाली यूपी की सशक्त बेटियों को शामिल किया जाएगा।

## होली पर 'चकल्लस' कवि सम्मेलन का आयोजन, कवि फौजदार सम्मानित



लखनऊ। लखनऊ के चौक इलाके में बुधवार को होलिकोत्सव समिति ने हास्य कवि सम्मेलन, चकल्लस का आयोजन किया। इस कवि सम्मेलन का आयोजन होली के पुनीत पर्व पर पिछले कई सालों से हो रहा है। कवि सम्मेलन में यूपी के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक समेत डॉ दिनेश शर्मा, लखनऊ मेयर, भाजपा विधायक डॉ नीरज बोरा मौजूद रहे। मशहूर कवियों की ये महफिल देर रात तक चलती रही। जानेमाने कवि फौजदार सहित कई मशहूर कवियों ने शिरकत की और कविताओं से महफिल में चार चांद लगा दिए। इस मौके पर कवि फौजदार को डा. दिनेश शर्मा ने सम्मानित किया।

## एक-दूसरे को रंग व गुलाल लगाकर मनाया आनंदोत्सव




**लखनऊ।** दो दिवसीय होलिकोत्सव 2025 का भव्य आयोजन मकसद संस्था द्वारा भिकियासैण अल्मोड़ा में संस्कृति निदेशालय के सहयोग से 12 एवं 13 मार्च 2025 को किया गया। इस कार्यक्रम का निर्देशन हेमा बिष्ट ने किया। होलिकोत्सव में महिला एवं पुरुष होलियारों ने पारंपरिक बैठकी होली और खड़ी होली के सुर बिखेरे। एक-दूसरे को गुलाल लगाकर आनंदोत्सव मनाया गया। होलियारों ने प्रसिद्ध कुमाऊनी होली गीत प्रस्तुत किए जिसम सर्प्रथम सिद्धि के दाता विघ्न विनाशन होली खेले गिरजापति नंदन, शिव मन माहि बसे काशी, जल कैसे भरु यमुना गहरी, गोरी प्यारो लगो तेरो झनकारो, होली खेले पशुपति नाथ, सुमिरो सीताराम, मेरो रंगोलो देवर सहित कुमाऊनी गीतों में होलियारों ने नृत्य भी किया। महिला होलियार श्रीमती हेमा बिष्ट, पुष्पा बिष्ट, राधा डंगवाल, मधुली देवी, हंसी देवी, किरण बिष्ट, दीपा बिष्ट, गीता बिष्ट, मंजू रावत, गंगा देवी, जयंती देवी, हेमा अधिकारी, ज्योति जोशी, रेखा गोस्वामी, कमला मेहरा, लीला बिष्ट, पार्वती, शोभा पुरुष होलियार झ मनोहर सिंह, भरत सिंह, पूरन, जगत, कैलाश, पान सिंह, महेंद्र नेगी, लाल सिंह बिष्ट,महेश आर्या, आनंद, ललित आदि। होलिकोत्सव में रंगों की उमंग के साथ कुमाऊंनी संस्कृति की झलक दिखाई दी। इस भव्य होलिकोत्सव में क्षेत्र के अनेक नागरिक, कलाकार, और संगीत प्रेमी, होलियार महिला पुरूष उपस्थित हुए। सभी ने कुमाऊनी होली को और अधिक प्रचारित करने एवं युवा पीढ़ी तक पहुँचाने का संकल्प लिया। इस आयोजन ने एक बार फिर साबित कर दिया कि उत्तराखंड की होली मात्र एक पर्व नहीं, बल्कि संस्कृति और लोक परंपराओं का जीवंत उत्सव है। सचिव हेमा बिष्ट ने सभी होलियारों को होली की शुभकामनाएँ दी।

# 11 वेदियों से हुई गोमती आरती महिलाओं का हुआ सम्मान



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। नमोस्तुते मां गोमती के तत्वावधान में फाल्गुन मास की पूर्णिमा पर मंदिर के सामने बने उपवन घाट पर श्रीमनकामेश्वर मंदिर की श्रीमहंत देव्यागिरी महाराज की अगुवाई में 11 वेदियों स आरती की गई। महिला दिवस के उपलक्ष्य में श्रीमहंत ने 51 महिलाओं को सम्मान भी किया। शाम को पहले गोमती मैया की आरती की गई। गौरजा गिरी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आरती पूजन करयाया। इसके बाद घंटे-शंख की ध्वनि के साथ आरती की गई। आरती के समय उपवन घाट का माहौल भक्तिमय हो गया था। इसके बाद श्रीमहंत देव्यागिरी गिरी जी महाराज ने मंदिर की प्रमुख सेवादार उपमा पांडे, रेनू मिश्रा, मोनी अग्रवाल, किरन कपूर, ज्योति, सुमन तिवारी, सरोज, वर्तिका सहित 51 महिलाओं को उपहार देकर सम्मानित किया।

# इस्कॉन मंदिर में धूमधाम से मना गौर पूर्णिमा महा महोत्सव

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री श्री राधा रमण बिहारी मंदिर (इस्कॉन) सुशांत गोल्फ सिटी, लखनऊ में 14 मार्च 2025 दिन शुक्रवार को श्री चैतन्य महाप्रभु का प्राकट्य दिवस (गौर पूर्णिमा) महा महोत्सव का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ इस्कॉन, लखनऊ के आदरणीय अध्यक्ष श्रीमान अपरिमेय श्याम प्रभु जी द्वारा श्री चैतन्य महाप्रभु का अभिषेक एवं पूजन करके किया गया, जिसके बाद क्रमानुसार अन्य सभी कार्यक्रम संपन्न हुए गौर कथा के साथ ही भगवान का भजन, कीर्तन एवं नृत्य आदि हुआ। श्री चैतन्य महाप्रभु का प्राकट्य दिवस सभी भक्तों ने बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया। गौर कथा में मंदिर के अध्यक्ष श्रीमान अपरिमेय श्याम प्रभु जी ने बताया की इस कलयुग में आज से करीब 500 वर्ष पहले भगवान श्रीकृष्ण स्वयं इस धरा पर श्री चैतन्य महाप्रभु के रूप में लोगों का कल्याण करने के लिए अवतरित हुए तथा उन्होंने हरिनाम संकीर्तन के महत्त्व को सम्पूर्ण भारतवर्ष में फैलाया। श्री चैतन्य महाप्रभु के अनुसार हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे, हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे' यह महामंत्र सबसे ज्यादा मधुर और भगवान को प्रिय है और इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए उनके सेनापति के रूप में श्रील प्रभुपाद जी ने सम्पूर्ण विश्व में हरिनाम एवं हरे कृष्ण महामंत्र तथा श्री चैतन्य महाप्रभु जी की शिक्षाओं का प्रचार-प्रसार जनमानस में किया। अंत में श्रीमान अपरिमेय श्याम प्रभु जी ने सभी लोगों से अधिक से अधिक हरे कृष्ण महामंत्र एवं गीता का स्वाध्याय करने के लिए कहा जिससे समस्त जनमानस का कल्याण होगा। कार्यक्रम कि समाप्ति पर सभी उपस्थित भक्तों ने स्वादिष्टप्रसादम (भंडारा) का आंनद लिया।

# भाजपा नेता नीरज सिंह के आवास पर हुई फूलों की होली

- कार्यक्रम में सभी ने गुझिया, ठंडाई और चाट का उठाया लुफ्त

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भाजपा के वरिष्ठ नेता नीरज सिंह द्वारा होली से पूर्व गुरुवार को विभूति खंड गोमती नगर आवास के सामने आईएमआरटी बिजनेस स्कूल ग्राउंड में शाम को आयोजित रंगारंग होली मिलन समारोह में वरिष्ठ नेता गण, जनप्रतिनिधि, विभिन्न सामाजिक, धार्मिक व व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों सहित हजारों की संख्या में प्रबुद्ध जन और कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि होली समागम कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा, प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला, प्रदेश महामंत्री संजय राय, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, एमएलसी मुकेश शर्मा, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक डॉ नीरज बोरा, एमएलसी रामचंद्र प्रधान, अवनीश पटेल, मुख्यमंत्री गृह सचिव संजय प्रसाद, सलाहकार अवनीश अवस्थी, सचिव आरके सिंह, सीएमओ एनबी सिंह सहित व्यापारी नेता, पार्टी पदाधिकारी, पार्षद गण, मंडल अध्यक्ष व हजारों की संख्या में कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

नीरज सिंह ने मुख्य अतिथियों का गुलाल लगाकर और रंगारंग अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर और गले मिलकर होली की बधाई शुभकामनाएं दी। एक ओर मंच पर कलाकारों द्वारा होली के गीत और भजनों की प्रस्तुति चल रही थी जिस पर उपस्थित लोग भी थिरके और जमकर गुलाल उड़ाया गया। कार्यक्रम के दौरान फूलों की होली भी खेली गयी। नीरज सिंह ने उपस्थित सभी लोगों पर फूलों की वर्षा की। कार्यक्रम के साथ ही सभी ने गुजिया, ठंडाई और चाट का लुफ्त उठाया। नीरज सिंह ने कहा कि होली के पावन पर्व पर सभी को होली की बधाई व शुभकामनाएं देता हूं और ईश्वर से कामना करता हूं कि सभी को सुख, संपत्ति, समृद्धि और सम्मति दे।

## जरूरतमंद बच्चों संग मनाया होलिकोत्सव

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आशियाना क्षेत्र की सेक्टर-एम स्थित रिक्शा कॉलोनी में शुक्रवार, 14 मार्च 2025 को होली का रंगारंग उत्सव कुछ अलग अंदाज में मनाया गया। जहां पूरे देश में लोग होली के रंगों में सराबोर होकर खुशियां मना रहे थे, वहीं इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी ने समाज के उस तबके के बच्चों के चेहरों पर मुस्कान बिखेरी, जो अक्सर त्योहारों की खुशियों से वंचित रह जाते हैं। इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी के संस्थापक विपिन शर्मा और उनकी टीम ने अकिंचन, निराश्रित, निर्धन, असहाय और जरूरतमंद बच्चों के साथ मिलकर होलीकोत्सव का आयोजन किया। मीडिया प्रभारी दीपक भुटियानी नें बताया इस दौरान करीब 250 बच्चों को रंग, गुलाल, फल, बेफर्स, केक, पिचकारी और मिठाई वितरित की गई।

आशीष श्रीवास्तव नें कहा कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 9:00 बजे हुआ, जहां बच्चों ने रंगों से खेलते हुए अपनी खुशियों का इजहार किया। संस्था से विकास पाण्डेय बोले बच्चों की हंसी, मस्ती और रंगों के बीच पूरा माहौल उमंग और उत्साह से भर गया। संस्थापक विपिन शर्मा ने अपने संबोधन में कहा, हमारा उद्देश्य समाज के उन नौनिहालों को त्योहारों की खुशियां देना है, जिनके पास साधन नहीं होते। हर बच्चे का अधिकार है कि वह खुशियों से भरे त्योहारों का हिस्सा बने।

संजय सिंह से हुई चर्चा में उन्होंने कहा स्थानीय लोगों और सामाजिक कार्यकताओं ने भी इस पहल की सराहना की और इसे समाज में सकारात्मक बदलाव की ओर बढ़ता कदम बताया। गीता प्रजापति नें बताया संस्था द्वारा की गई इस पहल ने यह साबित कर दिया कि सच्ची खुशी तभी है, जब हम जरूरतमंदों के चेहरों पर मुस्कान बिखेरें। अनुराग दुवे नें कहा इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी की यह पहल समाज में एक सकारात्मक संदेश देती है कि त्योहार केवल अपनों के साथ ही नहीं, बल्कि जरूरतमंदों के साथ मिलकर मनाने से इसकी खुशियां और बढ़ जाती हैं।

## गणित प्रतियोगिता में पृषा चैम्पियन



लखनऊ। सीएमएस के अलीगंज द्वितीय कैम्पस की कक्षा-1 की मेधावी छात्रा पृषा बाजपेयी ने इंटरनेशनल एबेकस प्रतियोगिता में चैम्पियन का खिताब अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता शैक्षिक संस्था ब्रेनोब्रेन के तत्वावधान में आयोजित ब्रेनोब्रेनफेस्ट-2025 के अन्तर्गत आयोजित हुई। सीएमएस प्रबंधक प्रो. गीता गांधी किंगडन ने विद्यालय की इस होनहार छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सीएमएस के हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने दी है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में कई प्रतिष्ठित विद्यालयों के प्रतिभाशाली छात्रों ने प्रतिभाग कर अपनी गणितीय प्रतिभा का प्रदर्शन किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सीएमएस अलीगंज द्वितीय कैम्पस की इस मेधावी छात्रा ने एबेकस के माध्यम से विभिन्न ट्रिक्स अपनाकर गणित के सवालों के जवाब निकाले एवं अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चैम्पियन होने का गौरव प्राप्त किया। आयोजकों ने इस प्रतिभाशाली छात्रा की बहुमुखी प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए प्रशस्ति पत्र, मेडल व ट्राफी देकर सम्मानित किया।

संक्षेप

## सुरक्षा मानकों को लेकर श्रमिकों को किया गया जागरूक

**देवरिया।** सुरक्षा मानको को लेकर मजदूरों समेत आम जन में जागरूकता पैदा करने हेतु देश की मानिंद पेट्रोलियम कंपनी जिओ वीपी मोबिलिटी द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के अंतिम दिन धनौती रजडीहा में निमार्णाधीन डी एस फ्यूल द्वारा सुरक्षा कैंप आयोजित किया गया। जिसमें कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों ने सुरक्षा मानकों को अपनाने पर बल दिया। कार्यक्रम की शुरूआत कंपनी के स्टेट प्रोजेक्ट हेड पूर्वी इंजीनियर शारीक आलम ने बतौर मुख्य अतिथि सुरक्षा झंडा फहराकर किया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री आलम ने सुरक्षा उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला और लोगों से खासकर मजदूरों से अपील की कि वे सुरक्षा मानको की अनदेखी न करें। क्योंकि स्वास्थ्य आज और सुरक्षा एक दूसरे के पूरक हैं। जियो बीपी के एनडीएम अनिल मौर्य ने उपस्थित मजदूरों को सुरक्षा उपयोगी टिप्स दी और उनसे सवाल जवाब भी किया। क्लस्टर इंजीनियर संदीप द्विवेदी ने सुरक्षा मानकों के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। जबकि एरिया सेल्स मैनेजर शशांक शुक्ला ने मजदूरों से सुरक्षा पर ध्यान देने पर बल दिया।

इस अवसर पर घनश्याम पति त्रिपाठी, रेवती रमण बलराम सिंह, अवनीश मणि, अम्बरीष मणि, अभिलाष त्रिपाठी और अमित मिश्रा ने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन अवनीश मणि ने किया। वही धनंजय मणि ने सभी का स्वागत किया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने सुरक्षा मानकों की शपथ ली।

# उत्साह के साथ शांतिपूर्ण ढंग से मनायी गयी होली

## दोनों समुदाय ने भाईचारे की पेश की मिसाल, पहले रंगोत्सव फिर अदा की गयी नमाज



जिला संवाददाता(vol)

**कुशीनगर।** होली और जुमे की नमाज एक ही दिन होने के कारण कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जिले में रंगों का त्योहार पारंपरिक उत्साह के साथ शांतिपूर्ण ढंग से मनाया गया। होली के अवसर पर जिले में तमाम जगहो पर पारंपरिक नरसिंह जुलूस' भी निकाला गया।छिटपुट घटनाओं को छोड़कर पूरे जिले में शांति रही। जिन जगहों पर कुछ विवाद हुए, वहां पुलिस ने तत्परता दिखाई और समय रहते स्थिति संभाल ली गई।

जिले में ढाई हजार से अधिक स्थानों पर होलिका दहन के लिए संमत सजायी गयी थी। परंपरागत तरीके से गुरुवार की रात में फगुवा गीतों के बीच होलिका दहन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में शनिवार की सुबह होलिका की राख लेकर युवक गांव में घर-घर घूमकर परंपरागत तरीके से होली मनाए। दिन के दस बजे के बाद लोगों ने रंग और गुलाल की होली शुरू की। पूरे दिन तक लोग होली के रंग में सराबोर रहे। शहरी व ग्रामीण अंचलों में कई जगहो पर मटका तोड़ने की परंपरा भी निभाई गई।

कई लोग मुखौटा लगाकर स्कूटी-मोटरसाइकिल पर परिवार के साथ पिचकारी लेकर घूमते दिखे।

डीजे की धुन पर लोगों ने नाच-गाकर अबीर-गुलाल उड़ाया ।कहना ना होगा कि जिले के तमाम क्षेत्रो में गंगा-जमुनी का अनूठी मिसाल देखने को मिली। हिंदू-मुस्लिम दोनों समुदायों के लोग एक साथ होली के रंगों में रंगे नजर आए। दोपहर 2 बजे तक शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में होली का रंग छाया रहा। इसके बाद मुस्लिम समुदाय के लोग जुमे की नमाज के लिए मस्जिदों की ओर प्रस्थान किये। होली और जुमे की नमाज एक ही दिन होने के कारण जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा और सतर्कता के पुख्ता इंतजाम किया गया था।

होली और जुमे की नमाज दोनों सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुए। हिंदू समुदाय ने जहां उत्साह से रंगोत्सव मनाई, वहीं मुस्लिम समुदाय के लोगो ने शांतिपूर्वक नमाज अदा की। दोनों समुदायों ने आपसी भाईचारे का मिसाल प्रस्तुत किया जिसकी चहुओर सराहना की जा रही है।

## होली मिलन समारोह और सुंदरकांड पाठ का आयोजन

**देवरिया ।** होली मिलन समारोह के अवसर पर पुलिस आवास परिसर में सुंदरकांड पाठ का भी आयोजन किया गया। इस आध्यात्मिक आयोजन में जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे। सुंदरकांड पाठ के दौरान शांति, सौहार्द और एकजुटता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारीगण, थाना प्रभारीगण, पुलिस लाइन के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।सभी ने आपस में अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व का आनंद लिया ।

₹पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनपद की शांति एवं सौहार्द को बनाए रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। होली व रमजान के दौरान समस्त पुलिस बल ने अत्यंत समर्पण और अनुशासन के साथ कार्य किया, जिसके कारण किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हुई। मैं सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को इस सफलता के लिए बधाई देता हूँ।₹

देवरिया पुलिस की ओर से यह आश्वासन दिया गया कि आगामी त्योहारों एवं महत्वपूर्ण आयोजनों में भी पूरी मुस्तैदी से कार्य किया जाएगा। पुलिस बल का मुख्य उद्देश्य जनसुरक्षा, शांति और सौहार्द को बनाए रखना है। इस कार्यक्रम के माध्यम से पुलिस प्रशासन ने समाज को सांप्रदायिक सौहार्द, समरसता और कर्तव्यनिष्ठा का संदेश दिया ।

## एसपी ने पुलिस बल को दी बधाई

देवरिया । जिले में होली व रमजान पर्व को शांतिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराने हेतु पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर द्वारा पुलिस आवास परिसर में एक भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारी, थाना प्रभारी तथा जनपदीय पुलिस बल की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिसकर्मियों को बधाई देते हुए उनके अथक प्रयासों और समर्पण की सराहना की।

पुलिस प्रशासन द्वारा होली एवं रमजान महीने के दूसरे जुम्मे की नमाज के दौरान जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए थे। जनपद के समस्त थाना प्रभारियों, पुलिस बल एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने पूरी तत्परता से कार्य किया, जिससे जनपद में दोनों पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुए। पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर ने इस सफलता का श्रेय जनपद पुलिस की सतर्कता, कुशल रणनीति और कर्तव्यपरायणता को दिया।

## चाकू घोंपकर युवक की हत्या

**देवरिया।** सदर कोतवाली क्षेत्र के भीमपुर में शुक्रवार रात एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। परिजन युवक को लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचे जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्व को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं एसपी ने घटना स्थल की अवलोकन किया और फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य इकट्ठा किया ।जिले के सदर कोतवाली क्षेत्र के भीमपुर वार्ड निवासी सनोज यादव 35 वर्ष को उनके गांव के ही राम भवन विश्वकर्मा ने मामूली कहा सुनी के बाद चाकू घोंप दिया। परिजनों ने इसकी सूचना डायल 112 को दी और एंबुलेंस बुलाकर घायल को महर्षि देवरहा बाबा स्वायत्तशासी राज्य मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।वहीं एसपी विक्रांत वीर ने भी घटना स्थल का निरीक्षण किया। फोरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य जुटाया ।एसपी विक्रांत वीर ने बताया कि अभियुक्त राम भवन विश्वकर्मा फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं। शीघ्र ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। अग्रिम विधिक कार्रवाई प्रचलित है।

## सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम परसौनी निवासी एक युवक की मार्ग दुर्घटना में घायल होने के बाद इलाज के दौरान देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई। मौत की खबर लगते ही घर में मातम छा गया। बताया गया है कि ग्राम परसौनी निवासी विक्की गोंड( 22 ) पुत्र श्रीकिशुन शुक्रवार की सायंकाल भटनी-बनकटाशिव सडक मार्ग पर वीरसिंहपुर परसौनी के बीच पुल के पास उसकी बाइक को किसी वाहन ने ठोकर मार दिया जिसमें विक्की बुरी तरह से घायल हो गया ।उपचार के लिए परिजन देवरहा बाबा मेडिकल कालेज देवरिया भर्ती कराए जहाँ उपचार के दौरान शनिवार को तीन बजे भोर मे उसका निधन हो गया ।पोस्टमार्टम के बाद शव का दाह संस्कार वीरसिंह के छोटी गण्डक नदी के किनारे किया गया।

## प्रधानपति की हत्या में 15 पर केस दर्ज

**देवरिया।** जिले के बरहज थाना क्षेत्र के ग्राम सिसई गुलाबराय के ग्राम प्रधान पति और पीआरडी जवान चंद्रभान यादव की पिटाई से हुई मौत के मामले में पुलिस ने सात नामजद सहित 15 लोगों पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने विभिन्न स्थानों से डेढ़ दर्जन लोगों को हिरासत में लिया है। सिसईंगुलाब राय निवासी पीआरडी के जवान और प्रधान पति चंद्रभान यादव बाजार करने बरहज गए थे। शाम को नंदलाल यादव के साथ वापस घर लौट रहे थे। नगर के पैना रोड स्थित कान्हा गोशाला के निकट पहुंचे थे कि बृहस्पतिवार की देर शाम कुछ मनबढ़ों ने ईंट पत्थर से हमला बोल दिया। जिससे दोनों गंभीर रुप से घायल हो गए। दोनों घायलों को बरहज पीएचसी पहुंचाया गया। जहां प्रधानपति की स्थिति गंभीर देखकर डाक्टर ने महर्षि देवरहा बाबा स्वायत्तशासी राज्य मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। यहां पहुंचने पर इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर ने गोरखपुर स्थित बाबा राघवदास मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की वजह लोग दिन में बच्चों के विवाद को लेकर होना बता रहे है। पुलिस ने मृतक के पिता राम अवध पुत्र स्व गम्भीर यादव की तहरीर पर सात नामजद और आठ अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है ।इनके ऊपर दर्ज हुआ है मुकदमाबरहज थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर राहुल सिंह के मुताबिक राम अवध यादव की तहरीर पर सिसई गुलाब राय के सोनू यादव, आलोक यादव पुत्र भोला यादव, भोला यादव, सुरेश यादव पुत्र गणेश यादव, महेश यादव पुत्र अनंत यादव, मोहन यादव पुत्र मैनेजर यादव, हिमांशु यादव पुत्र ईश्वर यादव और आठ अज्ञात लोगों के विरुद्ध हत्या और विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। एक दर्जन लोगों को हिरासत में लिया गया है। इनमें से आधा दर्जन महिलाएं है।

# गये थे होली मनाने, घर में हुई 20 लाख की चोरी



**देवरिया, ।** शहर के रामगुलाम टोला मोहल्ले में खाली पड़े एक मकान को चोरों ने शुक्रवार की रात खंगाल दिया।85 हजार रुपये नकदी समेत 20 लाख रुपये से अधिक का सामान चोर उठा ले गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की। साथ ही सीसी फुटेज भी खंगाला। फुटेज के माध्यम से पुलिस अब चोरों तक पहुंचने में जुटी हुई है।

बघौचघाट थाना क्षेत्र के ग्राम अहिरौली के रहने वाले स्व योगेंद्र शाही की शहर के शास्त्री नगर पूर्वी राम गुलाम टोला में मकान है। वह बिजली विभाग में लिपिक पद पर तैनात थे। रिटायर होने के बाद पिछले साल उनका निधन हो गया।

जबकि उनकी पत्नी का कई साल पहले निधन हो चुका था। मकान पर उनकी बड़ी बेटी नीतू राय अपने बच्चों व छोटी बहन अंजू के साथ रहती हैं। उनके दोनों भाई अपने परिवार के साथ बाहर रहते हैं। नीतू राय होली मनाने के लिए अपने ननिहाल खुखुंदू गुरूवार को चली गई। जबकि किरायेदार भी मकान में ताला जड़ कर घर चले गए। शनिवार की सुबह नीतू को बगलगीर ने फोन कर सूचना दिया कि छत के सीढ़ी का फाटक खुला हुआ है, यह सुन वह मकान पर पहुंची तो अवाक रह गई। मकान के सभी कमरों का फाटक टूटा हुआ था और सामान बिखरे पड़े थे। मजबूत लाकर व चैनल को तोड़कर 85 हजार रुपये नकद, पांच लाख रुपये का सोना समेत लगभग 20 लाख का गहना चोर उठा ले गए थे।

इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने जांच की और फुटेज खंगाला। लाकर में नीतू, उसकी मां और दोनों भाईयों की पत्नियों का गहना रखा था।

फुटेज में दो चोर जाते हुए नजर आए हैं। पुलिस फुटेज के माध्यम से ही चोरों तक पहुंचने में जुटी हुई है। कोतवाल दिलीप सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही घटना का पदार्फाश कर दिया जाएगा।

# कुतोफाड़ के नाम से जानी जाती है भठही बुजुर्ग की होली



जिला संवाददाता(vol)

**कुशीनगर।** खुशनुमा रंगों और हसी-ठिठोली से भरपूर भठही बुजुर्ग की होली फाजिलनगर क्षेत्र में काफी फेमस है।

इस साल भी होली के दिन यहां के लोग गांवों में होने वाले एक बेहतरीन आयोजन को लेकर जुट गए। इस आयोजन को कुतार्फाड़ होली के नाम से जाना जाता है, सुबह-सुबह भठहीवासियों ने यहां ऐसे ही रंग खेलना चालू किया।

भठही के समतस्थान से लेकर हनुमान मंदिर पर इस कार्यक्रम का आयोजन हुआ। डीजे, पानी और रंग के तमाम बंदोबस्त किए गए थे ।बता दें हर साल यहां होली के मौके पर इस कार्यक्रम का आयोजन होता है। इस बार भी बड़े धूमधाम से यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। कुर्ता फाड़ होली का लुत्फ उठाने के लिए यहां इस बार भी दूर दराज के तमाम लोग जमा हुए भठही में कुर्ता फाड़ होली काफी लोकप्रिय है। कुर्ता फाड़ होली का नजारा देखने के लिए हर साल क्षेत्र के सैकड़ो लोगो का जमावड़ा लगता है। सैकड़ो की तादात में शहर के युवा, बूढ़े, बच्चे इस आयोजन में शामिल हुए। सभी ने पानी का फुहारों और हवा में उड़ रहे अबीर के बीच पहले जमकर डांस किया। फिर धीरे-धीरे कर कुर्ता फाड़ होली शुरू हुई। जैसे ही कार्यक्रम शुरू हुआ धीरे-धीरे कर युवा अपनी बाइकों पर सवार होकर यहां आने लगे। आते ही सभी ने अपने कपड़े फाड़ कर ताबड़तोड़ डांस किया मस्ती भरा ये नजारा देखने लायक था। तारों पर झूलते फटे हुए कुर्ते और पानी की लगातार बौछार और हवा में उड़ रहा अबीर ने दृश्य को मनोरम बना दिया। साथ ही सुबोध शुक्ला राजा का रूप लेकर पुरे गांव का परिक्रमा किए, इसी मस्ती में सुबह तकरीबन 7 बजे से 1 बजे तक लगातार लोगों ने डांस किया। कुर्ता फाड़ होली खेलने के बाद बच्चों ने सभी का शुक्रिया अदा किया।

- सभी ने पानी का फुहारों और हवा में उड़ रहे अबीर के बीच पहले जमकर डांस किया
- भठही के समतस्थान से लेकर हनुमान मंदिर पर इस कार्यक्रम का आयोजन हुआ
- इलाहाबाद हाईकोर्ट के सहायक समीक्षा अधिकारी अनूप शुक्ल ने सबसे हाथ मिलाकर व गले लगाकर होली की बधाई दी

अंत में इलाहाबाद हाईकोर्ट के सहायक समीक्षा अधिकारी अनूप शुक्ल ने सबसे हाथ मिलाकर व गले लगाकर होली की बधाई दी।

इस दौरान, रजनीश शुक्ला, नगजेश शुक्ला, शैलेन्द्र शुक्ला, अतुल, मोहित, अंकित, अभिजीत, सुनील भगत, अनूप, अभिजीत आदि मौजूद रहे।

## सपा के जिलाध्यक्ष मु. शुकुरुल्लाह अंसारी का निधन, कार्यकर्ताओं में शोक की लहर



**कुशीनगर।** समाजवादी पार्टी कुशीनगर के जिलाध्यक्ष मुहम्मद शुकुरुल्लाह अंसारी का निधन हो गया है। वे पिछले एक साल से कैंसर से संघर्ष कर रहे थे। शनिवार की सुबह लगभग 7 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर मिलते ही समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकताओं सहित उनके शुभेच्छुओ में शोक की लहर दौड़ गई है ।बताते चलें कि जिलाध्यक्ष शुकुरुल्लाह अंसारी समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं में से एक थे और पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के बेहद करीबी माने जाते थे। वे हमेशा पार्टी के हितों के लिए समर्पित रहे और संगठन को मजबूत करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनकी राजनीतिक सूझबूझ और संगठन कौशल के चलते वह पार्टी में एक सम्मानित नेता रहे ।उन्होंने 2003 में समाजवादी युवजन सभा से अपने राजनीतिक करियर की शुरूआत की।

इसके बाद 2011 में उन्हें जिला महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। उनकी मेहनत और समर्पण को देखते हुए 2023 में समाजवादी पार्टी कुशीनगर का जिलाध्यक्ष बनाया गया था। हालांकि 2019 लोकसभा चुनाव के बाद उन्होंने समाजवादी पार्टी छोड़कर कांग्रेस का दामन थाम लिया था। लेकिन वहां ज्यादा दिनों तक सक्रिय नहीं रहे। 2020 में वे पुनः समाजवादी पार्टी में लौट आए और तब से पार्टी संगठन को मजबूती देने में लगे रहे। मुहम्मद शुकुरुल्लाह अंसारी न केवल एक प्रभावशाली राजनेता थे बल्कि समाजसेवा में भी उनका अहम योगदान रहा। वे गरीबों और वंचितों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। उन्होंने कई सामाजिक कार्यों और कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया करते थे। श्री अंसारी के निधन से समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं, नेताओं और समर्थकों में शोक की लहर दौड़ गई है। पार्टी के तमाम वरिष्ठ नेताओं और कार्यकताओं ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है। श्री अंसारी का अंतिम संस्कार आज तीसरे पहर लगभग 2 बजे के बाद उनके पैतृक गांव में किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ता शामिल रहे।

# आबकारी अधिकारी ने अवैध तरीके से वसूल करायी अनुज्ञापियो से शराब

जिला संवाददाता(vol)

**कुशीनगर।** होली के त्योहार से पहले, जिला आबकारी अधिकारी सुभाष चंद्र चौधरी द्वारा जनपद के अधिकारियों व पत्रकारो के नाम पर जिले के सभी शराब अनुज्ञापियो से शराब की खूब वसूली करायी गयी है। अधिकारियों और पत्रकारों के बीच

- होली के अवसर पर अधिकारियों और पत्रकारों के नाम पर की गयी शराब की खूब वसूली




आबकारी अधिकारी ने शराब वितरण किया है या नही इसकी तो कोई जानकारी नही है लेकिन इस बात चर्चा जोरो पर है कि प्रत्येक अनुज्ञापियो से वसूल किये गये दो से तीन गत्ते शराब के बदले उन अनुज्ञापियो को 31 मार्च तक अवैध कमाई करने का टिप्स विभाग की ओर दी गयी है। बतादे कि कुशीनगर जनपद मे तकरीबन कुल साढे तीन सौ से अधिक शराब की दुकाने है इसमें 240 देशी शराब की दुकान है जबकि 125 अंग्रेजी व बीयर की दुकान और 6 माडलशाप है। पूर्व से संचालित हो रही यह दुकाने नई शराब नीति के तहत ई-लाटरी प्रक्रिया के बाद 31 मार्च - 2025 तक बैध है। सूत्र बताते है कि 14 मार्च को आयोजित होली के त्योहार के मद्देनजर आबकारी विभाग द्वारा आबकारी अधिकारी के निर्देश पर 10 मार्च से अधिकारियों व पत्रकारो को होली मे शराब भेट करने के नाम पर जिले भर के अनुज्ञापियो से प्रति दुकान दो से तीन गत्ते शराब की वसूली कराने की चर्चा खूब है इसमे अंग्रेजी, देशी व बीयर शामिल है। पडरौना नगर के आधा दर्जन व कसया के पांच शराब व्यवसाइयों ने नाम न छापने के शर्त पर कहा कि 10 मार्च से आबकारी विभाग की ओर से सभी अनुज्ञापियो से अधिकारियों व पत्रकारो को होली मे भेट देने के नाम पर अवैध शराब की वसूली करायी गयी है। उन्होंने कहा कि इस बार तमाम लोगो का ई-लाटरी प्रक्रिया में दुकान आवंटित नही है फिर भी विभाग द्वारा जबरिया दो से तीन गत्ता शराब लिया गया है। अनुज्ञापियो ने बताया कि विभाग का कहना है कि 31 मार्च तक दुकान संचालित कराना है तो उनकी डिमांड पूरी करनी होगी। यह पूछे जाने पर कि विभाग ने शराब के बदले अवैध कमाई करने के लिए कोई टिप्स भी दिया तो अनुज्ञापियो ने कहा छोडिए साहब, उसमे हिस्सा लेते नही है क्या?

यहां बताना जरूरी है कि विभाग के संरक्षण में ही जनपद में ओबर रेटिंग का खेल वर्षो से चल रहा है जिसमे विभाग को ओबर रेटिंग कारोबारियों से अच्छा-खासा बक्शीश मिलता है इसके अलावा निर्धारित समय से पूर्व दुकान खोलकर निर्धारित समय के बाद तक शराब बेचने के खेल में विभाग की संलिप्तता की खूब चर्चा है।

### जिला आबकारी अधिकारी बोले

इस संबध मे जिला आबकारी अधिकारी सुभाष चंद्र चौधरी से बात किया गया तो उन्होने कहा कि आरोप गलत व निराधार है। जनपद में शान्ति पूर्ण तरीके से होली मनायी गयी है।

# कुलपति ने प्रो. ए.के. राय की रचित पुस्तक मानव अधिकार पर दी बधाई



**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने विधि संकायाध्यक्ष प्रो. अशोक कुमार राय व डॉ. संतोष कुमार द्वारा रचित पुस्तक ह्यमानव अधिकारः संकल्पना एवं क्रियान्वयनह्य पर बधाई दी। विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक भवन के सभागार में प्रो. राय ने कुलपति को सप्रेम पुस्तक भेट की। कुलपति ने प्रो0 राय को साधुवाद देते हुए विधि के विद्याथिंर्यों व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उपयोगी पुस्तक बताया। इसके अतिरिक्त अबतक उनके द्वारा विधि के क्षेत्र में किए कार्य की सराहना की।प्रो. अशोक राय ने बताया कि हमारी संस्कृति में मानव अधिकारों की अवधारणा का बीज बहुत ही प्राचीन काल से विद्यमान है। इसमें लोक कल्याण की भावना सर्वोपरि है। मानव अधिकार संबंधी विधि का क्रियान्वयन आज सबसे बड़ी आवश्यकता है। प्रो. राय वर्तमान में विधि संकायाध्यक्ष व का.सु. साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विधि विभागाध्यक्ष के साथ विश्वविद्यालय के कार्यपरिषद एवं विद्यापरिषद के सदस्य के रूप में दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। प्रो0 राय द्वारा विधि के क्षेत्र में अब तक 26 पुस्तकों का प्रकाशन किया जा चुका है, जिसमें अन्तर्राष्ट्रीय संगठन-एक परिचय नामक पुस्तक पर उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान, लखनऊ से डॉ. भीमराव अम्बेडकर नामित राष्ट्रीय पुरस्कार-सम्मान-2018 प्रदान किया गया है।. राजेन्द्र प्रसाद विधि राष्ट्रीय पुरस्कार वर्ष 2021 के लिए प्रदान किया गया। उन्हें अब तक लगभग 12 राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय सम्मान एवं पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं।प्रो. राय द्वारा लिखित लगभग 100 से अधिक शोध-पत्र राष्ट्रीय-अन्तर्राष्ट्रीय पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं और 60 से अधिक राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठियों में प्रतिभाग किया है। उन्हें शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सर्वश्रेष्ठ शिक्षक के रूप में मुलायम सिंह यादव शिक्षक सम्मान-2020 से सम्मानित किया जा चुका है। जागरूक अधिवक्ता मंच, भारतवर्ष एवं द फैजाबाद बार एसोसिएशन, अयोध्या के संयुक्त तत्वावधान में विधि क्षेत्र का सर्वोच्च पुरस्कार विधि व्यास सम्मान एवं विभिन्न संस्थाओं द्वारा विधि भूषण पुरस्कार-2022, डॉ० शिवबरन मौर्या साहित्य भूषण पुरस्कार-2022, नेशनल रिसर्च अवार्ड-2022 एवं इंटरनेशनल रिसर्च अवार्ड-2024 से भी नवाजा गया है।

संक्षेप

## महिला की सर्पदंश से हालत खराब

सीतापुर। खैराबाद थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। तुलसनपुर गांव की एक महिला आटा चक्की से घर लौट रही थी। खेत से गुजरते समय अचानक एक सांप ने उसके पैर को लपेट लिया और डस लिया। महिला किसी तरह सांप से बचकर घर पहुंची। उसने परिजनों को घटना की जानकारी दी। हालत बिगड़ने पर परिजन तुरंत एंबुलेंस से उसे नजदीकी अस्पताल ले गए। वर्तमान में महिला का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार महिला की हालत नाजुक बनी हुई है। घटना उस समय हुई जब महिला खेत की मेड़ पर चल रही थी और अचानक उसका पैर सांप पर पड़ गया। चिकित्सक महिला की स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं।

## युवक को अगवा करने लगाया आरोप

सीतापुर। खेत में सरसों की कटाई करने गए युवक को चौपहिया सवार चार-पांच लोगों द्वारा जबरिया अगवा कर उठा ले जाने का आरोप लगाते हुए अपहृत की मां ने सदरपुर थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सदरपुर के अलायपुर शमसाबाद की सोना वर्मा ने पुलिस को दिए गए प्रार्थनापत्र में बताया है कि उनका पुत्र अभय वर्मा (21) पुत्र प्रदीप कुमार लखनऊ के इटौंजा स्थित हर्षा फामेर्सी में सीतापुर के वीर प्रताप व मान सिंह के साथ पढ़ाई करता था। पढ़ाई के दौरान इनमें झगड़ा हुआ था तभी से इनमें रंजिश चल रही थी। होली के मौके पर अभय गांव आया था और 13 मार्च की शाम वह ट्रैक्टर-थ्रेसर लेकर सरसों की कटाई के लिए खेत गया था। आरोप है कि खेत पर चौपहिया वाहन से वीर प्रताप व मानसिंह अपने अन्य साथियों संग आए और जबरिया अभय को चैपहिया में बैठाकर ले गए। खेत के आसपास मौजूद लोगों ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। अपहृत की मां सोना वर्मा ने शुक्रवार को थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक सदरपुर मुकुल वर्मा ने बताया कि जानकारी मिली है, अभी तहरीर नहीं मिली है, मामले की जांच कर प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।

## संदिग्ध परिस्थिति में युवक का शव फांसी पर लटका मिला

पुरवा, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के गांव सलेथू निवासी हरिशंकर का 35 वर्षीय बेटा शत्रुघन शुक्रवार रात खाना खाकर अपने कमरे में लेट गया था। जबकि पत्नी नीलम बगल के कमरे में बच्चो के साथ लेटी थी। शनिवार सुबह पत्नी नीलम सोकर उठी तो पति शत्रुघन के कमरे में गई तो शत्रुघन का शव छत पर लगे पंखे में साड़ी के सहारे लटका देख बेसुध हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंचे कोतवाल अमरनाथ यादव ने फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाकर जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।पिता हरिशंकर ने बताया कि बेटा शत्रुघन खाना खाकर सो गया था। अचानक यह कदम कैसे उठा किया इसकी जानकारी नहीं है। शत्रुघन की मौत से मां केशाना, पत्नी नीलम, बेटा राघव व बेटी वैष्णवी बेहाल रहे। कोतवाल अमरनाथ यादव ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# परंपरागत तरीके से मना रंगों का त्योहार



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। रंगों के त्योहार होली जिले में बड़े ही परंपरागत तरीके से मनाया गया। जगह जगह डीजे लगाकर नियमानुसार होली के गीतों के साथ एक दूसरे के रंग गुलाल लगाकर गले मिलकर होली की बधाई दी गई तो वहीं जगह जगह होलियारों का झुण्ड दिखाई दे रहा था जो होली के हुड़तंग में काफी व्यस्त था। सुरक्षा की दुष्टि से पुलिस चप्पे चप्पे पर तैनात रहा और कहीं भी कोई अप्रिय घटना न होने पाये इसके लिये पुलिस काफी सख्त दिखी और हर जगह पर अपनी निगाह बनाये रही। होली के दिन सुबह से देर दोहपर तक रंग खेला गया जिसमें कोई वारदाता नही होने पाई। कुछ हादसे हुए है जिसमें लोगो की मौते हुई तथा कुछ छोटी मोटे मामले प्रकाश में आये जिनको पुलिस ने शांत कर दिया। उसके बाद लालबाग के शहीद पार्क में होली मिलने समारोह का आयोजन किया गया जिमसें जिले के राजनेताओं सहित गणमान्य लोगो ने होली मिशन समारोह मनाया और एक दूसरे को मुबारक बात दी।

### होली की शाम रही महामूर्ख सम्मेलन के नाम

होली की संध्या पर स्थानीय पजांब नेशनल बैंक के पास महामूर्ख कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह आयोजन कवि रजनिश मिश्रा और भूपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में हर वर्ष होली की संध्या पर आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी इस कवि सम्मेलन में देश के नामी गिरामी कवियों को बुलाया गया और देर रात तक कविता पाठ लिया। कवियों में जोगीरा सुनाया गया जो काफी चचाओं में रहा। देर रात तक कवि कभी दर्शकों को खूब हंसाते रहे तो कभी दर्शन करूण रस और वीर रस में भी गोते लगाते रहे।

## भजन संध्या के साथ में फूल, इत्र व गुलाल की खेली गयी होली



सीतापुर। उड़त गुलाल लाल भयो बदरा, जी हां कुछ ऐसा ही दृश्य बुधवार को संध्या आरती के बाद मां संकटा देवी धाम में देखने को मिला। फाल्गुन महोत्सव के तहत मां संकटा देवी धाम परिसर में बने श्री बांके बिहारी मंदिर में बुधवार की सायं भजन संध्या के साथ में फूल, इत्र व गुलाल की होली खेली गयी। श्री बांके बिहारी के परम भक्त मंदिर संस्थापक चंद्रकांत रस्तोगी कुंअर व उनके अनुज शशिकांत रस्तोगी के साथ परिजनों व श्री संकटा देवी धाम समिति के सहयोग से आयोजित भजन संध्या में सैकड़ो की संख्या में श्री बांके बिहारी के भक्त मौजूद रहे। महमूदाबाद में दूसरी बार होने वाले उक्त आयोजन को लेकर नगरवासियों में भारी उत्सुकता रही।

श्री संकटा देवी धाम में विराजमान श्री बांके बिहारी लाल मंदिर में भव्य मनोहारी फाल्गुन महोत्सव का आयोजन मंदिर के संस्थापक चंद्रकांत रस्तोगी परिवार द्वारा किया गया। धाम परिसर में सायं कालीन आरती के बाद भजन संध्या के दौरान श्री बांके बिहारी के जयकारों से पूरा परिसर गुंजायमान रहा। मशहूर भजन गायकों ने देर रात तक श्याम प्रेमियों को आनंदित किया। कलाकारों ने अपने बेहतरीन भजनों की प्रस्तुतियों से सभी की तालियां बटोरी। ह्यश्री बांके बिहारी जीह्य के जयकारे पूरे कार्यक्रम भर लगते रहे। कार्यक्रम के दौरान भक्तों ने गुलाल के साथ फूलों की होली खेली। विधि-विधान से पूजन अर्चन के बाद शुरू हुए फाल्गुन महोत्सव में श्री बांके बिहारी जी के दरबार में विधायक आशा मौर्या, मां संकटा देवी धाम समिति के अध्यक्ष आरके वाजपेयी, सतीश गुप्त, आरजे वर्मा, चंद्रकांत रस्तोगी, शशिकांत रस्तोगी, उर्मिला रस्तोगी, रूपेश रस्तोगी, राहुल जायसवाल, विजय जायसवाल, सोनम रस्तोगी, आंजनेय आशीष, वागीश दिनकर, सोनी जायसवाल, अतुल वर्मा, सुशील जायसवाल, सुजीत रस्तोगी, मुकेश यज्ञसैनी, रजत अग्रवाल, रोहित जायसवाल, किरन वाजपेयी, भोलानाथ तिवारी, आनंद पोरवाल, विवेक पोरवाल, रोशन गुप्त, सरोज शुक्ल, प्रवीण अग्रवाल, आशुतोष वाजपेयी, रवि अवस्थी, नरेंद्र पाण्डेय, पीयूष वर्मा सहित अन्य भक्तगण मौजूद रहे।

# अंतिम संस्कार कराने जा रहे लोगों की नाव पलटने से तीन की मौत





- विधायक ज्ञान तिवारी ने मृतकों के आश्रितों को आर्थिक सहायता दिलवाने के दिया आशवासन
- जबकि उसमें सवार नौ लोगों को बचा लिया गया

तंबौर/सीतापुर। शनिवार को ग्राम रातनगंज के किनारे शारदा नदी में नाव पलटने से तीन लोगों की मौत हो गई जबकि उसमें सवार नौ लोगों को बचा लिया गया।

नदी से निकाले गए सभी लोगों का सीएचसी में इलाज चल रहा है। शुक्रवार होली के दिन रंग खेल कर नदी में स्नान कर रहे रतनगंज के बच्चों के साथ गांव का दिनेश 26 पुत्र नागेश्वर डूब गया था जिसका शव मिलने के बाद रिश्तेदारों को सूचना दी गई। जिसके अंतिम संस्कार में शनिवार को पहुंचे रिश्तेदारों को बताया गया कि दिनेश का अंतिम संस्कार नदी के उस पार हो रहा है जिसमें शामिल होने के लिए आये ग्राम रायपुर थाना खैरीघाट बहराइच निवासी रिश्तेदार संजय गुप्ता 32 ,खुशबू 30, रतनगंज निवासी कुमकुम 14 नाव से दूसरे छोर अंतिम संस्कार कराने जा रहे थे नाव पलटने के बाद जब इन्हें निकालकर सीएचसी भेजा गया जहाँ डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया ।जबकि अन्य निकाले गए बहराइच के खैरीघाट ग्राम रायपुर निवासी बन्दना 32, उसका 1 वर्षीय पुत्र सार्थक ,कृष्णा 3 तथा खीरी जनपद के थाना खमरिया निवासी मोनू 18, ओमकार 20 ,बिधि 5 , भानू 32 व लक्ष्मी देवी को निकाल कर सीएचसी भेजा गया जिनका वहाँ इलाज चल रहा है। डॉ0 अजय नारायण ने बताया कि नदी से निकालकर लाये गए तीन लोगों की इलाज के दौरान मौत हो गई जबकि अन्य सभी का इलाज चल रहा है जो खतरे से बाहर हैं ।इस घटना से परिजनों में हाहाकार मच गया। क्षेत्र के भारी संख्या में लोग नाव दुर्घटना की खबर पाकर मौके पर पहुंचे विधायक ज्ञान तिवारी ने घटना पर दुःख व्यक्त करते मृतकों के आश्रितों को आर्थिक सहायता दिलवाने के आश्वासन दिया। नाव दुर्घटना की खबर पाकर एसडीएम बिसवाँ मनीष कुमार क्षेत्राधिकारी बिसवां सतीश शुक्ल , लहरपुर सुशील यादव ,एनडीआरएफ की टीम व एम्बुलेंस मौके पर पहुंची जिन्होंने बचाव कार्यों में सहायता की। करीब दो बजे घटना की सूचना पर जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने भी सीएचसी पहुँचकर भर्ती लोगों का हाल जाना ।

## गरीबों के मसीहा कांशीराम की मनायी जयंती

सोनभद्र। सपा कार्यालय पर गरीबों के मसीहा स्व0कांशीराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनकी जयंती मनाई गई। इसके उपरान्त गोष्ठी आयोजित की गयी। इस दौरान जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने कहा कि गरीबों के मसीहा स्व0कांशीराम थे। इसलिए हम समाजवादियों की जिम्मेदारी है कि कांशीराम की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करें और उनके बताए हुए रास्ते पर चलने का काम करें। इस मौके पर सपा पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

## बैठक आज

सोनभद्र। भाजपा जिला कार्यालय पर रविवार को अपरान्ह 2.00 बजे अति आवश्यक बैठक आहुत कि गयी है। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री/एमएलसी गोविन्द नारायण शुक्ला मौजूद रहेंगे। इस आशय की जानकारी जिला मीडिया प्रभारी अनूप तिवारी ने दी।

## बारातियों व जनातियों में चटकी लाठियां, एक की मौत

सीतापुर। मिश्रिख कोतवाली क्षेत्र में बारातियों और जनातियों के बीच जमकर मारपीट हो गयी लाठी डंडों से बुरी तरह बारातियों को जनातियों ने पीट दिया। जिसमें एक एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी।

जानकारी के अनुशार रानी पत्नी राजाराम निवासी ग्राम भारतपुर मजरा सरसई ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि वह अपने लडके विकाश पुत्र राजाराम निवासी की शादी विपक्षी सर्वेश पुत्र मिश्रीलाल निवासी केशरीपुर मजरा रौसिगंपुर थाना मिश्रित की लड़की ज्ञानेश्वरी पुत्री सर्वेश के साथ तय की थी। 9 मार्च को उक्त विपक्षी अपने साथियों के साथ तिलक चढ़ाने आया था। प्रार्थिनी के मेहमान कुछ लोग खाना बना रहे थे। इसी बात को लेकर नाराज विपक्षी तथा लड़की के चाचा राजेश व मौसा श्रीकेशन पुत्र अज्ञात, वीरेन्द्र पुत्र अज्ञात निवासीगण ग्राम भानपुर व महेन्द्र पुत्र अज्ञात निवासी नेवादा व मामा छोटू, निवासी मोहद्दीपुर ने प्रार्थिनी के यहां झगड़ा किया। इसके बाद प्रार्थिनी जब 10 मार्च को बारात लेकर ग्राम रौसिगंपुर गयी तो सभी उपरोक्त विपछियों ने और लोगों के साथ मिलकर मारपीट कर दी। जिससे कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। वहीं घायल धर्मेंद्र पुत्र खेमन की ट्रामा सेंटर में मृत्यु हो गयी है। इस सम्बन्ध में इंस्पेक्टर अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत है। चार लोगों को अरेस्ट कर लिया गया है।

# रमजान पर नमाज तरावीह अता कर कुरआन पाक मुकम्मल कराया



पुरवा, उन्नाव। रहमतों व बरकतों वाला महीना, माह ऐ रमजान का सिलसिला जारी है जिसको लेकर मस्जिदो में खास तरावीह नमाज पढ़ कुरन पाक मुकम्मल हो रही है।

शुक्रवार की रात नगर के बस स्टाप पर स्थित नूर मस्जिद में हाफिज वारिस ने माह ऐ 13 रमजान को विशेष नमाज तरावीह अता कर कुरआन पाक मुकम्मल कराया। इस दौरान अकीदत मदों ने हाफिज व मुवज्जन को गुलाब का माला पहनाकर इस्तकबाल किया। साथ ही हाफिज वारिस ने हिंदुस्तान मुल्क में अमन व चैन की दुआ की। इस मुकद्दस मौके पर मौलाना मो० इस्लामुद्दीन बरकाती, कारी मो० इलियास जमायी, हाफिज नसरुद्दीन, मौलाना आरिफ, मौलाना आदिल, हाफिज मोनिस, हाफिज इमरान, कारी इलियास, कारी शरीफुद्दीन, हाफिज अतीक, हाफिज आशिफ, हाफिज मुस्लमिन, हाफिज नौसाद, हाफिज शादाब, मुवज्जन सगीर, मुतवल्ली एडवोकेट मोहसिन खान (शीबू), खाजांची जियाउद्दीन मंसूरी, फैजान खान, फैसल खान, चांद खान, नदीम, मेहंदी व तमाम अकीदत मंद रहे।

# होली मिलन के दौरान पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट, 6 लोग घायल

सीतापुर। तालगांव थाना क्षेत्र में होली मिलन समारोह के दौरान पुरानी रंजिश ने हिंसक रूप ले लिया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रमेश खेड़ा में शुक्रवार की देर शाम को हुई इस घटना में 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार घटना में मुख्य आरोपी प्रदीप का सुरेश नाम के व्यक्ति से पुराना विवाद चल रहा था। शाम को प्रदीप अपने साथियों के साथ नशे की हालत में सुरेश के घर के बाहर पहुंचा। वहां वह गाली-गलौज करने लगा। जब सुरेश के परिवार ने इसका विरोध किया, तो प्रदीप और उसके साथियों ने लाठी-डंडे और बांके से हमला कर दिया। हमलावरों ने घर में घुसकर ताबड़तोड़ हमला किया, जिसमें 6 लोग बुरी तरह घायल हो गये। हमले के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज जारी है। पीड़ित पक्ष ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद आरोपियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

## शीतला माता मंदिर प्रांगण में हवन पूजन व भंडारे का आयोजन

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। क्षेत्र के अन्तर्गत कस्बे में स्थिति माता शीतला मंदिर में माता रानी के भव्य श्रंगार के साथ मंदिर में हवन एवं भण्डारे साथ रात्रि में कीर्तन का आयोजन किया गया। फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के अन्तर्गत ऊगू कस्बे के मोहल्ला गढ़ी में स्थित माता शीतला माता मंदिर में माता रानी का



श्रंगार एवं विधिवत पूजन के साथ हवन एवं भण्डारे का आयोजन विगत कई वर्षो से चैत्र माह की द्वितीया को निरंतर आयोजित होता आ रहा है। इस वर्ष अभय मिश्रा द्वारा माता रानी के मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारे का आयोजन कराया गया। आचार्य अनिल शुक्ल द्वारा पूजन एवं हवन कराया गया। नगर तथा क्षेत्र से आये सैकड़ो श्रद्धांलुओं ने मां शीतला के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया। रात्रि में कीर्तन कार्यक्रम में माता रानी का दरबार भजनों से साजेगा। इस मौके पर मनोज अग्निहोत्री, प्रदीप शुक्ला, विवेक तिवारी, विष्णु कांत मिश्रा, बंसत दीक्षित आदि लोग उपस्थित रहे।

## आरुषी और माण्डवी ने बच्चों के साथ बांटी होली की खुशिया



सीतापुर। एक तरफ होली पर सभी लोग उत्सह उमंग से एक दूसरे को रंग लगाते है वही दूसरी तरफ एक तबका ऐसा भी जो इन खुशियों से दूर रह जाता है । गरीब तबके के बच्चे ज्यादातर त्यौहार उत्साह और उमंग के साथ नही मना पाते है । ऐसे मे जिले की छोटी समाजसेविका आरूषी तिवारी और माण्डवी मिश्रा ने विकासखण्ड कसमण्डा की छरासी और केवलपुर गांव स्थित मलिन बस्ती मे निवास करने वाले बच्चो को गुलाल ,पिचकारी, मुखौटा और नये वस्त्र वितरित किये। आरूषी तिवारी और माण्डवी मिश्रा ने बताया कि उनका मकसद इतना है कि ऐसे परिवारो तक पहुचा जाये जिनका त्योहार गरीबी के कारण उत्साह और उंमग से नही मनाया नही पाते है त्योहार मनाने की असली खुशी इन्ही बच्चो के बीच है इस दौरान आरूषी और माण्डवी ने बच्चो को गुलाल लगाया और मिठाई खिलाकर उनके साथ होली मनाई । और उनके परिजनो को शराब का सेवन न करने के बारे मे भी समझाया ।

## रंगोत्सव में झूम उठा पुलिस महकमा

आजमगढ़। जनपद में होली का त्यौहार शान्तिपूर्ण सम्पन्न हो गया। जिले सहित आजमगढ़ मण्डल में पुलिस ने अपनी त्यौहार को शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस बीच एक परम्परा जो शदियों से चली आ रही है वह है पुलिसवालों की होली, जो होली के एक दिन बाद होती है और पूरा पुलिस महकमा झूमकर होली मनाता है। इस बीच पुलिस महकमे के बीच मनाई गई होली की मस्ती छनकर धीरे-धीरे बाहर आ रही है (जो कि एक मजाक है-बुरा न मानो होली है)। होली की मस्ती के दौरान कुछ पुलिसवालों की.....खुल कर नीचे आ गई, मौके पर मौजूद बड़े कप्तान पूर्ववत की तरह अपनी मन्द मुस्कान के साथ खुलकर मुस्कुराते हुए नजर आये। शहर कोतवाल भौजाई की भाव भंगिमा में शरमाते हुए नजर आयें, फिलहाल यह दृश्य देखना किसी को नसीब नहीं हुआ। जनपद के विभिन्न थानों के थानाध्यक्ष सहित समस्त पुलिसकर्मियों ने इस खबर (होली पर मजाक) को जब सुना तो खूब मस्ती काटी। दो मण्डल प्रमुखों के बीच भावी प्रमुख ने जमकर होली मनाई। सबसे बड़ी बात यह रही है कि पुलिस महकमे की इस होली की मस्ती के बीच अभी कहीं से कोई अप्रिय घटना होने की सूचना नहीं है। वहीं सोशल मीडिया पर जनपद के पूर्व कप्तान का कमर हिलाऊ वीडियो काफी तेजी से वायरल हो रहा है, जो जनपद में चटकारे लेकर देखा जा रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ ने इस मामले में जनपद को निराश कर दिया। कुछ पलों के लिए पुलिस महकमे की होली में भी जैसे फ्लैग मार्च जैसी भाव भंगिमा भी देखने को मिली। बताते चलें कि पुलिस प्रशासन का होली का उपरोक्त विवरण होली में मस्ती का रंग घोरने के लिए है, हकीकत तो हर कोई जानता ही है क्योंकि बुरा न मानो होली है की भी परम्परा है। विशेष बात यह है कि होली त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने के उपरान्त आज आजमगढ़ पुलिस द्वारा होली खेली गयी। मंडलायुक्त, पुलिस उपमहानिरीक्षक आजमगढ़ परिक्षेत्र आजमगढ़, जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा एक दूसरे को रंग गुलाल लगा कर बधाई दी गयी। आज 15 मार्च को को होली पर्व के दूसरे दिन पुलिस लाइन में धूमधाम से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मंडलायुक्त, पुलिस उपमहानिरीक्षक आजमगढ़ परिक्षेत्र आजमगढ़, जिलाधिकारी आजमगढ़, व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ हेमराज मीना, अपर पुलिस अधीक्षक नगर, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, सर्किल के समस्त क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी, प्रतिसार निरीक्षक व पुलिस के अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण द्वारा एक दूसरे पर फूलों की बारिश कर एवं अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं एवं बधाई दी गयी।

# तेज रफ्तार मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई, तीन मरे

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। मछरेहटा थाना क्षेत्र में होली के दिन एक भीषण सड़क हादसा हुआ। जिसमें तीन युवकों की मौत हो गई। जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया।

दुर्घटना के सम्बन्ध में मिली जानकारी के अनुसार उक्त थानान्तर्गत ग्राम जलालपुर रोड पर पहाड़पुर गांव के पास एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खजूर के पेड़ से टकरा गई। जिससे चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस के जरिए सीएचसी कसमंडा (कमलापुर) भेजा गया। जहां डॉक्टरों ने आदित्य 19 और संदीप 23 को मृत घोषित कर दिया। वहीं, सुजीत 16 और शिवम को गंभीर हालत में जिला अस्पताल, सीतापुर रेफर किया गया है। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान एक और युवक की मौत हो गई है। घटना की जानकारी मिलते ही मृतकों और घायलों के परिजन अस्पताल पहुंच गए। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और हादसे की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जलालपुर रोड पर आए दिन हादसे होते रहते हैं, लेकिन तेज रफ्तार वाहनों पर कोई रोक नहीं लगाई जा रही है। इस दुर्घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है और होली की खुशियां गम में बदल गई हैं।

### ओवर स्पीड पर आखिर क्यों जिम्मेदारान नहीं लगाते प्रतिबन्ध

मछरेहटा जलालपुर मार्ग पर आये दिन सड़क हादसे हुआ करता है। इन तीन मौतों के बाद फिर चर्चा सामने आई कि मांग करने के बाद भी जिम्मेदार मछरेहटा जलालपुर मार्ग पर ओवर स्पीड पर कोई प्रतिबन्ध नहीं लगा रहे हैं। हर चीज रामभरोसे छोड़ रहे हैं वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन नहीं कराया जाता है। इस कारण इस मार्ग पर सबसे ज्यादा सड़क हादसों में मौत ओवर स्पीड के कारण हो रही है। इतनी मौते के बाद भी जिम्मेदार नहीं जाग रहे है जो चर्चा का विषय बना हुआ है।

### मार्ग दुर्घटना में अधेड़ की मौत

सीतापुर। रेउसा थाना क्षेत्र के अन्तर्गत थौरा ग्रामसभा के नंदपुर निवासी 48 वर्षीय अरविंद की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। वह शुक्रवार की शाम को बाइक से अपने बहनोई के घर होली मिलने और गुझिया भेंट करने जा रहे थे। रेउसा थाना क्षेत्र में तम्बौर रोड बम्हनावा के पास एक तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय पुलिस की मदद से उन्हें एम्बुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेउसा ले जाया गया। डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रेफर कर दिया। परिजनों ने पहले निजी अस्पताल में इलाज कराया। हालत में सुधार न होने पर उन्हें लखनऊ के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया। वहां आधी रात तक चले इलाज के दौरान अरविंद ने दम तोड़ दिया। परिजन शव को उनके पैतृक गांव नंदपुर ले गए हैं। जहां अंतिम संस्कार की तैयारियां की जा रही हैं।

## मार्ग दुर्घटनाओं में 15 लोग घायल, एक की मौत

- लोगों पर नशा कुछ इस कदर हावी हुआ कि सीएचसी केंद्र पर मरीजों का लगा रहा तांता

सीतापुर। शुक्रवार को होली के दिन रंग खेलने के दौरान लोगों पर नशा कुछ इस कदर हावी हुआ कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महमूदाबाद पर मरीजों का तांता लगा रहा। अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओं में 15 लोग घायल हो गए जबकि एक की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई शुरू की।

महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के बसहा-फुलवारीपुर के पास दो बाइकों की भिड़ंत में बकरापुर के राजेंद्र (38) पुत्र परशराम की मौत हो गई। अलग-अलग हुई दुर्घटनाओं महमूदाबाद के पैंतेपुर के राजू (17) का महमूदाबाद आते समय शारदा सहायक पुल के पास, कैथी टोला के अनिल (54) का मोतीपुर चौराहे के पास, बिलौली बाजार के सोनू (17) का सिद्धबाबा के पास, सदरपुर के नीरज (25) का खुरवल मोड़ के पास, भुड़कुड़ा के सुरेश (59) का दुगार्पुरवा के पास महमूदाबाद के अगैय्या के अनिरुद्ध (20) का बाबाकुटी के पास, रामपुर मथुरा के ललितेश (18) का बासुरा के पास, मोतीपुर के मनीष (35) का सुंदौली के पास, महमूदाबाद के गजराजपुर के संतलाल (76) का गोधौरी के पास, मोहम्मदपुरकलां के कौशलेंद्र (28), प्रिया (07) का चुनका के पास, चतुराबेहड़ के अखिलेश (45), रेखा (40), अंकुल (22) का रामपुर मथुरा मार्ग पर पेट्रोल पंप के पास समेत 15 लोग घायल हो गए, जिनमें से अंशुल, संतलाल, अखिलेश को ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है।

## दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर होमगार्ड की मौत

सीतापुर। जनपद में होली की शाम एक दुर्घटना में होमगार्ड की जान चली गई। इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र में दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में होमगार्ड रामसेवक की मौके पर मौत हो गई। दूसरी बाइक पर सवार एक व्यक्ति घायल हो गया। नारायणपुर गांव के रहने वाले 55 वर्षीय होमगार्ड रामसेवक अपने ननिहाल निजामपुर में होली मनाने गए थे। रात की ड्यूटी होने के कारण वे वापस लौट रहे थे। काजी कमालपुर चैकी के पास गांव के समीप दूसरी बाइक से उनकी टक्कर हो गई। परिजन तुरंत रामसेवक को अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घायल व्यक्ति का अस्पताल में इलाज चल रहा है। होमगार्ड की मौत से परिवार में शोक की लहर है।

संक्षेप

## होली मिलन समारोह का आयोजन

सोनभद्र। होली पर्व के दुसरे दिन पुलिस लाइन चुर्क में धूमधाम से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा, अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय, अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन, समस्त सर्किल के क्षेत्राधिकारी, प्रतिसार निरीक्षक, थाना प्रभारी व पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण द्वारा एक दुसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं एवं बधाई दी गयी।

## संदिग्ध परिस्थिति में पत्नी की मौत

मीरजापुर। थाना मड़िहान क्षेत्र के गोपलपुर गांव में शुक्रवार की रात होली पर पति से विवाद के बाद पत्नी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस को बिना सूचना दिए गांव स्थित शवदाहगृह में उसका अंतिम संस्कार भी कर दिया गया। गांव में पति से विवाद होने के बाद मौत को लेकर चर्चा है किन्तु पति ने बताया कि पेट दर्द के चलते मौत हो गई। बताते हैं कि जमुई गांव निवासिनी दशवंती 40 वर्ष की शादी देवरी कटाई गांव निवासी एक युवक से हुई थी। दशवंती को पहले पति से दो पुत्री व एक पुत्र हैं, जो देवरी कटाई में रहते हैं। इसी बीच, दशवंती का पति के छोटे भाई अमृतलाल से प्रेम संबंध हो गया। अमृतलाल बतौर पत्नी दशवंती के साथ एक दशक पहले अपने बुआ के गांव गोपलपुर में रहने लगा। अमृतलाल और दशवंती के बीच दो पुत्री व पुत्र पैदा हुए। शुक्रवार को होली के दिन रंग खेलने को लेकर शाम को आपस में दोनों में विवाद हो गया था। शुक्रवार की देर रात दशवंती को इलाज के लिए मड़िहान अस्पताल ले जाया गया था जहां देखते ही डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। परिवार के लोग शव को लेकर घर लौट गए। सुबह गोपलपुर गांव स्थित शवदाह गृह में अंतिम संस्कार कर दिया गया। पति अमृतलाल ने बताया कि पेट दर्द की बीमारी से दशवंती पीड़ित थी। रात में मौत हो गई। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि थाने पर कोई सूचना नहीं है। जानकारी होने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## अबीर गुलाल लगा लोगों ने खेली होली

सोनभद्र। जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में लोगों ने हर्षोल्लास के साथ होली खेली। नागरिकों ने आपस में अबीर गुलाल के साथ फाग गाकर होली त्यौहार मनाया। इस रंगों के त्यौहार को लोग आपसी भाई चारे के साथ मिलकर मनाते हैं। लोग अपने घरों में पकवान बनाते हैं। जिसका जमकर स्वादन करते हैं। सुबह लोगों ने रंगों की होली खेली और शाम को अबीर लगा एक दूसरे के गले मिलकर खुशियां मनाया और आशिर्वाद लिया।

## 48 व्यक्तियों को किया गया निरुद्ध

मीरजापुर ।जनपद में कानून व शान्ति-व्यवस्था बनाये रखने के क्रम में विभिन्न थाना क्षेत्र से 48 व्यक्तियों को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बी एन एस एस) अन्तर्गत धारा 170/126/ 135 में चालान किया गया। जिनके थानावार विवरण में,थाना कोतवाली कटरा से 05,थाना विन्ध्याचल से 13थाना चील्ह से 08,थाना कछवां से 07,थाना पड़री से 03,थाना लालगंज से 02,थाना सन्तनगर से 04,थाना चुनार से 04 थाना अहरौरा-01 तथा थाना मड़िहान से 01 शामिल हैं।

# कार पलटने से पिता-पुत्र की मौत, तीन घायल

जिला संवाददाता(vol)

मीरजापुर। जनपद के वाराणसी शक्तिनगर राजमार्ग पर हनुमान घाटी के पास शुक्रवार होली की रात



सोनभद्र के ओबरा से बहू की विदाई कर कर लौटते समय अनियंत्रित इनोवा कार लहराकर पलट गई।

दुर्घटना में पिता पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई तथा घायल मां, नव विवाहिता बहू सहित दो अन्य घायलों का इलाज चल रहा है उनकी भी हालत गंभीर है। दुर्घटना के बाद कार का चालक मौके से फरार हो गया। बताते हैं कि वाराणसी के शिवपुर निवासी त्रिलोकी नाथ केशरी उनकी पत्नी मंजू केशरी, बेटा आदित्य केशरी, खुशबू तथा पोती आनवी शुक्रवार होली की रात सोनभद्र के ओबरा पहुंचे बेटे आदित्य के ससुराल में होली खेलने के बाद नव विवाहिता बहू नेहा की विदाई कराकर परिवार के साथ इनोवा कार से घर वापस लौट रहे थे जैसे ही कार वाराणसी शक्तिनगर राजमार्ग पर स्थित हनुमान घाटी के पास पहुंची तभी कार का संतुलन बिगड़ गया। जिससे अनियंत्रित होकर सड़क पर ही लहराकर पलट गई दुर्घटना के बाद कार चालक घायलों को इस हालत में छोड़कर मौके से भाग निकला। दुर्घटना में पिता त्रिलोकी नाथ केशरी 65 वर्ष तथा पुत्र आदित्य उर्फ सीबू 30 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई तथा गंभीर रूप से जख्मी जिंदगी की जंग लड़ रही घायल मां मंजू केशरी 60 वर्ष नव विवाहिता नेहा 28 वर्ष सहित खुशबू 20 वर्ष तथा आनवी 8 वृ को ट्रामा सेंटर वाराणसी पहुंचाया गया है। जहां घायलों का इलाज चल रहा है। हादसे की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया वे दुर्घटना स्थल पर पहुंचे परिवार के लोग दहाड़े मार कर रोने लगे खुशियों का त्योहार मातम में बदल गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही मौके पर आई पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए घायलों को इलाज के लिए भिजवाया तथा शव को कब्जे में ले लिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष अजय कुमार सेठ ने बताया कि हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हुई है। सड़क पर पलटी हुई कार को क्रेन की मदद से हटवा दिया गया है। कार चालक मौके से फरार है उसकी तलाश कराई जा रही है।

शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है। वाराणसी शिवपुर के त्रिलोकी नाथ केसरी के पुत्र सीबू उर्फ आदित्य की शादी तीन माह पूर्व सोनभद्र ओबरा के नेहा के साथ हुई थी कार हादसे की जानकारी होते ही हर कोई स्तब्ध रह गया अहरौरा तथा आस पास के रिश्तेदार सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे और बिलख बिलख कर रोने लगे। सड़क पर पलटी इन्नोवा कार की खिड़की का कांच तोड़कर आधा अधूरा बाहर निकले दर्द से कराहते घायलों को देखकर अपनी कार से गुजर रही महिला का दर्द छलक गया उसने तत्काल पुलिस को सूचना दी इतना ही नहीं घायल बहु नेहा आनवी तथा मंजू को तत्काल सीएचसी पहुंचाया जिससे घायलों का समय से इलाज हो सका मदद करने वाली राहगीर कार सवार महिला की चर्चा तथा सराहना की जा रही है।

## होली में ड्यूटी के वक्त शराब पीने पर एसआई निलंबित

जिला संवाददाता(vol)

बलिया। जिले में एक उपनिरीक्षक को होली के दिन ड्यूटी के दौरान शराब पीने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने शनिवार को बताया कि जिला मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन में तैनात उपनिरीक्षक विनय सिंह को शुक्रवार को ड्यूटी के दौरान शराब पीने के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। विनय सिंह को होली के दौरान शांति, कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए ड्यूटी पर तैनात किया गया था लेकिन उसने कर्तव्य निर्वहन में घोर लापरवाही, उदासीनता और अनुशासनहीनता दिखाई।



बच्चों संग बड़ों में भी दिखा होली खेलने का उत्साह

## कांशीराम की बसपाइयों ने मनायी जयंती

सोनभद्र। बसपा के तत्वावधान में बामसेफ बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक बहुजन नायक कांशीराम की जयंती पर जिलाध्यक्ष रामचंद्र रत्ना के नेतृत्व मे बढ़ौली चौराहे पर मान्यवर कांशीराम साहब को श्रद्धांजलि दी गई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक बहुजन कांशीराम की जयंती को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कांशीराम ने बसपा को बनाकर दलित शोषित वंचित समाज के लिए एक आयाम खड़ा करने का काम किया, जहां पर शोषित वंचित समाज अपनी आवाज उठा सकता है देश के कोने-कोने तक साइकिल चलाकर कांशीराम ने लोगों को जगाने का काम किया और लोगों के हक अधिकार के बारे में बताने का काम जो आज बहुजन समाज पार्टी भारत में देश के तीसरी राष्ट्रीय पार्टी में अपना स्थान रखती हैं। मायावती के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में चार बार सरकार बनाकर शासन चलाने का काम किया कानून व्यवस्था को दुरुस्त रखने का काम किया बहुजन समाज पार्टी अपने शासनकाल में सर्व समाज के हितों को ध्यान में रखते हुए सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय के तर्ज पर पूरा शासन चलाने का काम किया। पूर्व जिलाध्यक्ष बी सागर ने कहा कि कांशीराम ने शोषित वंचित समाज जो कभी अपनी आवाज नहीं उठा पाए थे कांशीराम ने ऐसे समाज को हुक्मरान बनाने का काम किया और एहसास दिलाया कि कमजोर से कमजोर व्यक्ति भी इस देश का हुक्मरान बन सकता है। बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के रास्ते पर चलकर कांशीराम ने क्रांति लाने का काम किया और बसपा संतो गुरु महापुरुषों के सपने को साकार करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। इस मौके पर राजकुमार वर्मा, मनोज कुशवाहा, कृष्ण कुमार उर्फ टांम बाबा गिरी, प्रेमनाथ गौतम, बलवंत रंगीला, अमन मौर्य, रविंद्र भारती, पन्नालाल, बीवी एफ, रंजीत भारती, रिंकू सरदार आदि मौजूद रहे।



## सांसद के साथ हुए अभद्र व्यवहार पर सपाई नाराज



सोनभद्र। समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर प्रेस वार्ता कर जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने बताया कि जनपद चंदौली की दिशा की बैठक में उपसभापति के हैसियत से चकिया क्षेत्र के होने के कारण भाग लिए। बैठक में भाजपा के माफिया विधायकों द्वारा चंदौली जनपद के उच्चाधिकारियों के सामने खुलेआम धमकी दी गई। इसके बावजूद भी उच्चाधिकारी मौन धारण कर बैठे रहे। इससे साफ जाहिर होता है कि भाजपा सरकार में माफियाओं का ही बोलबाला है।

वहीं भाजपा विधायकों द्वारा जनपद सोनभद्र में अवैध खनन किया जा रहा है और बड़े पैमाने पर अवैध खनन में लिप्त हैं। इन खनन माफियाओं से जनपद सोनभद्र की आम जनमानस में काफी आक्रोश है। दलीत सांसद के साथ इस तरह के व्यवहार से पीडीए के लोग आहत हैं।

पूर्व की सरकार में इन माफियाओं को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया था, लेकिन जब से केंद्र एवं प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है तब से फिर से माफियाओं का आतंक चरम सीमा पर है। अगर रावट्र्सगंज के सांसद के साथ कुछ घटना घटित होती है तो इसकी सारी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। सभी सपाईजन प्रशासन से मांग करते हैं कि उन माफियाओं पर तत्काल कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही रावट्र्सगंज के सांसद छोटेलाल सिंह खरवार को वाई श्रेणी की सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराया जाए। यदि भाजपा सरकार और जिला प्रशासन तत्काल आवश्यक कार्यवाही नहीं करती है तो समाजवादी पार्टी सड़क से सदन तक आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। जिसकी सारी जिम्मेदारी सरकार एवं जिला प्रशासन की होगी। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव मोहम्मद सईद कुरैशी, पवन पटेल, सरदार पारब्रह्म सिंह, सत्यम पांडेय, ज्यूतेष गौतम, बाबूलाल यादव, डा0 लोकपति सिंह पटेल, त्रिपुरारी गौड़, सुरेश पटेल, आदित अंसारी, जितेंद्र कुमार उमर, अफरोज खान, सुरेश पटेल, सौर्य त्रिपाठी, मिथिलेश सिंह आदि मौजूद रहे।

## चयनित खिलाड़ी प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में करेंगे प्रतिभाग

आजमगढ़। प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर बालक-बालिका एवं सीनियर महिला-पुरुष वर्ग की प्रतियोगिता के लिए जिला और मंडल की बैडमिंटन और जूडो प्रतियोगिता टीम का चयन होना है। मंडल स्तर पर चयनित खिलाड़ी प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। समन्वय जूनियर बालक-बालिका बैडमिंटन, समन्वय जूनियर बालक-बालिका जूडो, समन्वय सीनियर महिला-पुरुष जूडो प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन 17 और 18 मार्च को 11 बजे से सुखदेव पहलवान स्टेडियम में होगा। समन्वय जूनियर बालक-बालिका बैडमिंटन के मंडल स्तर पर चयनित खिलाड़ी 22 से 24 मार्च तक प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता आगरा में प्रतिभाग करेंगे। समन्वय जूनियर बालक-बालिका जूडो प्रतियोगिता के मंडल स्तर पर चयनित खिलाड़ी 18 से 20 मार्च तक लखनऊ में आयोजित प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। समन्वय सीनियर महिला-पुरुष जूडो प्रतियोगिता के मंडल स्तर पर चयनित खिलाड़ी 21 से 23 मार्च तक लखनऊ में आयोजित प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। यह जानकारी क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी सिराजुद्दीन ने दी है।

## होली मिलन समारोह का आयोजन

आजमगढ़। सरस्वती विद्या मंदिर परिसर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ लालगंज नगर के तत्वावधान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों को एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर गले मिलकर होली की बधाई दी। विभाग संघ चालक सुरेश ने कहा कि एक दूसरे के साथ मिलकर प्रेम के प्रतीक होली के त्योहार को मनाकर एक दूसरे में भ्रातृत्व भाव का जागरण करे तथा आपसी प्रेम बनाये रखे। अंत एक दूसरे को अबीर लगाकर गले मिलकर कार्यक्रम का समापन हुआ। इस मौके पर खंड संघ चालक हरिलाल, विभाग कार्यवाह गोविंद, विभाग व्यवस्था प्रमुख उमाशंकर मिश्र, जिला कार्यवाह अभय, आदर्श, सत्यप्रिय, आदर्श, सुशील, चंदन, उत्कर्ष, प्रदुम्न आदि उपस्थित रहे।

## राशन कार्ड निरस्त होने से लाभार्थी परेशान

आजमगढ़। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में पात्र लाभार्थियों का राशनकार्ड आपूर्ति कार्यालय से निरस्त कर दिया जा रहा है। इससे पात्र लोगों की परेशानी बढ़ गई है। वहीं, विभाग का कहना है उनके स्तर पर किसी लाभार्थी का नाम नहीं काटा गया है। जो व्यक्ति पात्र है वह नोटरी बयानहल्फी के साथ आनलाइन आवेदन करें। जांच के बाद उनका राशनकार्ड बना दिया जाएगा। जिले में सात लाख से अधिक अन्त्योदय और पात्र गृहस्थी के राशन कार्ड उपभोक्ता हैं। इन्हें हर माह शासन की तरफ से यूनिट के हिसाब राशनकार्ड उपभोक्ताओं को खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है। इधर कई माह से राशन कार्ड से नाम काटने और नाम जोड़ने का खेल आपूर्ति विभाग द्वारा किया जा रहा है। राशन कार्ड से नाम काटने में ज्यादातर खेल कोटेदारों का बताया जा रहा। इतना ही नहीं, गरीब परिवारों के राशन कार्डों को निरस्त कर दिया जाता है। इसका कारण विभागीय अधिकारी बताने को तैयार नहीं है।

## एनटीपीसी विंध्याचल ने ओपन हॉउस बैठक का किया आयोजन



जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। एनटीपीसी विंध्याचल ने अपने प्रशासनिक भवन के ग्राउंड फ्लोर ऑडिटोरियम में सभी कर्मचारियों के लिए एक ओपन हाउस बैठक का आयोजन किया।

इस बैठक में ई.सत्य फणि कुमार, कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) के साथ-साथ डॉ.बी.सी. चतुर्वेदी, मुख्य महाप्रबंधक (चिकित्सा), ए.जे. राजकुमार, महाप्रबंधक (मेंटेनेंस और एडीएएम), राकेश अरोड़ा, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल), विभाग प्रमुख, यूनियन और एसोसिएशन के प्रतिनिधिगण तथा बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे। बैठक को सभी उपस्थित लोगों ने सराहा, क्योंकि इसने कर्मचारियों को उनके मुद्दों, विचारों और कार्यस्थल से संबंधित समस्याओं पर सीधे प्रबंधन से संवाद करने का एक प्रभावी मंच प्रदान किया। कर्मचारियों ने इस सत्र में सक्रिय रूप से भाग लिया और अपनी चिंताओं और सुझावों को खुलकर व्यक्त किया। बैठक में कर्मचारियों द्वारा विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई, जो एक सकारात्मक और पारदर्शी संवाद को बढ़ावा देते हुए प्रबंधन और कर्मचारियों के बीच मजबूत संबंधों को बढ़ाने में सहायक रहे। बैठक के दौरान कर्मचारियों ने कार्यस्थल संचालन और टाउनशिप सुविधाओं से संबंधित अपनी समस्याओं और सुझावों को साझा किया। वरिष्ठ प्रबंधन ने इन मुद्दों पर गंभीरता से विचार किया और यह आश्वासन दिया कि इन चचाओं के आधार पर उचित कदम उठाए जाएंगे। यह ओपन हाउस बैठक एनटीपीसी विंध्याचल की कर्मचारी-संलग्नता, सामूहिक निर्णय-निर्माण और सहकारी कार्य संस्कृति के प्रति प्रतिबद्धता को स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करती है। इसके माध्यम से एक समावेशी और प्रगतिशील कार्यस्थल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं।



अबीर–गुलाल लगा लोगों ने खेली होली, एक–दूजे से गले मिल कर दी बधाई

# जच्चा-बच्चा की मौत ,चिकित्सकों पर लापरवाही का लगाया आरोप

सोनभद्र। सदर कोतवाली क्षेत्र के लोढी स्थित जिला अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज एमसीएच बिंग परिसर में शनिवार को जच्चा बच्चा की मौत पर परिजनों ने जमकर हंगामा किया। चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाया।

मामले की जानकारी होने पर मौके पर पुलिस पहुंच मामले को शांत करायी। जानकारी के अनुसार कृष्णा कुमारी 34 वर्षीय पत्नी विनोद कुमार जो शनिवार की सुबह डिलीवरी कराने अस्पताल पहुंचे पति ने बताया कि चिकित्सकों द्वारा ब्लड लेने के लिए हमें भेज दिया गया उधर हम ब्लड लेने चले गए तो मेरे परिवार का ऑपरेशन कर दिया गया फिर वापस आकर चिकित्सकों से वार्ता की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि केश सीरियस है आप वाराणसी ले जाइए जब घर की महिलाएं व अन्य लोग अंदर जाकर देखें तो जच्चा बच्चा दोनों की मौत हो चुकी थी जिस पर महिलाओं ने परिजन हम परिजनों को बताया इस तरीके से



- लोढी स्थित जिला अस्पताल व मेडिकल कॉलेज एमसीएच बिंग का मामला

लापरवाही करते हुए कार्य किया जा रहा है जिस पर परिजनों द्वारा जिला अस्पताल चैकी प्रभारी संजय सिंह को मामले से अवगत कराते हुए दोषी चिकित्सकों के खिलाफ कार्रवाई करने की गुहार लगाई गई। मौके पहुंचे चैकी इंचार्ज संजय सिंह ने परिजनों समझाकर परिजनों को शांत कराया और पंचनामा की कार्रवाई का आश्वासन दिया। बताया जाता है कि चिकित्सकों के लापरवाही से आए दिन हॉस्पिटल में मौतें हो रही हैं, जिम्मेदार मौन आखिर कब रुकेगा मौत का यह खेल। उधर परिजनों ने बताया कि मामले में पार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की गयी है।

# मीरजापुर में धड़ल्ले से हो रही बेशकीमती पेड़ों की कटान

जिला संवाददाता(vol)



मीरजापुर। गर्मी का मौसम प्रारंभ होते ही जिले के विभिन्न हिस्सों में बेशकीमती पेड़ों का कटान तेज कर दिया गया है। वन विभाग की मिली भगत से बन लकड़ी माफिया सक्रिय हो उठें हैं। बताया जा रहा है कि विंध्याचल थाना क्षेत्र के नकटा में अवैध सागौन के पेड़ की कटाई हो रही है जहां पेड़ कटाई के दौरान समीप में खेल रहे बच्चे बाल बाल बचे हैं। जिसे देख ग्रामीण आक्रोशित हो उठे ग्रामीणों ने अवैध ढंग से हो रहें पेड़ों के कटान का विरोध किया है। ग्रामीणों का कहना है कि पेड़ों के कट जाने से इस वर्ष पड़ने वाली प्रचंड गर्मी से उनके साथ जीव जंतुओं का बुराहाल होगा। छांव का ठौर न होने से मवेशियों का बुरा हाल हो उठेगा। वहीं वन माफियाओं ने पेड़ उठाने विरोध करते हुए ग्रामीणों को ही आंख दिखाना शुरू किया है।

ग्रामीणों के मुताबिक जिस स्थान से पेड़ों को काटा जा रहा है वहीं पेड़ के बगल से बिजली के पोल भी गुजरे हैं, पेड़ों की कटाई के दौरान बिजली के तारों को तोड़ते हुए बच्चों के पास सागौन का पेड़ गिरने बच्चे बाल-बाल बचे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उनके बार-बार मना करने के बाद भी पेड़ों का काटने का काम थमा नहीं है। ग्रामीणों के मुताबिक पेड़ कटवा रहे कल्लू का कहना था कि उनका अपना पुलिस और वन विभाग से पूरा सिस्टम है पेड़ यहां से जाने दो नहीं तो सबको फंसा दूंगा, जिस पर ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा और वह कटे हुए पेड़ों को ले जाने का विरोध करते हुए मौके पर अधिकारियों के आने की मांग पर अड़ गए थे कि जब तक जिम्मेदार नहीं आएंगे तब तक वह लकड़ी को उठने नहीं देंबे। आखिरकार ग्रामीणों के तेवर को देख और मौके की नजाकत को भांपते हुए पेड़ों के कटान में जुटे कल्लू लोहार धीरे से भाग खड़ा हुआ है।

### वन विभाग को भनक तक नहीं

ग्रामीण सवाल करते हैं कि आखिरकार यह कौन सा सिस्टम है कि क्षेत्र में पेड़ों की कटाई बंद नहीं हो पा रही है और ना ही जिम्मेदार विभाग के अधिकारियों को इसकी कानों-कान तक खबर हो पा रही है। बताया जा रहा है कि अभी कुछ दिन पहले सड़क के बगल से शीशम का पेड़ कटवा दिया गया और आए दिन पेड़ कट ही रहे हैं ऐसे में सवाल उठता है कि आखिरकार इस क्षेत्र में तैनात जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी किस प्रकार से वनों पेड़ों की रखवाली कर रहे हैं। ग्रामीण बताते हैं कि वन विभाग एवं स्थानीय चौकी पुलिस द्वारा अवैध ढंग से पेड़ों की कटाई की खूली छूट दे दी गई है। सूत्र बताते हैं कि विंध्य पर्वतों से लेकर समतल स्थान तक बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई की जा रही है, जिसमें वन विभाग के कर्मचारी, अधिकारी स्थानीय पुलिस की मिली भगत से कई जगहों पर पेड़ों की कटाई धड़ल्ले से की जा रही है। विंध्य पर्वत क्षेत्र सहित विंध्याचल क्षेत्र व आसपास के इलाके में हो रहे धड़ल्ले से पेड़ों के कटान पर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य करने वाले लोगों ने चिंता जताई है, जिनका कहना है कि, भूल गए लोग वह समय जब पैसे देने पर भी ऑक्सीजन नहीं मिलते थे ? यदि हरे भरे पेड़ नहीं होंगे तो हमें ऑक्सीजन कहां से मिलेगा। जानकारों की मानें तो इसी प्रकार से बड़े पैमाने पर पेड़ों की अवैध कटाई होती रही तो भीषण गर्मी के साथ साथ ऑक्सीजन की कमी से भी लोगों को जूझना पड़ जाएगा। आस-पास के लोगों ने जिले के आलाधिकारी सहित संबंधित विभाग से इस मामले में पूरी सक्रियता दिखाते हुए वन माफियाओं के ऊपर कड़ी कार्रवाई करते हुए पेड़ों का कटान रोकने की मांग की है, ताकि पेड़ों का संरक्षण हो सके। सूत्र बताते हैं कि थाना विंध्याचल क्षेत्र अंतर्गत बघरा तिवारी क्षेत्र में पिछले कई दिनों से अवैध ढंग से पेड़ों की कटाई की जा रही है वह भी पूरे दबंगई के साथ इससे साफ पता चलता है कि इन्हें इलाकाई पुलिस से लेकर संबंधित विभाग के लोगों का भी खुला संरक्षण प्राप्त है। ग्रामीण बताते हैं कि हरे जामुन सहित बेशकीमती पेड़ों को शनिवार को तड़के भोर में डीसीएम ट्रक में कटे हुए पेड़ को लादकर ले जाया गया है। मजे की बात है कि स्थानीय लोगों सहित मीडिया के लोगों ने भी वन विभाग को सूचना देकर इस संदर्भ में जब जानकारी चाही है कि किसके आदेश निर्देश पर पेड़ काटे जा रहे हैं, जिसका जवाब देना तो दूर रहा है कोई इधर झांकने तक नहीं आया है। इससे साफ पता चलता है कि अवैध ढंग से पेड़ों के कटान में सभी की मौन सहमति-स्वीकृति और कंबल ओढ़ के घी पीने की दिलचस्पी भी है।

संक्षेप

## शिविर लगाकर कल से दूर की जायेगी कर की विसंगतियां

**अयोध्या।** शिविर लगाकर जीआईएस आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। अयोध्या धाम में शिविर के आयोजन की शुरूआत 17 मार्च से होगी। शिविर का आयोजन सुबह नौ बजे से दोपहर दो बजे तक किया जाएगा। शिविर का निरीक्षण महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी भी करेंगे। आगामी 17 मार्च को अभिराम दास एवं रामकोट वार्ड की आपत्तियों का निस्तारण करने के लिए पूर्व माध्यमिक विद्यालय कटरा में शिविर का आयोजन किया जाएगा। 18 को अशोक सिंघल नगर एवं रामचंद्र परमहंसदास नगर वार्ड का शिविर तुलसी वाड़ी रामघाट चैराहा पर आयोजित होगा। 19 को वशिष्ट कुंड वार्ड के लोगों के लिए राघव विहार कॉलोनी में शिविर का आयोजन होगा।

20 को विद्या कुंड वार्ड का शिविर विद्याकुंड चैराहे पर आयोजित होगा। इसके अलावा 21 को मणिरामदास छावनी वार्ड का शिविर पशु चिकित्सालय अयोध्या में आयोजित किया जाएगा। 22 को देवकाली वार्ड का शिविर मधुसूदन विद्यालय पर आयोजित होगा।

# विवाद में जानलेवा हमला, चार घायल, सात नामजद

जिला संवाददाता(vol)



**अयोध्या।** नगर कोतवाली क्षेत्र स्थित एक मकान के विवाद को लेकर परिवार पर जानलेवा हमलाकर एक महिला समेत चार को घायल कर दिया गया। इनमें से तीन गंभीर घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल से हायर सेंटर रेफर किया गया है। शिकायत पर पुलिस ने सात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है और जाँच-पड़ताल में जुट गई है।

कोतवाली क्षेत्र के कृष्णा नगर कालोनी फेस-2 देवकाली निवासी अनिल कुमार तिवारी पुत्र राम सुरत तिवारी का कहना है कि उनका एक मकान को लेकर विवाद चल रहा है। मकान को उनकी बहन ने एक शख्स को बेंच दिया था और उसने मकान को इन लोगों को बेंच दिया। शाम लगभग चार बजे उनके पुत्र सचिन तिवारी व विश्व प्रकाश तिवारी उर्फ. नितिन तिवारी घर से होली का सामान लेने जा रहे थे। जैसे ही यह लोग गली से मुख्य मार्ग पर पहुँचे, वहां पर मौके की ताक में बैठे सगे भाई उत्सव उपाध्याय व छोटू उपाध्याय, इनके पिता विजय उपाध्याय व चाचा श्यामू उपाध्याय, चचेरे भाई मानस उपाध्याय निवासीगण ग्राम ज्योतिपुर समैसा थाना मालीपुर जिला अम्बेडकरनगर और नगर कोतवाली के ही कृष्णानगर कालोनी फेस दो देवकाली निवासी मोहित तिवारी तथा बछड़ा सुल्तानपुर निवासी पप्पू यादव ने गाली-गलौज के बाद लाठी-डंडो और रॉड से जानलेवा हमला बोल दिया। मामले की जानकारी पर वह और उनकी पत्नी रमी तिवारी तथा बेटा सौरभ तिवारी भागकर मौके पर पहुँचे तो हमलोगों को भी मारा पीटा। हमले में नितिन तिवारी का हाथ व पैर टूट गया तथा वह मरणासन्न हो गया। हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से चले गए। घायलों की बुआ इंदु तिवारी पत्नी दिनेश ने बताया कि नितिन को सिर और अन्य जगह पर 25 से ज्यादा टांके लगे हैं तथा नितिन और सचिन की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल से लखनऊ रेफर किया है। प्रकरण में नगर कोतवाली पुलिस ने जानलेवा हमला, मारपीट, गाली-गलौच और धमकी आदि की धारा में रिपोर्ट दर्ज की है।

## मधुमक्खियों के हमले से बुजुर्ग की मौत

**अयोध्या।** जनपद के हैदरगंज थाना क्षेत्र स्थित एक सरकारी गौशाला में मधुमक्खियों का एक छत्ता लगा हुआ था। शनिवार को गौशाला की देखरेख कर रहे कर्मियों पर मधुमक्खियां अचानक हमलावर हो गईं। इस हमले में एक बुजुर्ग केयर टेकर की मौत हो गई। घटना हैदरगंज थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत सीहापुर के मजरे खोन्धूपुर की है।

शनिवार की सुबह 10 बजे के करीब गौशाला के केयर टेकर रामकिशोर (70 वर्ष) परिसर में साफ-सफाई कर रहे थे। इसी दौरान मधुमक्खियों का एक झुंड केयर टेकर पर हमला बोल देता है। रामकिशोर को बचाने पहुंचे ग्राम प्रधान राम प्रकाश यादव को भी मधुमक्खियों का शिकार होना पड़ा और वह भी बुरी तरह से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने केयर टेकर और ग्राम प्रधान को सीएचसी रमवाकल पहुंचाया। जहां पर मौजूद डॉक्टरों ने केयर टेकर को मृत घोषित कर दिया और ग्राम प्रधान को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। थानाध्यक्ष विवेक कुमार राय ने बताया कि मधुमक्खियों के हमले में मृत बुजुर्ग का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## तालाब में डूबने से युवक की मौत

गोसाईंगंज-अयोध्या। गोसाईंगंज कोतवाली इलाके के रेवरी जगदीशपुर गांव में होली के दिन घर के बाहर स्थित तालाब में डूबने से एक युवक की मौत हो गयी। मृतक की पहचान गांव निवासी मुकेश सिंह35पुत्र रविंद्रसिंह के रूप में हुई।

परिजनों ने बताया कि युवक होली खेलने के बाद तालाब पर नहाने के लिए गया था। काफी देर लगने पर परिजन उसे खोजने निकले तो युवक तालाब में डूबा मिला।

परिजन उसे लेकर सीएचसी गोसाईंगंज पहुंचे जंहा चिकित्सक ने उसे मृत घोषित किया। एसएचओ परशुराम ओझा के मुताबिक युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## एसएसवी में नये शैक्षणिक सत्र के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू

**अयोध्या।** एसएसवी इंटर कॉलेज में नए शैक्षिक सत्र 2025- 26 में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रवेश के लिए आवेदन पत्र किसी भी कार्य दिवस में विद्यालय के निर्धारित कक्ष से प्राप्त किए जा सकते हैं। आवेदन पत्र का वितरण 29 मार्च तक होगा। प्रधानाचार्य डॉ. मणि शंकर तिवारी ने बताया कि कक्षा 11 के कला वर्ग, व्यावसायिक वर्ग और वाणिज्य वर्ग के लिए कोई प्रवेश परीक्षा नहीं होगी। हालांकि ऐसे छात्रों को संबंधित कक्षाध्यापक से मिलकर 30 अप्रैल के पूर्व अपना अस्थाई प्रवेश सुनिश्चित कराना होगा। कक्षा नौ में प्रवेश के लिए आंतरिक विद्यार्थियों के लिए भी कोई प्रवेश परीक्षा नहीं होगी। उन्होंने बताया कि कक्षा 11 के गणित व जीव विज्ञान के हिंदी और अंग्रेजी माध्यम में प्रवेश के लिए परीक्षा पांच अप्रैल को सुबह 8:30 बजे से होगी। कक्षा 10 उत्तीर्ण आंतरिक विद्यार्थियों को प्रवेश में अतिरिक्त भारांक दिए जाएंगे। डॉ.तिवारी ने बताया कि कक्षा 6 और 9 के हिंदी और अंग्रेजी माध्यम में प्रवेश के लिए परीक्षा चार अप्रैल को सुबह 8.30 बजे से होगी। संबंधित कक्षा और वर्ग के अनुसार निर्धारित विषय की परीक्षाएं होगी।

## गुलाल व गुब्बारे के पैकेट पाकर खिले नौनिहालों के चेहरे




**बाराबंकी।** आदि शक्ति सेवा संस्थान के तत्वाधान मे नन्हे-मुन्नो के साथ होली का पर्व बडे धूमधाम से मनाया गया। विकासखण्ड हरख अन्तर्गत पंचायत भवन नानमऊ मे उपस्थित सैकड़ो की संख्या मे नन्हे-मुन्नो को गुलाल समेत गुब्बारो के पैकेटो का वितरण किया गया। जिसके बाद उनके चेहरो पर मुस्कान देखने को मिली। इसके साथ ही समाजसेवियो द्वारा गुलाल लगाकर सभी को होली की बधाई दी गई। इस मौके पर एडवोकेट सरदार भूपिन्दर पाल सिंह शैन्की, ग्राम प्रधान सुधीर वर्मा, नवीन सेठ, सरदार कंवर सिंह पीयूष, आसिफ अहमद खान, अंकित वैश्य, पं0 प्रत्युशकांत शुक्ला, अवधेश टण्ड़न, रवि धीमान आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा नेता राकेश कर्रा ने बुजुर्गो में वस्त्र, मिठाई और गुलाल भेंट कर दी होली की बधाई



**बाराबंकी।** सफेदाबाद भुंहेरा स्थित मातृ-पितृ सदन वृद्धाश्रम में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह मे वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश वर्मा ने 100 बुजुर्गो मे वस्त्र, मिठाई एंव गुलाल भेंट कर होली की बधाई दी। तथा बुजुर्गो से आशीर्वाद लिया। इस मौके पर श्री वर्मा ने होली प्रेम और सौहार्द का पर्व है, जो हमें आपसी रिश्तों को सुदृढ़ करने और समाज में भाईचारा कायम रखने की प्रेरणा देता है। मुझे गर्व है कि आज मुझे मातृ-पितृ सदन में आकर इन पूज्यनीय वृद्धजनों के साथ होली की खुशियां मनाने का अवसर प्राप्त हुआ। इनका आशीर्वाद पाकर ही हमारे समाज का सही मार्गदर्शन संभव है। इस मौके पर अवधेश श्रीवास्तव, आनंद सिंह मोनी, तरुण कुशवाहा, रंजीत वर्मा, विनीत वर्मा, अमन वर्मा, कपिल वर्मा, रजत मौर्या, चंद्रकुमार मौजूद रहे।

# संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम ने सुनी शिकायतें



**मिल्कीपुर-अयोध्या।** शनिवार को मिल्कीपुर तहसील में एडीएम मिल्कीपुर राजीव रतन सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन कया गया। समाधान दिवस में कुल 21 शिकायतें आयी जिसमें एक का निस्तारण अधिकारियों द्वारा मौके पर करा दिया गया।

खंडासा थाना क्षेत्र के चंदौरा गांव निवासी माताफेर पांडे ने अपने शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि विपक्षी रामबरन पांडे द्वारा एक गुमटी रखा गया है जिससे एक पैत्रिक कुआं का रास्ता अवरूद्ध हो गया है, शादी विवाह में ग्रामीण इसी कुएं पर पूजा करने आते हैं।

धनैचा निवासी प्रहलाद पासी ने अपने शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि विपक्षी मेरे पिता से बैनामा लिखाया था तय भूमि जो दस्तावेज में अंकित है उससे ज्यादा भूमि पर निर्माण करने की कोशिश कर रहे हैं रोकने पर फौजदारी पर आम आधा हो जाते हैं। तहसील समाधान दिवस मे उप जिलाधिकारी मिल्कीपुर राजीव रतन सिंह, तहसीलदार सुमित कुमार सिंह, नायब आनंद प्रकाश राय सहित अन्य तहसील स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# विदाई के समय शिक्षिका से लिपटकर रो पड़े बच्चे

जिला संवाददाता(vol)

**बीकापुर-अयोध्या।** एक तरफ जहां कुछ शिक्षक शिक्षिकाऐं अपनी करतूतों से शिक्षा जगत को शर्मसार कर रही हैं तो वहीं दूसरी तरफ एक शिक्षिका द्वारा अपने पद प्रतिष्ठा और बच्चों के प्रति किये गये अपने आचरण व्यवहार से ना सिर्फ शिक्षा जगत का सम्मान बढ़ाया है।

- **आठ महीने सेवा देने के बाद पुनः पूर्व विद्यालय में हो गया स्थानांतरण**



बल्कि शिक्षक की गरिमा को शर्मसार करने वालों के मुंह पर जोरदार तमाचा भी है। बताते चलें कि अयोध्या जनपद के बीकापुर तहसील क्षेत्र के मोतीगंज निवासी यशोधरा यादव वर्ष 2007 से 2024 तक कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय मिल्कीपुर कुचेरा बाजार में पूर्ण कालिक शिक्षिका के रूप में सेवारत रहीं। जहां पर कुछ विरोधियों द्वारा उन पर बच्चों के उत्पीड़न, जिम्मेदारी पूर्वक बच्चों की पढ़ाई ना करने का आरोप लगाते हुऐ उच्चाधिकारियों से शिकायत की गई थी। यहां तक कि लेडी डॉन जैसे शब्दों का प्रयोग कर हतोत्साहित करने का प्रयास किया गया था। जिसके बाद उनका स्थानांतरण बीकापुर तहसील क्षेत्र के चैरे बाजार स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में कर दिया गया। जहां पर लगभग 8 महीने सेवा देने के बाद पुनः पूर्व विद्यालय में स्थानांतरण हो गया। स्थानांतरण के बाद विदाई के समय अजीब सा दृश्य देखने को मिला। विदाई के समय विद्यालय के बच्चे शिक्षिका से लिपट कर फफक कर रो पड़े। रोते हुये बच्चे अपनी चहेती शिक्षिका को दूसरे विद्यालय ना जाने की बात कहते रहे। इससे बड़ा दृश्य तो तब देखने को मिला जब पूर्व विद्यालय के बच्चों को अपने विद्यालय की पूर्व शिक्षिका के पुनः वापस आने की सूचना मिली तो बच्चे खुशी से झूम उठे और खुशी से रोते हुऐ शिक्षिका का फूल मालाओं से स्वागत किया।

सभी बच्चे खुशी से रोते हुये शिक्षिका से लिपट गये। शिक्षिका द्वारा अपने पद की गरिमा को संजोए हुये बच्चों के प्रति किये गये व्यवहार से अभिभूत बच्चों द्वारा मिला अपार स्नेह ना सिर्फ शिक्षा जगत का सम्मान बढ़ाया है। बल्कि शिक्षक की गरिमा को शर्मसार करने वालों के मुंह पर जोरदार तमाचा भी है। जिसकी शिक्षा जगत सहित क्षेत्र में सराहना हो रही है।

## कांशीराम की जयंती पर कांग्रेस सांसद ने अर्पित की श्रद्धांजलि



**बाराबंकी।** कांशीराम सामाजिक असमानता और जातिवाद के खिलाफ संघर्षरत रहे। उन्होंने सामाजिक न्याय की राजनीति को एक नई दिशा प्रदान की। बहुजन समाज को सत्ता में भागीदारी दिलाने के लिए प्रेरित किया और उनका प्रसिद्ध नारा जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी भागीदारी आज भी प्रासंगिक है। उक्त उद्गार बहुजन समाज को राजनीतिक और सामाजिक रूप से सशक्त करने वाले, सामाजिक न्याय व दलित उत्थान के प्रखर योद्धा कांशीराम की जयंती पर आयोजित श्रद्धाजंलि सभा मे उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करने के पश्चात काग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने व्यक्त किये। सभा मे कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकताओं ने उनके विचारों को आत्मसात करने और सामाजिक न्याय की इस लड़ाई को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पूर्व सांसद डा0 पी0एल पुनिया, कांग्रेस जिलाध्यक्ष मो0मोहसिन, नगर अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा फोटोवाला, सरजू शर्मा, कमल भल्ला, प्रदीप वर्मा आदि मौजूद रहे।

# देवा शरीफ दरगाह में खेली गई गुलाब के फूल और गुलाल की होली

जिला संवाददाता(vol)

**बाराबंकी।** होली के पर्व का जश्न अपने शबाब पर देखने को मिला। आम आदमी ने भी होली पर्व को पूरे उत्सव के साथ मनाया। कंपनी बाग स्थित पूर्व कारागार मंत्री राकेश वर्मा

- **राजनेताओ के घर पहुच कर समाजसेवियों ने दी मुबारकबाद**
- **सुरक्षा व्यवस्था को लेकर होलिका दहन स्थलों पर रहा भारी पुलिस बल तैनात**
- **धूमधाम से मनाई गई जनपद में होली**

एंव काग्रेस सांसद तनुज पुनिया के आवास पर जनता समेत आगंतुको के साथ होली पूरे जश्न के साथ मनायी। तथा कार्यकर्ताओ से गले मिलकर रंगों के त्यौहार होली की बधाई दी। तो वही कई व्यापारियों संगठनों द्वारा धनोखर



चैराहा पर होली पर्व पर एक-दूसरे को रंग लगाकर बधाई दी।

### सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस ने कसी कमर

होलिकात्सव पर पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह नें होलिका दहन से सम्बन्धित किसी भी विवाद के निस्तारण, पुराने व नए होलिका दहन स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था पर सतर्कता बरततें हुयें भारी पुलिस बल तैनात किया।

### देवाशरीफ दरगाह में खेली गुलाब के फूल व गुलाल की होली

बाराबंकी के देवा स्थित सूफी संत हाजी वारिस अली शाह की दरगाह पर सभी धर्मो के लोगों ने सूफियाना रंगों से सराबोर होते हुयें कौमी एकता की मिसाल दी।



दरगाह पर सतरंगी रंगों के साथ गुलाब की फूल व गुलाल से होली खेलने की परंम्परा है। परम्परा के अनुसार ही कुतलों फूलों की पंखुड़ियों व गुलाल संग हिन्दू-मुस्लिम नें मिलकर एक साथ होली खेली। जंहा काग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने पहुंच सभी को होली की बधाई दी।

## हादसे में चालक समेत तीन घायल

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** थाना कुमारगंज क्षेत्र अंतर्गत आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय कैंपस में शुक्रवार शाम करीब 6 बजे तेज रफ्तार महिंद्रा थार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे विद्युत पोल से टकरा गई, हादसे में चालक समेत 3 युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज हेतु सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय पिठला पहुंचाया गया। जहां तैनात डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए सभी को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। थार में सवार युवक आभास श्रीवास्तव 28 वर्ष, सचिन सिंह 32 वर्ष, विक्रम सिंह 26 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। मिली जानकारी के मुताबिक थार चालक प्रशासनिक भवन से निकल कर स्टेट बैंक के सामने कृषि विश्वविद्यालय के कैंटीन की तरफ मुड़ते ही अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे विद्युत पोल से जा टकराई। जिससे थार सवार सभी युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

## पूरेडलई क्षेत्र में रंग गुलाल के बीच युवाओं ने खेली कपड़ा फाड़ होली



**रामसनेहीघाट, बाराबंकी।** विकासखंड पूरेडलई क्षेत्र में होली का पर्व आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया। पूरे क्षेत्र मे गुलाल के बीच कपड़ा फाड़ होली का रंग भी लोगो पर खूब चढ़ा। युवाओं की टोलियो द्वारा एक-दूसरे को रंग लगाने के साथ-साथ कपड़ा फाड़ होली का असर देखने को मिला। तो वही कपड़ा फाड़ होली के दौरान डीजे के संग जुलूस निकाल ह्यहोली खेले रघुवीराह्न गीत पर लोग जमकर थिरकते दिखे। खमौली, सराय बरई, बेलखरा, खेतासराय, खजुरी, न्यामतगंज सुखीपुर, डालमऊ, मंगरौंडा समेत अलग-अलग हिस्सों में रंगोत्सव को अनोखे अंदाज में मनाया गया। तो वही सुखीपुर चैकी प्रभारी देवेंद्र प्रताप सिंह सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लगातार अपने क्षेत्र का भ्रमण करते रहे।

# अवध विवि में दुपहिया और चार पहिया वाहनों के लिए हेलमेट व सीट बेल्ट अनिवार्य

जिला संवाददाता(vol)

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय परिसर में दुपहिया वाहनों को हेलमेट और चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट न लगाने पर प्रवेश नहीं मिलेगा। विश्वविद्यालय प्रशासन ने कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के आदेश क्रम में सड़क सुरक्षा समिति द्वारा दिए गए

- **विवि प्रशासन ने सड़क सुरक्षा समिति के निदेर्शों के अनुपालन में आदेश जारी किया**

निदेर्शों के अनुपालन में आदेश जारी किया। उत्तर प्रदेश के परिवहन आयुक्त ने उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश एवं सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष न्यायधीश अभय मनोहर सप्रे की अध्यक्षता में हुई बैठक जिसमें सड़क सुरक्षा के मिले निदेर्शों के अनुपालन में विश्वविद्यालयों को पत्र भेजा है। इसी क्रम में विश्वविद्यालय प्रशासन कड़ाई से अनुपालन करायेगा।

अवध विश्वविद्यालय में कार्यरत सभी शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, अध्ययनरत विद्यार्थी व अन्य दुपहिया वाहन से आते हैं, उनके लिए हेलमेट अनिवार्य कर दिया गया है। पीछे बैठे सहयात्री को भी हेलमेट लगाना होगा। इसके अतिरिक्त चार पहिया वाहनों के लिए भी सीट बेल्ट अनिवार्य होगी। दोनों प्रकार के वाहन चलाते समय मोबाइल के प्रयोग पर पाबंदी रहेगी। मुख्य नियंता प्रो0 संत शरण मिश्र ने बताया कि विश्वविद्यालय के प्रवेश द्वार व सेंट्रल लाइब्रेरी के चेक प्वाइंट पर सुरक्षा कर्मियों द्वारा हेलमेट एवं सीट बेल्ट लगाने की जांच की जायेगी। इसके अलावा सुरक्षा कर्मियों द्वारा प्रेरित भी किया जायेगा। परिसर में बिना हेलमेट और सीट बेल्ट के प्रवेश पर रोक लगाई जायेगी।

यह निर्देश प्रत्येक की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अत्यंत आवश्यक है। हम सभी को इस पहल को गंभीरता से लेना चहिए। विश्वविद्यालय के कुलसचिव उमानाथ ने बताया कि उक्त आशय से सभी विभागाध्यक्षों और कार्यालयाध्यक्षों को कड़ाई से अनुपालन के लिए सूचित किया जा चुका है।

# दक्षिण कोरिया से अयोध्या पहुंचा 78 सदस्यीय शिष्टमंडल

## अयोध्या और दक्षिण कोरिया के बीच सदियों पुराना रिश्ता फिर से हुआ मजबूत

जिला संवाददाता(vol)

**अयोध्या।** अयोध्या और दक्षिण कोरिया के बीच सदियों पुराना रिश्ता एक बार फिर जीवंत हो उठा। गुरुवार को दक्षिण कोरिया के गारक राजवंश के प्रतिनिधियों सहित 78 सदस्यीय

- **रानी हो मेमोरियल पर पहुंच सांस्कृतिक जड़ों को किया याद**
- **श्रीराम मंदिर में सभी ने किया दर्शन – पूजन**

शिष्टमंडल अयोध्या की पावन धरती पर पहुंचा। इस खास मौके पर मेहमानों ने सबसे पहले नया घाट स्थित रानी हो मेमोरियल पार्क में अपनी सांस्कृतिक जड़ों को याद किया और यहां ढाई साल पहले निर्मित स्मारक पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके बाद, शिष्टमंडल ने भव्य राम मंदिर में दर्शन-पूजन किया और सरयू नदी के तट पर आरती के अलौकिक दृश्य के साक्षी बने। अयोध्या की नई चमक और व्यवस्था से अभिभूत इस दल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की



जमकर प्रशंसा की। शाम ढलते ही लेजर शो की रंगीन छटा ने मेहमानों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रात में पारंपरिक नृत्य की शानदार प्रस्तुति देखने को मिली, जहां आठ कलाकारों ने अपनी कला से सबका मन मोह लिया। शिष्टमंडल ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य यतीन्द्र मिश्र से मुलाकात की और उनके साथ रात्रिभोज का आनंद लिया। शुक्रवार को यह शिष्टमंडल प्राकृतिक रंगों से होली खेलेगा, जो भारत और दक्षिण कोरिया की संस्कृतियों के मिलन का एक अनूठा प्रतीक बनेगा। दोपहर बाद यह दल अयोध्या से विदा लेगा, लेकिन अपने साथ दोनों देशों के बीच दोस्ती की नई यादें ले जाएगा।

अयोध्या और दक्षिण कोरिया का रिश्ता इतिहास की गहराइयों में समाया है। डॉ. आशीष के अनुसार, दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और ऐतिहासिक जुड़ाव लंबे समय से रहा है। यह दौरा न केवल उस बंधन को मजबूत करेगा, बल्कि दो महान संस्कृतियों के संगम का साक्षी भी बनेगा। दक्षिण कोरियाई प्रतिनिधिमंडल की अयोध्या की यह यात्रा एक बार फिर साबित करती है कि प्यार, परंपरा और इतिहास की डोर से बंधे रिश्ते समय की हर सीमा को पार कर सकते हैं।

## अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू किये जाने की मांग, वकीलों ने सौंपा ज्ञापन



**बाराबंकी।** अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू किये जाने की मांग को लेकर जिला बार एसोसिएशन के तत्वाधान मे अधिवक्ताओ ने महामहिम राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रशासनिक अधिकारी को सौपा। ज्ञापन मे कहा गया है कि वर्तमान समय में देश व प्रदेश में सम्मानित अधिवक्ताओं के साथ लगातार आपराधिक घटनाएँ बढ़ती जा रही हैं। अधिवक्ता समाज जो आम जनमानस को न्याय दिलाने में महत्वपूर्ण भागीदारी करता है तथा न्यायिक प्रक्रिया का महत्वपूर्ण अंग होता है। इसके बावजूद भी आज अधिवक्ता समाज ही सुरक्षित नही है।

इसलिये अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट अविलम्ब लागू किया जाये। ज्ञापन सौपने वालो मे बार अध्यक्ष हिसाल बारी किदवाई, महामंत्री अशोक वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवेन्द्र यादव, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य मदनलाल यादव, बृजमोहन वर्मा, रामकिशोर शुक्ला, अनूप कल्याणी आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## चोरों ने किया हाथ साफ

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** कम्पोजिट विद्यालय धमथुवा ( पूरे लीला पाण्डेय ) में शुक्रवार की रात चोरों ने खिड़की काट कर समान पार कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कुमारगंज थाना क्षेत्र के धमथुवा पूरे लीला पाण्डेय कम्पोजिट विद्यालय के प्रधानाध्यापक सन्तराम ने पुलिस को दिये गये तहरीर में बताया है कि 14 तारीख की रात चोरों ने विधालय की खिड़की काटकर कुछ बेंच एव कुर्सियां चोरी कर ली। प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह ने बताया की मामले की जांच की जा रही है।




## संक्षेप

### लाहिड़ी संयुक्त 31वें स्थान पर खिसके

सिंगापुर। भारतीय गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी शनिवार को यहां लिव गोल्फ सिंगापुर टूनामेंट के दूसरे दौर में एक ओवर 72 का कार्ड खेलने से संयुक्त 31वें स्थान पर खिसक गए। वहीं डस्टिन जॉनसन और जोकिन निमान खिताब के मुख्य दावेदार बने हुए हैं। लाहिड़ी ने सातवें होल में बर्डी से शुरूआत की, आठवें में डबल बोगी कर बैठे। उन्होंने फिर 16वें और 17वें होल में बोगी कर दी। पर 18वें होल में बर्डी लगाई और अपने अंतिम सातवेंहोल में भी एक बर्डी लगाई। इस तरह वह 54 खिलाड़ियों में संयुक्त 31वें स्थान पर बने हुए हैं।

### अवनि और प्रणवी ने कट किया हासिल

कोफ्स हार्बर। भारतीय गोल्फर अवनि प्रशांत और प्रणवी उर्स ने यहां बारिश से प्रभावित ऑस्ट्रेलियन वुमेन्स क्लासिक में कट हासिल किया जबकि इनसे ज्यादा अनुभवी दीक्षा डागर ऐसा करने में विफल रहीं। पहले दौर में 72 का कार्ड खेलने वाली अवनि ने दूसरे दौर में इवन पार 70 का स्कोर बनाया जिससे 36 होल में वह दो ओवर पर थीं। अपने पहले ही सत्र में खेल रही अवनि संयुक्त 40वें स्थान पर बनी हुई हैं। प्रणवी उर्स (73-71) ने संयुक्त 60वें स्थान पर रहकर कट हासिल किया। शीर्ष 60 गोल्फर अंतिम दौर खेलेंगी। दो बार की लेडीज यूरोपीय टूर की विजेता दीक्षा डागर 74 और 73 के कार्ड खेलकर कट से चूक गई जो चार ओवर का था।

### दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल

मुंबइ। ऑलराउंडर अक्षर पटेल आईपीएल -2025 के लिए दिल्ली कैपिटल्स टीम के कप्तान होंगे। फ्रेंचाइजी ने शुक्रवार को इसका ऐलान किया। कप्तानी की रेस में केएल राहुल का भी नाम शामिल था। दोनों के नामों पर विचार किया गया और आखिर में अक्षर पटेल को टीम की जिम्मेदारी दी गई है। आईपीएल -2025 की शुरूआत 22 मार्च से होनी है। अक्षर पटेल 2019 से हैं टीम का हिस्सा अक्षर पटेल 2019 से दिल्ली कैपिटल्स का हिस्सा हैं। वह दिल्ली के सबसे अनुभवी खिलाड़ी हैं। उन्होंने पिछले 6 सीजन में टीम के लिए 82 मैच खेले हैं।

### बुमराह आईपीएल के शुरूआती मैच नहीं खेलेंगे

मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह आईपीएल-2025 के शुरूआती मैच नहीं खेलेंगे। वे बेंगलुरु में बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिहैब कर रहे हैं। बुमराह की मेडिकल रिपोर्ट ठीक है। उन्होंने उडए में गेंदबाजी फिर से शुरू कर दी है। वे अप्रैल माह के पहले हफ्ते में टीम के साथ जुड़ेंगे। लेकिन, इसके लिए एनसीए की मेडिकल टीम से फिटनेस सर्टिफिकेट मिलना जरूरी है। तब तक मुंबई की टीम 3 मैच खेल चुकी होगी। बीजीटी के आखिरी मैच में चोटिल हुए थे बुमराह बुमराह बीजीटी के आखिरी टेस्ट मैच में चोटिल हो गए थे। लोअर बैक इंजरी के चलते बुमराह चैंपियंस ट्रॉफी से भी वह बाहर हो गए थे। मयंक यादव पिछले आईपीएल में चोटिल हो गए थे। उसके बाद से वह केवल 3 ही घरेलू और इंटरनेशनल मैच खेले हैं।

वे मांसपेशियों के खिंचाव से परेशान हैं। एमआई के पहले 2 मैच अवे ग्राउंड पर आईपीएल-2025 की शुरूआत 22 मार्च को कोलकाता में होगी।

इस सीजन का पहला मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला जाएगा। मुंबई की टीम 23 मार्च को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ चेपॉक में अभियान की शुरूआत करेगी। फिर 29 मार्च को अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस से खेलेंगे। एमआई का पहला घरेलू मैच 31 मार्च को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ होगा। इसके बाद टीम 4 अप्रैल को लखनऊ सुपर जायंट्स से लखनऊ में और 7 अप्रैल को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से मुंबई में खेलेगी।

# दिल्ली कैपिटल्स को 150 रन का लक्ष्य

## रोहित बने रह सकते हैं टेस्ट कप्तान, आईपीएल के मध्य में अंतिम फैसला बीसीसीआई करेगा




एजेंसी

मुंबई। दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान मेग लैनिंग ने शनिवार को यहां महिला प्रीमियर लीग के फाइनल में टॉस जीतकर मुंबई इंडियंस को बल्लेबाजी करने का न्योता दिया। मुंबई इंडियंस ने अंतिम एकादश में कोई बदलाव नहीं किया है। दिल्ली कैपिटल्स ने टिटास साधु की जगह श्री चरानी को अंतिम एकादश में शामिल किया।

**नयी दिल्ली।** चैंपियंस ट्रॉफी की जीत ने रोहित शर्मा की चमक बढ़ा दी है और अगर वह टेस्ट कप्तान बरकरार रहें और इंग्लैंड दौरे पर टीम के कप्तान के तौर पर जाएं तो यह हैरानी की बात नहीं होगी, हालांकि चयनकर्ताओं ने 20 जून से शुरू होने वाले दौरे के लिए अभी तक कोई फैसला नहीं किया है। रोहित पर दुबई में अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव था, दुबई में खिताब ने निश्चित रूप से कप्तान को राहत दी है। लेकिन सवाल यह है कि क्या राष्ट्रीय चयन समिति चुनौतीपूर्ण टेस्ट प्रारूप पर फैसला लेते समय वनडे प्रारूप में सफलता पर विचार करेगी।

टीम को पिछले डब्ल्यूटीसी (विश्व टेस्ट चैंपियनशिप) चक्र में छह शिकस्त मिली थी। भारत के लिए नया चक्र इंग्लैंड श्रृंखला से शुरू होगा जहां पहला टेस्ट लीड्स में खेला जाएगा। बीसीसीआई के एक सूत्र ने नाम नहीं बताने की शर्त पर बताया, तकनीकी रूप से रोहित टेस्ट कप्तान हैं।

उन्होंने सिडनी में आखिरी टेस्ट से खुद को स्वेच्छा से बाहर रखा, जहां उन्होंने समझाने की कोशिश की कि एक टीम खराब फॉर्म में चल रहे कई बल्लेबाजों के साथ खेलना जारी नहीं रख सकती। उन्होंने कहा ऑस्ट्रेलिया टेस्ट के बाद भारत ने कोई टेस्ट नहीं खेला है, इसलिए टेस्ट कप्तानी में कोई बदलाव नहीं हुआ है। साथ ही रोहित ने कभी नहीं कहा कि वह टेस्ट नहीं खेलना चाहते हैं। हालांकि सूत्र ने कहा कि राष्ट्रीय चयन समिति ने अभी तक इंग्लैंड श्रृंखला पर फैसला नहीं किया है। उन्होंने कहा चयन समिति को आईपीएल के दौरान छुट्टी मिलती है। जाहिर है सभी मैचों का टेलीविजन पर प्रसारण होने के कारण उन्हें हमेशा यात्रा करने की जरूरत नहीं होती है। जब तक कि उनके पास कोई विशिष्ट रणनीति नहीं हो या वे किसी विशेष खिलाड़ी को करीब से देखना नहीं चाहें, वे यात्रा नहीं करते।

# भारतीय निशानेबाजों ने विश्व कप से पहले राष्ट्रीय शिविर में तैयारी शुरू



नयी दिल्ली। अर्जेंटीना और पेरू में होने वाले विश्व कप के लिए चुने गए भारतीय निशानेबाज यहां डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में राष्ट्रीय शिविर में शामिल हो गए हैं जो शनिवार से आगामी सत्र की तैयारियों का अपना अंतिम चरण शुरू कर रहे हैं।

कुछ निशानेबाजों को छोड़कर 35 सदस्यीय दल के अधिकांश निशानेबाज शुक्रवार को शिविर में पहुंच गए और अपने-अपने कोचों के साथ अभ्यास करना शुरू कर दिया है। निशानेबाजों का पहला बैच 26 मार्च को अर्जेंटीना की राजधानी ब्यूनस आयर्स के लिए रवाना होगा जो इस साल के पहले अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) विश्व कप राइफल, पिस्टल, शॉटगन (एक से 11 अप्रैल) चरण का आयोजन स्थल है।

इसके बाद दक्षिण अमेरिकी चरण पेरू के लीमा में शुरू होगा जिसमें दूसरा आईएसएसएफ संयुक्त विश्व कप 13-22 अप्रैल तक होगा। दो बार की ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मनु भाकर दो व्यक्तिगत स्पर्धाओं, महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल और महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल में भाग लेने वाली एकमात्र भारतीय निशानेबाज होंगी। भारतीय निशानेबाज राइफल, पिस्टल और शॉटगन की 15 स्पर्धाओं में भाग लेंगे, जिसमें 12 व्यक्तिगत और तीन मिश्रित टीम स्पर्धा शामिल हैं।

# सविता और हरमनप्रीत वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

एजेंसी




नयी दिल्ली। पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह को हॉकी इंडिया सातवें सालाना पुरस्कार में वर्ष 2024 के सर्वश्रेष्ठ पुरूष खिलाड़ी और दिग्गज गोलकीपर सविता को सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार मिला।

पचास वर्ष पहले 15 मार्च को ही कुआलालम्पुर में भारत को एकमात्र विश्व कप जिताने वाली अजितपाल सिंह की कप्तानी वाली भारतीय टीम को ध्यानचंद लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार प्रदान किया गया। पिछले साल पेरिस ओलंपिक में दस गोल करके भारत को लगातार दूसरा ओलंपिक कांस्य पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह ने कहा, पुरस्कार काफी मायने रखते हैं और युवाओं को इससे प्रेरणा मिलती है। मैं उन्हें इतना ही कहूंगा कि नतीजे का दबाव लिये बिना कड़ी मेहनत करते रहें। वहीं तीसरी बार पुरस्कार जीतने वाली पूर्व कप्तान सविता ने वीडियो संदेश में कहा, इस पुरस्कार से मुझे आगे और मेहनत करने की प्रेरणा मिलेगी। यह मेरे साथी खिलाड़ियों को समर्पित है। वहीं वर्ष के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का बलजीत सिंह पुरस्कार भी सविता को मिला। सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर का परगट सिंह पुरस्कार अमित रोहिदास ने जीता जबकि सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर का अजितपाल सिंह पुरस्कार हार्दिक सिंह को मिला। सर्वश्रेष्ठ फॉरवर्ड का धनराज पिल्लै पुरस्कार अभिषेक को दिया गया। वर्ष 2024 की सर्वश्रेष्ठ अंडर 21 महिला खिलाड़ी का असुंथा लाकड़ा पुरस्कार ड्रैग फ्लिकर दीपिका को मिला जबकि पुरूष वर्ग में जुगराज सिंह पुरस्कार अराइजीत सिंह हुंडल ने जीता।

### चैंपियनशिप और वनडे कप में खेलेंगे युजवेंद्र चहल

मुंबई। युजवेंद्र चहल पिछले सीजन नॉर्थम्पटनशायर के लिए 19 विकेट लिए थे। भारतीय लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल आईपीएल के बाद काउंटी चैंपियनशिप और वनडे कप के लिए इंग्लैंड का दौरा करेंगे। वह नॉर्थम्पटनशायर की तरफ से खेलेंगे। टीम ने इसकी पुष्टि की है। इंग्लिश क्लब की तरफ से बीते गुरुवार (13 मार्च 2025) को एक पोस्ट में बताया गया कि भारतीय लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल जून से लेकर सीजन के अंत तक नॉर्थम्पटनशायर की टीम का हिस्सा रहेंगे। उनका पहला मैच 22 जून को मिडलसेक्स के खिलाफ होने की उम्मीद है। चहल ने पिछले साल लिया था 19 विकेट चहल पिछले सीजन नॉर्थम्पटनशायर की तरफ से खेल चुके हैं। उन्होंने टीम को चौथे स्थान तक पहुंचाने में अहम रोल निभाया था। टूनार्मेंट के दौरान उन्होंने चार मैचों में 21.10 की औसत से 19 विकेट चटकाए थे।

# एंड्रीवा इंडियन वेल्स के फाइनल में, मुकाबला सबालेंका से



एजेंसी

इंडियन वेल्स। रूस की किशोरी मीरा एंड्रीवा ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शनिवार को यहां सर्द परिस्थितियों में गत चैंपियन इगा स्वियातेक को 7-6 (1), 1-6, 6-3 से हराकर बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। नौवीं वरीयता प्राप्त 17 वर्षीय एंड्रीवा 2001 के बाद इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी है।

फाइनल में उनका मुकाबला शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका होगा। सबालेंका ने दूसरे सेमीफाइनल में पांचवीं वरीयता प्राप्त मैडिसन कीज़ को 51 मिनट में 6-0, 6-1 से हराया। सबालेंका ने इस तरह से कीज के पिछले 16 मैच से चले आ रहे विजय अभियान पर रोक लगाकर उनसे ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में मिली हार का बदला भी चुकता कर दिया। एंड्रीवा ने टूर में अपनी जीत का सिलसिला 11 मैच तक पहुंचा दिया है। उन्होंने स्वियातेक का इंडियन वेल्स में पिछले 10 मैच से चला आ रहा विजय अभियान भी रोक दिया। रूस की खिलाड़ी ने पिछले महीने दुबई में अपना पहला डब्ल्यूटीए टूर खिताब जीता था। वह तब डब्ल्यूटीए 1000 प्रतियोगिता जीतने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन गई थी। किम क्लाइस्टर्स भी 2001 में 17 साल की थीं जब वह इंडियन वेल्स के फाइनल में सेरेना विलियम्स से हार गईं थीं।

### फार्मूला वन : नॉरिस ने पोल पोजीशन हासिल की




मेलबर्न। लुई हैमिल्टन ने फॉर्मूला वन में फेरारी की तरफ से पदार्पण करते हुए शनिवार को यहां वर्ष की पहली रेस ऑस्ट्रेलिया ग्रां प्री के क्वालीफाइंग में आठवां स्थान हासिल किया जबकि मैकलेरन के लैंडो नॉरिस पोल पोजीशन हासिल करने में सफल रहे।

फॉर्मूला वन की रविवार की शुरुआती रेस से पहले क्वालीफाइंग सत्र समाप्त होने के तुरंत बाद नॉरिस ने अपने टीम रेडियो पर कहा साल की शुरुआत करने का यह कोई बुरा तरीका नहीं है, सभी को धन्यवाद।

नॉरिस की टीम के साथी और मेलबर्न में जन्मे ऑस्कर पियास्त्री दूसरे स्थान पर रहे। मौजूदा विश्व चैंपियन रेड बुल के मैक्स वेरस्टैपेन ने तीसरा स्थान हासिल किया।

# गोकुलम केरला ने गत चैंपियन ओडिशा एफसी को 3-1 से हराया



एजेंसी

भुवनेश्वर। गोकुलम केरला ने शनिवार को यहां कलिंगा स्टेडियम में गत चैंपियन ओडिशा एफसी को 3-1 से शिकस्त दी जिससे वह इंडियन वुमेन्स लीग 2024-25 खिताब की दौड़ में बरकरार है। फजीला इक्कापुट (42वें और 59वें मिनट) ने ओडिशा के खिलाफ दो गोल करके अपने गोलों की संख्या 15 तक पहुंचाई जबकि ओडिशा एफसी की स्ट्राइकर प्यारी खाका (32वें मिनट) ने आत्मघाती गोल किया। मेजबान टीम के लिए एकमात्र गोल स्थानापन्न खिलाड़ी नेहा ने 50वें मिनट में गोल किया। गोकुलम केरला के आठ मैच में 20 अंक हैं जिससे वह तालिका में शीर्ष पर है। ईस्ट बंगाल उससे दो अंक पीछे है लेकिन उसने एक मैच कम खेला है। वहीं ओडिशा की टीम आठ मैच में 11 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है।

**छेत्री के संन्यास से लौटने के बाद भारत का लक्ष्य बिना गोल गंवाए मालदीव और बांग्लादेश को हराना**

शिलांग। सीनियर डिफेंडर संदेश झींगन ने शनिवार को कहा कि भारतीय फुटबॉल टीम का लक्ष्य यहां होने वाले आगामी अंतरराष्ट्रीय मैचों में बिना कोई गोल खाए मालदीव और बांग्लादेश को हराना है। भारत 19 मार्च को अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच में मालदीव की मेजबानी करेगा। इसके बाद 25 मार्च को 2027 एएफसी एशियाई कप क्वालीफाइंग के तीसरे दौर के अपने शुरुआती मैच में बांग्लादेश से भिड़ेगा। दोनों मैच यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में होंगे, मेघालय की राजधानी अपने पहले अंतरराष्ट्रीय मैचों की मेजबानी कर रही है।

भारत के करिश्माई स्ट्राइकर सुनील छेत्री 19 मार्च को मालदीव के खिलाफ मैच में अपने अंतरराष्ट्रीय संन्यास से वापसी करेंगे। झींगन (31 वर्ष) ने कहा, हमारा लक्ष्य बांग्लादेश के खिलाफ मैच में अच्छा नतीजा प्राप्त करना है क्योंकि इससे हमें एशियाई कप क्वालीफायर में अच्छी शुरुआत मिलेगी और मुझे लगता है कि इससे पहले 10 दिवसीय ट्रेनिंग शिविर और साथ ही मालदीव के खिलाफ मैत्री मैच हमें तैयारी में बहुत मदद करेगा। उन्होंने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की विज्ञप्ति में कहा, हमारा लक्ष्य दो क्लीन शीट (बिना गोल गंवाए) जीत हासिल करना है।

छेत्री (40 वर्ष) ने 2005 में भारत के लिए पदार्पण करने के बाद जून 2024 में अपने शानदार अंतरराष्ट्रीय करियर से संन्यास ले लिया था। लेकिन 2024-25 इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में दिखा कि यह छेत्री का सबसे शानदार सत्र रहा। उन्होंने 24 मैच में 12 गोल किए हैं। वह कुल मिलाकर दूसरे सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी हैं और भारतीयों में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। मुख्य कोच मनोलो मार्केज छेत्री को एक बार फिर भारत की जर्सी पहनने के लिए मनाया। मार्केज ने कहा, मैंने एआईएफएफ और बेंगलुरु एफसी से बात करके उन्हें फोन किया। मैंने सुनील से बात की और उन्हें बताया कि मैं उनसे क्या चाहता हूं। उन्होंने कहा इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि वह 40 साल के हैं या नहीं। राष्ट्रीय टीम को ऐसे खिलाड़ियों की जरूरत है जो अच्छी फॉर्म में हों।

भारत को 2027 एशियाई कप क्वालीफाइंग तीसरे दौर के ग्रुप सी में बांग्लादेश, हांगकांग और सिंगापुर के साथ रखा गया है और केवल शीर्ष टीम ही महाद्वीपीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई करती है। मार्केज ने कहा शुनील आईएसएल में भारत के शीर्ष स्कोरर हैं जिन्होंने आईएसएल में अपने बाद के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी ब्रिसन से लगभग दोगुने गोल किए हैं। उनके बाद सुभाशीष, इरफान, मनवीर हैं। ये सभी राष्ट्रीय टीम में हमारे साथ हैं। उन्होंने कहा हमें ऐसे खिलाडियों की जरूरत है जो गोल करें। अब तक के मेरे चार मैच में हमने केवल दो गोल किए हैं। इस समय सबसे महत्वपूर्ण बात नतीजा प्राप्त करना है। इसके अलावा कुछ भी मायने नहीं रखता। भारतीय टीम ने शनिवार की सुबह 45 मिनट का जिम सत्र में हिस्सा लिया और शाम को मैच स्थल जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में मैदान पर ट्रेनिंग की।

**आईएसएल ने प्लेऑफ का कार्यक्रम जारी किया, 12 अप्रैल को होगा फाइनल**

मुंबई। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) ने शनिवार को वर्तमान सत्र के प्लेऑफ का कार्यक्रम जारी किया, जिसमें दो चरणों में होने वाले सेमीफाइनल दो से सात अप्रैल के बीच होंगे जबकि फाइनल 12 अप्रैल को खेला जाएगा। इस फुटबाल टूर्नामेंट का लीग चरण 12 मार्च को समाप्त हुआ था। प्लेऑफ के कार्यक्रम के अनुसार नॉकआउट के मैच 29 और 30 मार्च को खेले जाएंगे और सेमीफाइनल दो, तीन, छह और सात अप्रैल को होंगे।

मोहन बागान एसजी ने लगातार दूसरे सत्र में लीग शील्ड जीतकर इतिहास रचा। वह ऐसा करने वाली प्रतियोगिता में पहली टीम बन गई। मोहन बागान एसजी के अलावा एफसी गोवा (दूसरा स्थान), बेंगलुरु एफसी (तीसरा), नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी (चौथा), जमशेदपुर एफसी (पांचवां) और मुंबई सिटी एफसी (छठा) सभी ने प्लेऑफ में अपना स्थान पक्का किया। मोहन बागान और एफसी गोवा ने पहले दो स्थान पर रहते हुए सीधे सेमीफाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल की अन्य दो टीमों का निर्धारण तीसरे से छठे स्थान पर रहने वाली टीमों के बीच नॉकआउट मैचों से होगा।

# स्पेशल ओलंपिक शीतकालीन खेलों में भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा



एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय खिलाड़ियों ने इटली के तूरिन में चल रहे स्पेशल ओलंपिक शीतकालीन खेलों में अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए 15 और पदक जीते। इस तरह से भारत की कुल पदक संख्या अब 24 हो गई है।

अल्पाइन स्कीइंग में दीपक ठाकुर और गिरिधर ने असाधारण कौशल का प्रदर्शन करते हुए क्रमशः इंटरमीडिएट सुपर जी एम04 और एम05 श्रेणियों में स्वर्ण पदक जीते, जबकि अभिषेक कुमार ने नोविस सुपर जी एम01 श्रेणी में रजत पदक हासिल किया। राधा देवी ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए इंटरमीडिएट सुपर जी एफ03 स्पर्धा में रजत पदक जीता। जियारा पोर्टर ने शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग के 111एम एफ1 और 222एम एफ2 में रजत पदक जीते, जबकि तंशु ने 777एम एमश्रेणी में कांस्य और 500एम एम3 श्रेणी में रजत पदक जीता। क्रॉस कंट्री स्कीइंग में आकृति ने 50 मीटर क्लासिकल तकनीक फाइनल एफ03 में कांस्य पदक हासिल किया।

भारत के स्नोशूइंग खिलाड़ियों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। वासु तिवारी ने 50 मीटर रेस एम03 स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि जहांगीर और तान्या ने क्रमशः 50 मीटर रेस एम04 और एफ02 श्रेणियों में रजत पदक जीते। शालिनी चौहान ने 50 मीटर रेस एफ03 श्रेणी में कांस्य पदक जीता। 200 मीटर दौड़ में अनिल कुमार ने एमपी 12 डिवीजन में स्वर्ण पदक जबकि हरलीन कौर ने एफ 12 डिवीजन में रजत पदक जीता।

### नीतीश सनराइजर्स की टीम में शामिल होने के लिए तैयार

बेंगलुरु। भारतीय ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी साइड स्ट्रेन की समस्या से उबरने के बाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की अपनी टीम सनराइजर्स हैदराबाद से जुड़ने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। नीतीश चोटिल होने के कारण जनवरी के बाद से कोई मैच नहीं खेल पाए हैं। नीतीश ने यहां भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में यो-यो टेस्ट सहित सभी फिटनेस टेस्ट सफलतापूर्वक पास कर लिए हैं और फिजियो ने उन्हें खेलने की मंजूरी दे दी है। आंध्र के इस 21 वर्षीय क्रिकेटर ने अपना आखिरी मैच भारत की तरफ से 22 जनवरी को ईडन गार्डन्स में इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय के रूप में खेला था, लेकिन उन्होंने उस मैच में बल्लेबाजी या गेंदबाजी नहीं की थी। नीतीश ने चेन्नई में दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच से पहले नेट्स पर अभ्यास किया था, लेकिन साइड स्ट्रेन के कारण वह उस मैच और पांच मैचों की श्रृंखला से बाहर हो गए थे। नीतीश को पिछले साल खिलाड़ियों की नीलामी से पहले हैदराबाद की टीम ने छह करोड़ रुपये में बरकरार रखा था। उन्होंने आईपीएल के पिछले सत्र में 13 मैचों में 143 की स्ट्राइक रेट से 303 रन बनाए थे। उन्होंने भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान भी प्रभावित किया और मेलबर्न में चौथे टेस्ट में 114 रन की साहसिक पारी भी खेली थी।

# पीएम मोदी ने असम में बहाल की शांति

## अमित शाह ने असम में नवीनीकृत पुलिस अकादमी के पहले चरण का उद्घाटन किया

एजेंसी

डेरगांव (असम)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस ने असम में शांति कायम नहीं होने दी लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे बहाल किया, बुनियादी ढांचे का विकास किया और पूर्वोत्तर राज्य के युवाओं के लिए रोजगार सुनिश्चित किया। शाह ने यहां नवीनीकृत लचित बरफुकन पुलिस अकादमी का उद्घाटन करने के बाद यह बात कही।




उन्होंने कहा पिछले 10 वर्षों के दौरान असम में 10,000 से अधिक युवा हथियार डालकर मुख्यधारा में शामिल हो गए हैं और राज्य में शांति लौट आई है। शाह ने कहा कि नरेन्द्र मोदी नीत सरकार असम में हाल ही में आयोजित व्यावसायिक सम्मेलन में प्रस्तावित पांच लाख करोड़ रुपये के निवेश के अलावा तीन लाख करोड़ रुपये की बुनियादी ढांचा परियोजनाएं लाएगी। गृह मंत्री ने कहा, असम में पुलिस पहले आतंकवादियों से लड़ने के लिए थी, लेकिन अब यह लोगों की मदद के लिए है और इसके कारण पिछले तीन वर्षों में दोषसिद्धि दर पांच प्रतिशत से बढ़कर 25 प्रतिशत हो गई है। यह जल्द ही राष्ट्रीय औसत को पार कर जाएगी। असम और मिजोरम के तीन दिवसीय दौरे पर आए शाह ने यह भी कहा कि लचित बरफुकन पुलिस अकादमी अगले पांच वर्ष में शीर्ष अकादमी बन जाएगी, जिसमें विभिन्न चरणों में कुल 1,050 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। अधिकारी ने बताया कि पहले चरण के तहत एक संग्रहालय और एक आधुनिक परेड ग्राउंड का भी निर्माण किया गया है। दूसरे चरण में 425.48 करोड़ रुपये की लागत से अकादमी में आवासीय बुनियादी ढांचे का विकास प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि इसमें 240 परिवारों के लिए आवासीय क्वार्टर, 312 अधिकारियों-कर्मियों और 2,640 प्रशिक्षुओं के लिए छात्रावास उपलब्ध कराए जाएंगे।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्वोत्तर के विकास के साथ-साथ क्षेत्र में अभूतपूर्व शांति सुनिश्चित की है। शाह ने यह बयान आइजोल में असम राइफल्स शिविर के स्थानांतरण के अवसर पर आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र मिजोरम के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और असम राइफल्स के शिविर को आइजोल से बाहर स्थानांतरित करना इसका प्रमाण है।

## कश्मीर घाटी में हिमपात, मैदानों में बारिश



एजेंसी

श्रीनगर। कश्मीर के कई इलाकों में शनिवार को हिमपात हुआ जबकि कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। अधिकारियों ने बताया कि अनंतनाग, कुलगाम, शोपियां और पुलवामा जिलों के मैदानी इलाकों में बर्फबारी हुई। इसके अलावा, गुलमर्ग, सोनमर्ग और पहलगाम जैसे पर्यटन स्थलों पर भी हिमपात दर्ज किया गया। उन्होंने कहा कि बांदीपोरा जिले के गुरेज, कुपवाड़ा के कुछ इलाकों और घाटी के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी बर्फबारी हुई। अधिकारियों ने बताया कि कश्मीर के अन्य हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार, अधिकांश स्थानों पर शनिवार को रुक-रुककर हल्की से मध्यम बारिश होगी जबकि ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी जारी रह सकती है। कई इलाकों में रविवार सुबह हल्की बारिश हो सकती है और दोपहर तक मौसम में सुधार होने की संभावना है। इसने कहा कि बर्फबारी और बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है जिससे घाटी में ठंड बढ़ गई है।

संक्षेप

### प्रधानमंत्री मोदी अगले माह जायेंगे श्री लंका

कोलंबा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पिछले वर्ष श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके की दिल्ली यात्रा के दौरान हुए समझौतों को अंतिम रूप देने के लिए अगले महीने की शुरुआत में श्रीलंका की यात्रा करेंगे। विदेश मंत्री विजिता हेराथ ने यहां संसद में बजट आवंटन को लेकर हुई चर्चा पर एक सवाल के जवाब में यह बयान दिया। हेराथ ने कहा, हमने अपने पड़ोसी देश भारत के साथ घनिष्ठ संबंध बनाए रखे हैं। हमारी पहली कूटनीतिक यात्रा भारत की थी, जहां हमने द्विपक्षीय सहयोग पर कई समझौते किए। उन्होंने कहा, भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अप्रैल की शुरुआत में यहां आएंगे। हेराथ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा के दौरान सामपुर सौर ऊर्जा स्टेशन के उद्घाटन के अलावा कई नए समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। सरकारी विद्युत इकाई सीलोन विद्युत बोर्ड और भारत की एनटीपीसी ने 2023 में पूर्वी त्रिंकोमाली जिले के सामपुर शहर में 135 मेगावाट का सौर ऊर्जा संयंत्र बनाने पर सहमति व्यक्त की थी। हेराथ ने कहा, हम अपनी विदेश नीति में किसी का पक्ष लिए बिना तटस्थ रहेंगे और राष्ट्रीय हित को बनाए रखने के लिए काम करेंगे। वर्ष 2015 के बाद से प्रधानमंत्री मोदी की श्रीलंका की यह चौथी यात्रा होगी।

## सामाजिक न्याय की लड़ाई में मार्गदर्शन करेगा कांशीराम का संघर्ष

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम की जयंती के अवसर पर शनिवार को कहा कि दलितों, वंचितों और शोषितों के अधिकारों के लिए उनका संघर्ष सामाजिक न्याय की लड़ाई में कांग्रेस का हर कदम पर मार्गदर्शन करता रहेगा।



राहुल गांधी कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा और कांग्रेस के कई अन्य नेताओं ने कांशीराम की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, महान समाज सुधारक, मान्यवर कांशीराम जी की जयंती पर उन्हें सादर नमन। दलितों, वंचितों और शोषितों के अधिकारों के लिए उनका संघर्ष, सामाजिक न्याय की इस लड़ाई में हमारा हर कदम पर मार्गदर्शन करता रहेगा। खरगे ने कहा कि कांशीराम ने समानता और सामाजिक न्याय के पुरोधा के रूप में अपनी अमिट छाप छोड़ी। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, समाज के दलित, वंचित, शोषित व पिछड़े वर्ग को भारतीय राजनीति की मुख्यधारा से जोड़ने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले, महान समाज सुधारक, मान्यवर कांशीराम जी की जयंती पर हम उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। प्रियंका गांधी ने कहा कि कांशीराम के विचार पीढ़ियों को प्रेरित करते रहेंगे। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, दलित, वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों के अधिकारों की प्रखर आवाज, सामाजिक न्याय के पुरोधा और बहुजन नायक मान्यवर कांशीराम जी की जयंती पर उन्हें सादर नमन।

## संयुक्त राष्ट्र के प्रमुख गुतारेस व बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार यूनुस के बीच चर्चा

एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के साथ देश के घरेलू मुद्दों और रोहिंग्या स्थिति पर चर्चा की तथा ढाका की सुधार और परिवर्तन प्रक्रिया के साथ एकजुटता व्यक्त की।

गुतारेस 13-16 मार्च तक रमदान एकजुटता यात्रा पर बांग्लादेश में हैं। गुतारेस रोहिंग्या शरणार्थियों और उन्हें शरण देने वाले बांग्लादेशी लोगों के साथ एकजुटता के मिशन पर कॉक्स बाजार गए थे। उन्होंने शांति स्थापना में योगदान समेत संयुक्त राष्ट्र और बांग्लादेश के बीच घनिष्ठ सहयोग की सराहना की। महासचिव के प्रवक्ता के कार्यालय द्वारा गुतारेस और यूनुस के बीच बैठक का विवरण शुक्रवार को उपलब्ध कराया गया। इसमें कहा गया है, महासचिव और मुख्य सलाहकार ने रोहिंग्या की स्थिति और बांग्लादेश के घरेलू मुद्दों पर चर्चा की। महासचिव ने बांग्लादेश की सुधार और परिवर्तन प्रक्रिया के प्रति अपनी एकजुटता व्यक्त की। महासचिव कॉक्स बाजार में दिन बिताने के बाद ढाका वापस आ गए हैं।










## रूस और यूक्रेन ने एक दूसरे पर किये भीषण हवाई हमले

एजेंसी

कीव। रूस और यूक्रेन ने शनिवार रात को एक दूसरे पर बड़े पैमाने पर हवाई हमले किये और दोनों पक्षों ने अपने-अपने क्षेत्रों में 100 से अधिक दुश्मन के ड्रोन देखे जाने की सूचना दी। यह हमला रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा अमेरिकी राजदूत स्टीव विटकॉफ से यूक्रेन के साथ युद्ध में 30 दिन के युद्ध विराम के अमेरिकी प्रस्ताव के विवरण पर चर्चा करने के 24 घंटे से भी कम समय बाद हुआ है। वोल्गोग्राद क्षेत्रीय गवर्नर आंद्रेई बोचारोव ने पुष्टि की है कि ड्रोन के गिरते मलबे के कारण शहर के क्रेस्नोअर्मेस्की जिले में लुकोइल तेल रिफाइनरी के पास आग लग गई। हालांकि उन्होंने विस्तृत जानकारी नहीं दीं। स्थानीय मीडिया के अनुसार, आस-पास के हवाई अड्डों पर उड़ानें अस्थायी रूप से रोक दी गईं। हालांकि, किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। करीब तीन साल पहले रूस द्वारा यूक्रेन पर पूर्ण पैमाने पर आक्रमण शुरू करने के बाद से, वोल्गोग्राद रिफाइनरी को कीव की सेनाओं द्वारा कई बार निशाना बनाया गया है, सबसे हाल ही में 15 फरवरी को इसपर ड्रोन से हमला किया गया था।

## इस्लामोफोबिया के खिलाफ छिड़ेगी मुहिम

### मुसलमानों के खिलाफ धार्मिक असहिष्णुता की निंदा करने में संरा के साथ है भारत

एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र। भारत ने कहा है कि वह मुसलमानों के खिलाफ धार्मिक असहिष्णुता की घटनाओं की निंदा करने में संयुक्त राष्ट्र के सदस्यों के साथ खड़ा है। साथ ही इस तथ्य को स्वीकार करने की आवश्यकता को रेखांकित किया कि धार्मिक भेदभाव एक व्यापक चुनौती है जो सभी धर्मों के अनुयायियों को प्रभावित कर रही है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी हरीश ने शुक्रवार को कहा भारत विविधता और बहुलता का देश है। हम दुनिया के लगभग हर बड़े धर्म के अनुयायियों का घर हैं और भारत चार विश्व धर्मों अर्थात हिंदू धर्म, बौद्ध धर्म, जैन धर्म और सिख धर्म का जन्मस्थान रहा है। 20 करोड़ से ज्यादा नागरिक इस्लाम का पालन करते हैं, इसलिए भारत दुनिया की सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी वाले देशों में से एक है। हरीश ने इस्लामोफोबिया (इस्लाम को लेकर अनावश्यक भय दिखाना) का मुकाबला करने के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस मनाने के लिए संयुक्त राष्ट्र महासभा में पूर्ण अधिवेशन की अनौपचारिक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि धार्मिक भेदभाव, घृणा और हिंसा से मुक्त विश्व का निर्माण करना अनादि काल से भारत की जीवन पद्धति रही है। भारतीय राजदूत ने कहा, हम मुसलमानों के खिलाफ धार्मिक असहिष्णुता की घटनाओं की निंदा करने में संयुक्त राष्ट्र के सदस्यों के साथ एकजुट हैं। हालांकि, यह पहचानना भी जरूरी है कि धार्मिक भेदभाव एक व्यापक चुनौती है जो सभी धर्मों के अनुयायियों को प्रभावित करती है। उन्होंने कहा, हमारा दृढ़ विश्वास है कि सार्थक प्रगति का मार्ग इस बात को स्वीकार करने में निहित है कि विभिन्न रूपों में धार्मिक भय हमारे विविध, वैश्विक समाज के ताने-बाने के लिए खतरा है।

इंटरटेनमेंट...

## चमक : द कन्क्लूजन 4 को सोनी पर होगी रिलीज

नयी दिल्ली। थ्रिलर सीरीज चमक का दूसरा और अंतिम भाग चार अप्रैल को सोनी लिव पर रिलीज होगा। इस सीरीज में ब्लैक वारंट से सुर्खियों में आए परमवीर चीमा मुख्य भूमिका में हैं। रोहित जुगराज द्वारा निर्मित और निर्देशित यह सीरीज काला (चीमा) नामक एक युवा महत्वाकांक्षी रैपर की कहानी है, जो कनाडा से पंजाब वापस आता है और तारा सिंह नामक एक महान गायक की हत्या का रहस्य उजागर करता है। तारा सिंह की एक कार्यक्रम के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। चीमा ने कहा कि शो के नए सीजन में उनका किरदार अपने पिता की मौत का बदला लेने के लिए पहले से कहीं ज्यादा दृढ़ संकल्पित दिखाई देगा। उन्होंने कहा, यह सीजन सिर्फ हिसाब बराबर करने के बारे में नहीं है, बल्कि संगीत और शक्ति के जरिए न्याय मांगने के बारे में है। असली सवाल यह है कि क्या काला को वह सब मिलेगा जो वह चाहता है, या बदला लेने की उसकी भूख उसे सबसे ज्यादा मायने रखने वाली चीज से वंचित कर देगी, जुगराज ने कहा, संगीत हमेशा से चमक की आत्मा रहा है और दूसरे सीज़न में यह काला के बदले की यात्रा की धड़कन बन जाता है। हर धड़कन, गीत और लय उसके दर्द, क्रोध और दृढ़ संकल्प को बढ़ाती हैं। इस सीरीज़ का निर्माण गीतांजलि मेहलवा चौहान, जुगराज और सुमीत दुबे ने किया है। चमक में मनोज पाहवा, गिप्पी गरेवाल भी एक विशेष भूमिका में हैं। इसमें मोहित मलिक, ईशा तलवार, मुकेश छाबड़ा, प्रिंस कंवलजीत सिंह, सुविंदर (विक्की) पाल और अकासा सिंह भी हैं।




## ऐश्वर्या राय बच्चन को मानती हूं अपना आदर्श : विप्रा मेहतो

मुंबई। लीवा मिस दिवा कॉस्मो-2024 प्रतियोगिता का खिताब जीतने वाली विप्रा मेहता ने अपनी इच्छा जाहिर करते हुए कहा कि अगर वह कभी बॉलीवुड में कदम रखेंगी तो पूर्व मिस वर्ल्ड ऐश्वर्या राय बच्चन के नक्शेकदम पर चलना चाहेंगी। राजस्थान के उदयपुर की निवासी मेहता ने पिछले सप्ताह लीवा मिस दिवा 2024 के फाइनल में यह खिताब जीता था और वह पहले से ही सात राजस्थानी फिल्मों और दो धारावाहिकों में काम कर चुकी हैं। मेहता ने कहा, ऐश्वर्या राय एक ऐसी शख्सियत हैं, जिन्हें मैं अपना आदर्श मानती हूं 1994 में मिस वर्ल्ड का खिताब जीतने के बाद जब उन्होंने बोलना शुरू किया तो उनके चेहरे पर शालीनता और संतुलन था। वह अपने अभिनय के दौरान सब कुछ अपनी आंखों से ही कह जाती हैं। वह बहुत खूबसूरत हैं अगर मैं (हिंदी) फिल्म जगत में कदम रखती हूं तो मैं उनकी तरह बनना चाहूंगी। पूर्व इंजीनियर मेहता ने कहा कि उन्होंने तीन वर्षों तक मिस इंडिया और दो वर्षों तक लीवा मिस दिवा प्रतियोगिता में भाग लेने का प्रयास किया।




## फिल्म 'मां' में नजर आयेंगी अभिनेत्री काजोल 27 जून को होगी रिलीज



नयी दिल्ली। बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल आगामी पौराणिक डरावनी फिल्म मां में नजर आएंगी। फिल्म निर्माताओं ने सोमवार को यह जानकारी दी। फिल्म लापाछपी, क्रिमिनल जस्टिस और छोरी के लिए मशहूर विशाल फुरिया इस फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। यह 27 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। साईविन क्वाद्रास ने फिल्म मां की कहानी लिखी है और काजोल के पति अजय देवगन और ज्योति देशपांडे फिल्म का निर्माण कर रहे हैं। वहीं, कुमार मंगत पाठक भी फिल्म के निर्माण में अहम भूमिका निभा रहे हैं। काजोल ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर फिल्म की घोषणा की। उन्होंने कहा नरक यहीं है, देवी भी यहीं है। आपके नजदीकी सिनेमाघरों में 27 जून 2025 को फिल्म रिलीज होगी। फिल्म मां अच्छाई और बुराई के बीच लड़ाई पर आधारित है।

## ईद पर आयेंगी सलमान की कई फिल्में



मुम्बई। इस ईद पर सलमान खान अपनी फिल्म 'सिकंदर' सिनेमाघरों में लेकर आ रहे हैं। यह एक एक्शन-थ्रिलर फिल्म होगी। इस फिल्म का निर्देशन एआर मुरुगादॉस ने किया है और साजिद नाडियाडवाला ने निर्माण किया है। वहीं इस ईद पर सलमान की कुछ रिलीज फिल्में हैं, जिन्हें उनके प्रशंसक ओटीटी प्लेटफॉर्म पर देखकर ईद के जश्न को और भी दोगुना कर सकते हैं। ये फिल्में सलमान खान के फैंस के लिए ईद का तोहफा हैं। फिल्म 'वांटेड' 2009 में ईद पर रिलीज हुई थी। वांटेड एक एक्शन ड्रामा फिल्म थी। इसमें सलमान खान ने एक पुलिस ऑफिसर राजवीर शेखावत का रोल निभाया था। फिल्म को प्रभुदेवा ने निर्देशित किया था। अब सलमान की फिल्म वांटेड जी5 और ओटीटी प्ले प्रीमियम पर देख सकते हैं। 2010 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म 'दबंग' को अब आप इस ईद पर ओटीटी पर देख सकेंगे। इस फिल्म से सलमान खान के साथ पहली बार किसी फिल्म में सोनाक्षी सिन्हा नजर आई थीं। यह सोनाक्षी की बॉलीवुड डेब्यू फिल्म थी। सलमान ने इसमें चुलबुल पांडे का किरदार निभाया था। इस पुलिस ड्रामा फिल्म को आप अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।




आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com